सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:28

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 30 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,445 |
| निफ्टी | 24,812 |
| सोना | 99,454 |
| चांदी | 1,09,412 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




कंगना बनीं विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड दूत

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 19 जून 2025 | 5 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 171, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### एयर इंडिया का बाली जा रहा विमान दिल्ली लौटा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयर इंडिया की दिल्ली से बाली जा रही एक फ्लाइट बीच रास्ते से ही दिल्ली वापस लौट आई है। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह फैसला बाली एयरपोर्ट के पास ज्वालामुखी विस्फोट की खबरों के कारण यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया। उन्होंने बताया कि फ्लाइट मंगलवार रात को बाली के लिए रवाना हुई थी और ज्वालामुखी विस्फोट की खबरों के बाद बीच रास्ते से दिल्ली वापस लौट आई। फ्लाइट ने बुधवार तड़के दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग की। एयरलाइंस की ओर से सभी यात्रियों के रुकने की व्यवस्था भी की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### रायपुर में इंडिगो की फ्लाइट में आई खराबी

**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ रायपुर एयरपोर्ट से एक विमान में खराबी की खबर सामने आई है। यहां दिल्ली से आई इंडिगो की एक फ्लाइट का आधे घंटे तक गेट नहीं खुला। ऐसे में लैंड के बाद भी विमान में सवार यात्री उतर नहीं सके। इस दौरान फ्लाइट में सवार यात्री परेशान नजर आए, जिस विमान में यह खराबी आई, उसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी मौजूद थे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के विधायक चातुंरी नद और मेयर मीनल चौबे भी इसमें सवार थे। मेयर मीनल चौबे ने कहा कि फ्लाइट लैंड होने के बाद विमान का गेट ओपन नहीं हो रहा था। ऐसे में कुछ देर तक परेशान रहे। (अनंत ज्ञान)

### नकली नोट मामले में नहीं मिलेगी जमानत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में नकली नोट छापने का रैकेट चलाने के मामले में आरोपी बुल्गारियाई युवक को जमानत देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसी कार्रवाइयों से अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचता है। बुल्गारियाई युवक रुस्लान पेत्रोव मेटोडीव को 21 जून 2023 को गिरफ्तार किया गया था। वह गुरुग्राम के पालम विहार में यूनिट लगाकर धड़ल्ले से नकली नोट छाप रहा था। साथ ही दिल्ली व गुरुग्राम में 70 लाख रुपए से ज्यादा के नकली नोट खपा चुका था। उसे आठ लाख के जाली नोटों के साथ पकड़ा गया था। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट में चढ़ावे की बर्बादी का जिम्मेदार कौन? पेज 2
- फायरमैनों को पुलिस कांस्टेबलों के समान मिलेगा वेतन -पेज 3
- चिड़गांव की पेखा पंचायत प्रधान पद से बर्खास्त की -पेज 6
- ड्राइविंग लाइसेंस में चिकित्सा प्रमाण पत्र के अब लगेंगे 150 रुपए -पेज 9
- प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए की जा रही पैसों की मांग -पेज 12


# हिमाचल के जख्मों पर केंद्र का मरहम

## 2023 में आई आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मंजूर किए 2006.40 करोड़

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने हिमाचल प्रदेश के लिए 2006.40 करोड़ की 'रिकवरी और पुनर्निर्माण योजना' को मंजूरी दे दी है। यह महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता राज्य को 2023 में आई विनाशकारी बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की आपदाओं के बाद हुए भारी नुकसान से उबरने और पुनर्निर्माण गतिविधियों को अंजाम देने में मदद करेगी।

इस समिति में वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष भी शामिल थे, जिन्होंने राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरफ) के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से राज्य को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव पर विचार किया। कुल 2006.40 करोड़ की इस योजना में से 1504.80 करोड़ राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत



**अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने 'रिकवरी और पुनर्निर्माण योजना' को दी मंजूरी**

रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से केंद्र का हिस्सा होगा।

हिमाचल के लिए यह मंजूरी एक बड़ी राहत है। इससे राज्य वर्ष 2023 में आई प्राकृतिक आपदाओं के निशान को मिटाने और भविष्य के लिए खुद को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बेहतर काम कर पाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले, गृह मंत्रालय ने 12 दिसंबर 2023 को ही इस आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश को राहत कार्यों के लिए एनडीआरफ से 633.73 करोड़ की अतिरिक्त वित्तीय सहायता को मंजूरी दी थी। यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार आपदा के समय हिमाचल प्रदेश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी के आपदा प्रतिरोधी भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय ने देश में आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं। भारत में आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूत करके आपदाओं के दौरान जान-माल के किसी भी बड़े नुकसान को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

### 28 राज्यों को कुल 20,264. 40 करोड़

**केंद्र** सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के तहत 28 राज्यों को 20,264.40 करोड़ और एनडीआरएफ के तहत 19 राज्यों को 5,160.76 करोड़ जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएमएफ) से 19 राज्यों को 4984.25 करोड़ और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) से 8 राज्यों को 719.72 करोड़ भी जारी किए हैं।

### नड्डा, अनुराग और जयराम ने जताया पीएम मोदी और गृह मंत्री का आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** 2023 की प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार से मिली 2006.40 करोड़ की रिकवरी और पुनर्निर्माण योजना के लिए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार की यह आर्थिक सहायता आपदा पीड़ितों के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी के आपदा प्रतिरोधी भारत के दृष्टिकोण के तहत, केंद्र सरकार राज्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और आपदा प्रबंधन को मजबूत कर रही है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदा देवभूमि हिमाचल को अपना दूसरा घर माना है और हर परिस्थिति में हिमाचल के हितों की चिंता की है। वहीं, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने भी केंद्र सरकार का आभार जताया है।

# ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई बोले-नहीं करेंगे सरेंडर

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक मैसेज में कहा कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर इसराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा।' खामेनेई का यह मैसेज ईरान के नेशनल टीवी पर प्रेजेंटर ने पढ़ा। खामेनेई ने कहा, 'जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि ईरान किसी की धमकियां नहीं सुनता। इसराइल ने बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी।' इससे पहले खामेनेई ने मंगलवार देर रात इसराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'अब जंग शुरू होती है। हम आतंकी इसराइल को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखाएंगे।' दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को खामेनेई से सरेंडर करने की मांग की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा, 'अनकंडीशनल सरेंडर' करे ईरान। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'ईरान के आसमान पर हमारा कब्जा है। हम जानते हैं कि सुप्रीम लीडर कहां छिपा है, लेकिन हम उसे मारेंगे नहीं।' (अनंत ज्ञान)



### नागरिकों को व्हाट्सऐप डिलीट करने के आदेश

**ईरान** ने अपने नागरिकों को अपने स्मार्टफोन से व्हाट्सऐप हटाने का आदेश भी दिया है। सरकार का आरोप है कि मैसेजिंग ऐप के जरिए ईरानी लोगों की जानकारी इसराइल भेजी जा रही है। हालांकि, व्हाट्सऐप ने एक बयान में इन दावों को खारिज कर दिया और कहा कि व्हाट्सऐप एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल करता है। जिसका मतलब है कि सर्विस प्रोवाइडर यूजर्स के मैसेज नहीं पढ़ सकता है।

# भारत ने न मध्यस्थता स्वीकारी, न स्वीकारेगा : मोदी

## ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने अमेरीकी राष्ट्रपति ट्रंप से 35 मिनट की बात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की, जो लगभग 35 मिनट तक चली। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस बात की जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े किसी भी विषय में व्यापार से संबंधित कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान के कहने पर ही भारत ने सीजफायर किया था। भारत कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करता। भारत ने न तो पहले मध्यस्थता स्वीकार की थी और न ही भविष्य में स्वीकार करेगा। पीएम मोदी ने यह भी जोर देकर कहा कि अब भारत आतंकवाद की घटनाओं को प्रॉक्सी वॉर (परदे के पीछे की लड़ाई) नहीं, बल्कि सीधे युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेगा।





भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी की तरफ से विस्तार में बताई गई बातों को समझा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन जताया। (अनंत ज्ञान)

### भारत और कनाडा में महत्वपूर्ण संबंध

**एजेंसी, अल्बर्टा।** कनाडा के अल्बर्टा राज्य में जी7 समिट में पीएम मोदी ने भी भाग लिया। मोदी ने कहा, 'भारत और कनाडा के संबंध काफी महत्वपूर्ण हैं। मैं भारत को जी7 में आमंत्रित करने के लिए कनाडाई प्रधानमंत्री का बहुत आभारी हूं। मैं भाग्यशाली भी हूं कि मुझे 2015 के बाद एक बार फिर कनाडा आने और कनाडा के लोगों से जुड़ने का अवसर मिला है।'

## नेशनल हाईवे के टोल पर घटेगी भीड़, पेमेंट करना भी होगा आसान

# अब 3000 रुपए में एक साल के लिए फास्टैग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि अब फास्टैग के लिए सालाना पास का ऑप्शन भी मिलेगा। इसकी कीमत 3000 रुपए होगी। 15 अगस्त से यह पास मिलने लगेगा। अभी केवल मंथली पास और जरूरत के हिसाब से रिचार्ज की सुविधा मिलती है।

केंद्र सरकार का दावा है कि इससे देशभर के नेशनल हाईवे के टोल पर भीड़ कम होगी और पेमेंट करना भी आसान हो जाएगा। यह पास नॉन कॉमर्शियल प्राइवेट व्हीकल्स जैसे कार, जीप, वैन के लिए है और एक साल तक या 200 ट्रिप्स तक चलेगा। (अनंत ज्ञान)





**200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी निजी गाड़ियां**

### क्या है फास्टैग?

**फास्टैग** एक इलेक्ट्रॉनिक स्टिकर है। इसमें रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन चिप लगी होती है। इसे गाड़ी के विंडस्क्रीन पर चिपकाया जाता है। यह वाहन चालक के बैंक खाते या फास्टैग वॉलेट से अटैच्ड होता है। फास्टैग की मदद से टोल प्लाजा पर बिना रुके टोल शुल्क का भुगतान किया जाता है। इससे समय और ईंधन (फ्यूल) की बचत होती है।

# बांद्रा टर्मिनस और केरल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के ऊना तक विस्तार पर ब्रेक

## अंब अंदौरा से हरियाणा के रायपुर जंक्शन तक चलेगी ईएमयू

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश से फिलहाल मुंबई और केरल के लिए सीधी रेल सेवा शुरू नहीं हो पाएगी। रेलवे ने चंडीगढ़ तक मुंबई और केरल से सीधी आने वाली दोनों ट्रेनों को भेजे जाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक रेलवे अधिकारियों ने कहा है कि स्टर्मिनल सुविधाओं के अभाव के कारण ऊना से मुंबई और केरल के लिए सीधी ट्रेन की संभावना या विस्तार संभव नहीं है। इसके साथ ही ऊना रेलवे स्टेशन तक बांद्रा टर्मिनस और केरल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को विस्तार करने की उम्मीद पर ब्रेक लग गया है। वर्तमान में यहां दो प्लेटफॉर्म और एक गाड़ी के रुकने के लिए स्थान भी बन चुका है। हालांकि हिमाचल के लोगों को ब्रॉडगेज पर एक सुविधा में जरूर इजाफा हुआ है। अब हिमाचल का अंब अंदौरा ब्रॉडगेज रेल लिंक हरियाणा के रायपुर जंक्शन से जुड़ गया है। रेलवे ने इसी सप्ताह से अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन से हरियाणा के सबसे बड़े रेलवे जंक्शन रायपुर, हरियाणा के बीच रेल सेवा शुरू कर दी है। बीते रविवार को पहले दिन विधिवत तौर पर अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन से ईएमयू रेलगाड़ी रायपुर जंक्शन के लिए रवाना हुई थी। रोजाना दोपहर 3 बजे यह गाड़ी यहां से चलेगी और अब यह हरियाणा के अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, नरवाणा, जाखल, कुकलाना व भरवाला से रायपुर, हरियाणा जंक्शन पर पहुंचेगी। रात्रि करीब सवा 1 बजे यह अपने आखिरी स्टेशन रायपुर जंक्शन पर पहुंचेगी। यह रेलगाड़ी इस जंक्शन से मध्य रात्रि 2 बजकर 25 मिनट पर चलेगी और दोपहर 12 बजे अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। इस जंक्शन से अनेक रेलगाड़ियां देश के विभिन्न हिस्सों के लिए चलती हैं।



अंब अंदौरा रायपुर जंक्शन शुरू होने से हिमाचल के लोगों को रायपुर, हरियाणा के जंक्शन से देशभर को चलने वाली गाड़ियों का लाभ मिल पाएगा।

### अब भारत में होगा फाल्कन 2000 बिजनेस जेट का निर्माण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर लिमिटेड ने भारत में फाल्कन 2000 बिजनेस जेट बनाने के लिए फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ डील साइन की है। यह पहली बार होगा जब डसॉल्ट अपने फाल्कन जेट्स फ्रांस के बाहर बनाएगा। पैरिस एयरशो में इस डील का ऐलान किया गया है। रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की सब्सिडियरी कंपनी है। डसॉल्ट रिलायंस एरोस्पेस लिमिटेड 2017 में रिलायंस और डसॉल्ट के जॉइंट वेंचर में शुरू हुआ था। इस नई पार्टनरशिप में डीआरएएल को फाल्कन 2000 की प्रमुख प्रोडक्शन प्रोसेस ट्रांसफर की जाएगी। जेट का प्रोडक्शन महाराष्ट्र के नागपुर में रिलायंस के डसॉल्ट रिलायंस एरोस्पेस लिमिटेड प्लांट में होगा। यह वही फैसिलिटी है, जो 2019 से फाल्कन के कुछ पार्ट्स बना रही है। (अनंत ज्ञान)



**अनिल अंबानी ने फ्रेंच कंपनी के साथ साइन की डील**

# देश को मिला एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अर्णाला

## विशाखापट्टनम के नेवी डॉकयार्ड में किया गया कमीशन

**एजेंसी, विशाखापट्टनम**

देश के पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अर्णाला का बुधवार को कमीशन हुआ। इसे विशाखापट्टनम के नेवी डॉकयार्ड में कमीशन किया गया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के तौर पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान मौजूद रहे। महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक अर्णाला किले के नाम पर इसे यह नाम दिया गया है। यह जहाज हिंद महासागर में नौसेना की दमदार मौजूदगी के लिए डिजाइन किया गया है, जो उथले पानी में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाकर, ट्रैक और डिएक्टिवेट करेगा। आईएनएस अर्णाला को 8 मई को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। कमीशनिंग सेरेमनी 16 ASW-SWC कैटेगरी के जहाजों में से पहले जहाज को भारतीय नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल करने का प्रतीक रही। (अनंत ज्ञान)




**ABHILASHI GROUP OF INSTITUTIONS**

NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)

Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC,
Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE

**ADMISSION OPEN 2025-26**

T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.
B.TECH (CE/EE/CSE) DIPLOMA (CE/EE)

T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE
ITI in ELECTRICIAN
SANITARY HEALTH INSPECTOR
SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL)
FITTER

ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY
B. PHARMACY

ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES
M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY

ABHILASHI COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING
GNM

ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION
D.EL.Ed
B.Ed
Accredited by NAAC with B++ Grade

SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply

CONTACT FOR ADMISSION:
9816005139, 9816102238, 9129500063
9418484847, 9816242139

Website: www.abhilashi-edu.in, www.tramiet.in
Email: abhilashigroup@gmail.com


**चिंताजनक**

## सीएम सुखविंद्र सूक्खू ने जांचा बागा सराहन स्कूल के बच्चों का सामान्य ज्ञान

# दसवीं कक्षा के विद्यार्थी नहीं बता पाए राष्ट्रपति का नाम

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** निरमंड उपमंडल के तहत बागा सराहन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने दौरे के दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बागा सराहन का औचक दौरा किया। मुख्यमंत्री ने पाठशाला के विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनसे सामान्य ज्ञान और उनके करियर बारे बातचीत करके बच्चों की रुचि को जाना।

उन्होंने प्रार्थना सभा में खड़े सीनियर व जूनियर विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे। सीएम के पूछे सवालों के जहां प्राइमरी के बच्चों ने बिना किसी संकोच के जवाब दिए, वहीं बड़े बच्चे जवाब देने में हिचकिचाते नजर आए। सीएम ने सीनियर बच्चों से देश के राष्ट्रपति का नाम पूछा, लेकिन वे सही जवाब नहीं दे पाए। वहीं, प्राइमरी के बच्चों ने सीएम के सभी सवालों का फटाक से जवाब देकर सबको चौंका दिया। सीनियर बच्चों का सामान्य ज्ञान कमजोर होने पर सीएम ने स्कूल के प्रिंसिपल और अन्य शिक्षकों की जहां खूब क्लास लगाई, वहीं, प्राइमरी के हेडमास्टर व बच्चों की खूब सराहना की।

उन्होंने प्रिंसिपल को कहा कि क्या आपका दायित्व नहीं बनता बच्चों को सामान्य ज्ञान देने का। उन्होंने कहा कि 10वीं के बच्चों को यह नहीं पता कि देश की राजधानी क्या है, देश के राष्ट्रपति का क्या नाम है, जबकि प्राइमरी के बच्चों को पता है। उन्होंने अध्यापकों से छात्रों को किताबी ज्ञान के अलावा व्यवहारिक और सामान्य ज्ञान प्रदान करने के लिए कहा। वहीं, छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्यों को निर्धारित करके कड़ी मेहनत और लगन के साथ जीवन में आगे बढ़ें और अपना सपनों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएं तथा इसके लिए मानवीय मूल्यों और आदर्शों को अपनाएं।

इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह बागा सराहन में ग्रामीणों से मिले और उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के निदान के लिए उचित दिशा-निर्देश दिए।



सीएम सुखविंद्र सिंह सूक्खू बागा सराहन स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों से बातचीत करते हुए।

- **सीनियर की जगह जूनियर बच्चों ने फटाक से दिए सभी सवालों के जवाब**
- **सीएम ने लगाई प्रिंसिपल व अन्य शिक्षकों की क्लास**
- **प्राइमरी के हेडमास्टर और बच्चों को दी शाबाशी**

### बच्चों को व्यवहारिक व सामान्य ज्ञान भी दें

**मुख्यमंत्री** ने स्कूल प्रशासन से कहा कि छात्रों को नियमित रूप से सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाओं और व्यवहारिक शिक्षा से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने हर रोज बच्चों की सामान्य ज्ञान की क्लास लेने का सुझाव भी दिया।

### आधुनिक स्कूल भवन बनाने की कही बात

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने विद्यालय प्रशासन से प्री- नर्सरी से 8वीं कक्षा तक के पुराने भवन के स्थान पर आधुनिक विद्यालय भवन बनाने की बात भी कही। साथ ही अध्यापकों से स्कूल की समस्याओं पर फीडबैक भी लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### जमलीधाम गोशाला में स्वदेशी मेला 28 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ठाकुरद्वारा गोशाला जमलीधाम की मासिक बैठक प्रधान रसील सिंह मनकोटिया की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी स्वदेशी मेला 28 जून को आयोजित किया जाएगा। इस मेले में स्थानीय महिलों द्वारा स्वदेशी गीत संगीत, कुर्सी रेस, बोरी रेस, मटका फोड़ो प्रतियोगिता, महिला मंडलों के उत्पाद आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 25 महिला मंडलों को आमंत्रित किया गया है। इस दिन सभी स्थानीय गांववासी अपनी नई फसल को ओरूए के रूप में कुल देवी को चढ़ाते हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया कि कमेटी में कुछ महत्वपूर्ण पद कई दिनों से खाली चल रहे है, अतः सर्वसम्मति से कमेटी के प्रधान को नई कमेटी का पुनर्गठन करने हेतु अधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

### नशे की लत लगने के कई कारण : डॉ. हितेश



**आरके चौधरी, अनंत ज्ञान, रंगस।** नशे की लत लगने के कई कारण हो सकते हैं। मानसिक तनाव, पारिवारिक कलह, बेरोजगारी, बुरी संगत और समाज का बढ़ता दबाव नशे के प्रमुख कारण हैं। युवा वर्ग अक्सर आकर्षण और मनोरंजन के लिए नशे की ओर बढ़ता है। इसके अलावा, समस्याओं से बचने या अस्थायी खुशी पाने के लिए लोग नशे का सहारा लेते हैं। यह बात डॉ. हितेश ने राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल दंगड़ी में विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान संबोधित करते हुए कही। शिविर के दौरान हेल्थ सुपरवाइजर अनीता कुमारी व सीएचओ नेहा ने भी अपने विचार रखे। डॉ. हितेश ने कहा कि नशा परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। परिवारों में कलह, आर्थिक समस्याएं और रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती है। समाज में अपराध, बेरोजगारी और असंतोष की स्थिति उत्पन्न होती है। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्टूडेंटस ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### लुद्दर महादेव मेले में लगा विशाल भंडारा



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के पावन तीर्थस्थल लुद्दर महादेव में मंगलवार को भक्ति, श्रद्धा और समर्पण का अनुपम संगम देखने को मिला। यहां आयोजित रुद्रेश्वर महादेव मेले के अंतर्गत 27वां विशाल भंडारा धूमधाम और धार्मिक श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। भंडारे का शुभारंभ आज से 27 वर्ष पहले पंडित मस्त राम शर्मा और पंडित मनोहर शर्मा शास्त्री द्वारा किया गया था। इस वर्ष 27वां विशाल भंडारा भी पंडित मनोहर शर्मा शास्त्री की अध्यक्षता में पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ और ततपश्चात् श्रद्धालुओं को लंगर का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में मदन लाल, कृष्ण लाल व ब्यास देव ने प्रबंधक समिति के रूप में व्यवस्था संभाली। मां पार्वती की तपोस्थली और स्वयंभू शिवलिंग की उपस्थिति के कारण यह आस्था का केंद्र है। मुख्यातिथि चेयरमैन राजीव राणा ने भगवान शिव से भोरंज की सुख-शांति की कामना भी की। इस दौरान मुख्य आयोजक अनमोल शर्मा, सीपी शर्मा, नेहा शर्मा, सहयोगी आयोजक नरेश, पंकज व अंकित भी युकां उपाध्यक्ष रजत राणा, उपाध्यक्ष भोरंज जगदेव चंद, संजीव ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# विधायक आशीष ने लगाया रोजगार मेला 72 सिलेक्ट, ट्रेनिंग के बाद होगी तैनाती

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**



इंटरनेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की हेड पूजा से विधायक आशीष बातचीत करते हुए।

**हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा की ओर से बुधवार को वासी पैलेस बड़ू में एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में सोलर पैनल इंस्टालर के हेल्पर, सुपरवाइजर और टीम लीडर पदों हेतु युवाओं के साक्षात्कार लिए गए। मेले में कुल 367 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया, जिनमें से 72 अभ्यर्थी इन पदों के लिए योग्य पाए गए व आगामी प्रक्रिया के लिए चयनित हुए हैं। अब इन चयनित अभ्यर्थियों की 45 दिन की ट्रेनिंग उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में इंटरनेशन स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में होगी।

इसके बाद प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की नियुक्ति देश और देश के बाहर विभिन्न कंपनियों के माध्यम से होगी। गौरतलब है कि नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) युवाओं को देश विदेश में नौकरी देगा। कार्पोरेशन उन्हें सऊदी अरब, दुबई, अबू धाबी सहित देश के अंदर विभिन्न जगहों में हेल्पर, सुपरवाइजर और टीम लीडर के पदों पर नौकरी देगा।

इंटरव्यू में चयनित अभ्यर्थियों को तकनीकी तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इसका बकायदा उन्हें सर्टिफिकेट भी मिलेगा। इंटरनेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के माध्यम से उन्हें दक्ष किया जाएगा। जो अभ्यर्थी विदेश के लिए चयनित होंगे, उन्हें विदेश में रहने की सुविधा, एयर टिकट, मेडिकल सुविधा, खाने की सुविधा निशुल्क रहेगी, जबकि प्रशिक्षण के समय फीस पांच हजार रुपए और रहने-खाने का खर्च अभ्यर्थियों को स्वयं वहन करना पड़ेगा।

विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों की 45 दिन की ट्रेनिंग होगी। इसके बाद सोलर पैनल इंस्टालर के हेल्पर, सुपरवाइजर और टीम लीडर के पदों पर इन चयनित व दक्ष अभ्यर्थियों की तैनाती देश और देश के बाहर होगी। जो अभ्यर्थी इन पदों पर नौकरी करना चाहता है, वह ट्रेनिंग के लिए जा सकता है। उसके बाद उसका चयन इन पदों पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के जो अभ्यर्थी प्रशिक्षण की फीस देने में असमर्थ होंगे, वह उन अभ्यार्थियों की प्रशिक्षण फीस देने की घोषणा भी करते हैं।

इंटरनेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की हेड पूजा शर्मा ने कहा कि इस रोजगार मेले में 72 अभ्यर्थियों का चयन आगामी ट्रेनिंग के लिए किया गया है, जिन्हें उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों की इच्छा अनुसार देश-विदेश में नौकरी दी जाएगी।

## दूसरा स्थान हासिल करने पर नादौन की रुकसाना का सम्मान




दीक्षांत समारोह में नादौन की रुकसाना को सम्मानित करते हुए विवेक पाठक।

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन के जलाड़ी क्षेत्र के पट्टे गांव की रुकसाना पोसवाल पत्नी अकरम मोहम्मद ने हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में एमएससी बायोइंफॉरमैटिक्स में शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे क्षेत्र में खुशी का महौल है। उसने विश्वविद्यालय में एमएससी बायोइंफॉरमैटिक्स में दूसरा स्थान प्राप्त करके क्षेत्र व अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

▶ विवि में एमएससी बायोइंफॉरमैटिक्स में हासिल की उपलब्धि

विश्वविद्यालय परिसर धर्मशाला में आयोजित दीक्षांत समारोह में रुकसाना पोस्वाल को महामहीम राष्ट्रपति की ओर से ऑल यूनिवर्सिटी हेड विवेक पाठक द्वारा सम्मानित किया गया।

रुकसाना पोस्वाल ने बताया कि शादी के बाद मेरे ससुर मुस्ताक मोहम्मद व सास सीमा वेगम ने उन्हें पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जिसके चलते उन्होंने और भी ज्यादा मेहनत की है।

## आपदा में राज्यों की पूर्ण सहायता करती है केंद्र सरकार : अर्चना

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** महिला मोर्चा पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार हर आपदा की घड़ी में राज्यों के साथ खड़ी रहती है। इस कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2023 में हुई प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं के बाद पुनर्निर्माण हेतु 2006.40 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की है। जिसके लिए उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है।



# बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट में चढ़ावे की बर्बादी का जिम्मेदार कौन?

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** उत्तरी भारत के सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर में व्यवस्था की घोर लापरवाही के कारण करोड़ों रुपए का दुरुपयोग होता आया है। जिम्मेदारी जबावदेही के अभाव में व्यवस्था की मनमर्जी की चलते करोड़ों रुपए श्रद्धालुओं की सुविधा के नाम पर खर्च किए जाते हैं, लेकिन श्रद्धालुओं को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाता है।

12 करोड़ की लागत से बीजेपी कार्याकाल में बने लंगर भवन का कोई प्रयोग नहीं हो रहा है, जबकि स्वर्णिम यात्री निवास नंबर 1 जिस पर ट्रस्ट के आधिकारिक आंकड़ें बताते हैं कि 9 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं,

▶ श्रद्धालुओं को सुविधाओं का नहीं मिलता है कोई लाभ : महंत राजेंद्र गिरि



लेकिन यह भवन भी बिना किसी प्रयोग के खड़ा-खड़ा बर्बाद हो रहा है। वर्ष 2021 में इस भवन का निर्माण शुरू किया गया था जिसका लगभग 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है, लेकिन यह भवन भी किसी प्रयोग में नहीं लाया जा रहा है।

व्यवस्था के हाकिमों की हेकड़ी व मनमर्जी के चलते श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बने इस लंगर भवन में ट्रस्ट के कार्यालयों को स्थापित करने का बेतुका फैसला किया गया। इसके लिए मंदिर ट्रस्ट की आधिकारिक सूचना के मुताबिक यहां स्टाफ को बैठने के लिए वर्ष 2022 में 50 लाख रुपए के केबिन बनाए गए, लेकिन करीब 3 वर्ष पहले बने इन केबिनों का कोई प्रयोग नहीं किया जा रहा है, न ही 12 करोड़ से बना यह भवन श्रद्धालुओं को कोई सुविधा दे पा रहा है।

वर्ष 2005 में एक ऐसे ही फैसले में 5 करोड़ की लागत से सराए नंबर 9 का निर्माण किया गया। यह सराए सिर्फ बीपीआई की सुविधा के अलावा आम श्रद्धालु को कोई सुविधा नहीं दे पा रही है। अब आलम यह है कि मात्र 20 साल में देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुकी यह सराए श्रद्धालुओं के चढ़ावे के धन की बर्बादी साबित हो कर रह गई है।

> श्रद्धालुओं के नाम पर चढ़ावे के धन से बने मूलभूत ढांचों की सुविधा श्रद्धालुओं को न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह है कि वह इस मामले में सीधा दखल देकर लापरवाह व्यवस्था की जिम्मेदारी व जवाबदेही सुनिश्चित करें, अन्यथा व्यवस्था अपनी मनमानी से चढ़ावे के धन की बर्बादी करती आ रही है और करती रहेगी।
>
> **महंत श्री श्री श्री-1008 राजेंद्र गिरि महाराज**
> **बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट, दियोटसिद्ध।**

वर्ष 2000 के करीब 2 करोड़ की लागत से ट्रस्ट द्वारा पर्यटन निगम से खरीदे गए होटल का भवन जर्जर अवस्था में गिरने के कगार पर है और अब ट्रस्ट ने किराये से अमीर होने का फैसला लेकर उसे किराये पर दे दिया है। जहां कारोबारी नियमों के चलते श्रद्धालुओं को बद से बदतर हालत में रात काटने की सुविधा दी जा रही है। इसी कड़ी में गांव चकमोह में वर्ष 2000 में बना महंत कृपाल गिरी अतिथिगृह देखभाल के अभाव में जर्जर अवस्था में है।

यह भवन भी श्रद्धालुओं को कोई सुविधा नहीं दे पाया है। इस तरह लगभग 25 करोड़ रुपए की राशि होम कर दी गई है, जिसका श्रद्धालुओं को कोई लाभ नहीं मिला है।

## झूठ की राजनीति नहीं करता : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



बाड़बंदी की जांच करते सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह।

सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह ने कहा कि चुनाव के समय जो वादा किया था, उसे निभाया जा रहा है। मझोग सुल्तानी पंचायत के गांव रोपा और सुजानपुर की डोली में बाड़बंदी का कार्य शुरू हो गया है। विधायक ने कहा कि जहां-जहां फसल की सुरक्षा के लिए बाढ़बंदी जरूरी होगी, वहां काम किया जाएगा।

उन्होंने भाजपा के आरोपों पर जवाब देते हुए कहा कि झूठ की राजनीति पूर्व विधायक और उनके समर्थक करते हैं। उन्होंने अब तक लोगों को सिर्फ प्रलोभन दिए, जमीन पर कोई काम नहीं किया। पूर्व विधायक ने डोली और रोपा के लोगों से चार चुनावों में बाढ़बंदी के नाम पर वोट मांगे, लेकिन काम नहीं करवाया।

विधायक ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि विधायक बनने के बाद जहां जरूरत होगी, वहां बाड़बंदी करवाई जाएगी। अब दो जगहों पर काम शुरू हो चुका है। आने वाले दिनों में कुछ और पंचायतों में भी काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि वह राजनीति सेवा के लिए कर रहे हैं, झूठ की राजनीति नहीं करते। उनका हर काम सच्चाई के आधार पर होता है।

## पार्टी विचारधारा से जुड़े जमीनी कार्यकर्ताओं से संवाद करेगी 'आप'

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आम आदमी पार्टी विधानसभा हमीरपुर प्रवक्ता खुशविंदर सिंह ने कहा कि 'आप' प्रदेश इकाई ने आगामी जुलाई के पहले सप्ताह से प्रदेशभर में जिला संवाद सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की है। इन सम्मेलनों में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी रितुराज गोविंद झा, सह प्रभारी विजय फुलारा, प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर समेत प्रदेश टीम पूरे प्रदेश का दौरा करेगी, जिसका मुख्य उद्देश्य जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना और बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत करना है।

## डॉ. पुष्पेंद्र ने 5 तपेदिक रोगियों को लिया गोद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



जिला स्वास्थ्य अधिकारी व जिला टीबी अफसर डॉ. सुनील वर्मा ने डॉ. वर्मा का किया स्वागत।

कांग्रेस नेता और विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहे डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने बुधवार को एक स्वास्थ्य प्रोग्राम के तहत टीबी के पांच मरीजों को उनके इलाज के दौरान प्रोटीन युक्त न्यूट्रीशन देने के लिए गोद लिया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी व जिला टीबी अफसर डॉ. सुनील वर्मा ने और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा का स्वागत किया।

इस अवसर पर डॉक्टर वर्मा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से देश की और प्रदेश की सरकारें हमारे समाज को टीबी मुक्त बनाने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम चला रही हैं और टीबी को जड़ से खत्म करना न केवल सरकारों का बल्कि हम सब का सामाजिक दायित्व है, क्योंकि टीबी अब वह बीमारी है जिसका इलाज सौ फीसदी उपलब्ध है, इसलिए सबको आगे आकर टीबी की बीमारी को जानने के लिए खुद व खुद अपने टेस्ट जिसमें छाती का एक्सरे, बलगम की जांच और दूसरी नई तकनीकों के सहयोग से समय-समय पर अपना निशुल्क जांच सुनिश्चित करनी चाहिए। डॉ. वर्मा ने कहा कि मैंने तपेदिक के मरीजों को प्रोटीन युक्त न्यूट्रिशस किट देने के लिए गोद लिया है क्योंकि इस बीमारी में प्रोटीन युक्त खाना बीमारी के इलाज को और तीव्र गति देता है।

▶ बोले-टीबी को जड़ से मिटाना सबकी सामाजिक जिम्मेदारी

उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया कि आप भी अपनी समर्थता के अनुसार एक, दो, पांच या दस, जितने भी टीबी के मरीज हैं, उनको प्रोटीन युक्त खाने के लिए किट देने के लिए गोद ले सकते हैं। हम सबको इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर अमरोह पंचायत के कप्तान विक्रम, राजेश कुमार, संजय कुमार, सुरेंद्र डोगरा, राकेश व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## बागवानों की उपज के विपणन की व्यवस्था करेगी एपीएमसी : अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



एपीएमसी अध्यक्ष ने प्रगतिशील बागवान देसराज शर्मा के बागीचे का किया दौरा।

कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के किसानों, बागवानों और पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कई ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय लिए हैं तथा कई कल्याणकारी योजनाएं आरंभ की हैं। मुख्यमंत्री के इन निर्णयों एवं योजनाओं का सीधा लाभ किसानों, बागवानों और पशुपालकों को मिल रहा है।

बुधवार को हमीरपुर के निकटवर्ती गांव कुठेड़ा के प्रगतिशील बागवान देसराज शर्मा के बागीचे का दौरा करने के बाद अजय शर्मा ने कहा कि जिले में पारंपरिक फसलों के साथ-साथ बागवानी की फसलों के विपणन के लिए भी एपीएमसी विशेष प्रयास करेगी, ताकि जिले के किसान-बागवान फलों एवं अन्य नकदी फसलों से भी अच्छी आय अर्जित कर सकें।

अजय ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बागवानी को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने एचपीशिवा परियोजना आरंभ की है। यह परियोजना प्रदेश के निचले क्षेत्रों में एक नई क्रांति की शुरुआत कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं, मक्की और हल्दी की फसलों के लिए तथा दूध के लिए अलग से उच्च मूल्य निर्धारित करके किसानों, बागवानों और पशुपालकों के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। इस अवसर पर अजय शर्मा ने एपीएमसी की सचिव अरुणा शर्मा के साथ प्रगतिशील बागवान देसराज शर्मा के बागीचे में विभिन्न फलों के पौधों का जायजा लिया। शिक्षा विभाग से उपनिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए देसराज शर्मा ने अपने बागीचे में सेब, आम, कीवी, अंगूर, लीची, जापानी फल, केला, मौसम्बी, बादाम, करौंदा और कई अन्य पौधे लगाए हैं।

▶ प्रदेश के निचले इलाकों में बागवानी की क्रांति ला रही है एचपी शिवा परियोजना

अजय शर्मा ने कहा कि हमीरपुर जैसे उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में भी सेब की उच्च स्तरीय फसल तैयार करके देसराज शर्मा ने एक मिसाल कायम की है। उनके बागीचे में सेब की अन्ना और गोल्डन किस्मों के 40 पौधों पर उच्च गुणवत्ता एवं बड़े आकार के सेब लगे हैं, जिनकी गुणवत्ता शिमला और कुल्लू के सेब से कम नहीं है। एपीएमसी अध्यक्ष ने कहा कि देसराज शर्मा के प्रयास प्रदेश के अन्य निचले इलाकों के किसानों-बागवानों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। देसराज शर्मा को बधाई देते हुए अजय शर्मा ने कहा कि जिले के प्रगतिशील किसानों-बागवानों की फसलों के विपणन के लिए एपीएमसी हरसंभव मदद प्रदान करेगी।

## धनेटा स्कूल की छात्राओं ने लगाई पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी




**संजय कुमार, अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय धनेटा में चल रहे भारतीय भाषा समर कैंप के अंतर्गत तीसरे दिन विद्यालय के प्रांगण में एक विशेष गतिविधि के तहत छात्राओं ने भारत के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। इसका उद्देश्य भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को समझना और उसे व्यावहारिक रूप में अनुभव करना था। कार्यक्रम में कल्पना सदन, सारोजिनी सदन एवं लक्ष्मी सदन की छात्राओं ने भाग लिया और उन्होंने हिमाचल, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत सहित विभिन्न राज्यों के व्यंजन प्रदर्शित किए। इसमें कल्पना सदन प्रथम, लक्ष्मी सदन द्वितीय रहा। प्रदर्शनी में छात्राओं ने न केवल स्वादिष्ट पकवान तैयार किए, बल्कि उनके नाम, संबंधित राज्य की भाषा तथा उस व्यंजन की विशेषता भी दर्शकों को बताई। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका शशि बाला, शिक्षिका सुनीता कौशल, राधा शर्मा, इंदु शर्मा, अजय कुमार एवं रवि कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी अध्यापकों ने छात्राओं के कार्य की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## 6 वर्ष से जमीन की तकसीम के लिए भटक रहा पूर्व सैनिक

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** एक तरफ जहां सुक्खू सरकार द्वारा राजस्व सुधारों को लेकर रजिस्ट्री इंतकाल, तकसीम, बंदोबस्त तक के लिए डेडलाइन तय गई है। वहीं, मुख्यमंत्री के गृह जिला का एक 62 वर्षीय पूर्व सैनिक अपनी जमीन की तकसीम के लिए पिछले छह वर्षों से पटवारी और तहसील कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर है। प्रार्थी के मुताबिक पटवारी आता है, लोगों के बन्ने गाड़ चला जाता है और उनकी तकसीम नहीं हो रही।

बताते चलें कि हमीरपुर तहसील के 62 वर्षीय पूर्व सैनिक कर्म चंद पुत्र त्रिलोक चंद गांव और पटवार सर्किल सराहकड़ ने वर्ष 2019 में तहसील कार्यालय हमीरपुर में कर्म चंद बनाम प्रीतम चंद के नाम से तकसीम की एप्लीकेशन दी थी। कर्म चंद ने बताया कि उस वक्त पटवारी अवनीश कुमार था। करीब चार माह पूर्व नया पटवारी संतोष कुमार पटवार सर्किल में ज्वाइन कर गया, उन्हें भी 2019 में दायर तकसीम की एप्लीकेशन की एक्नॉलेजमेंट की कॉपी बताई गई लेकिन अभी तक तकसीम का काम शुरू नहीं हुआ।

कर्म चंद ने एसडीसी हमीरपुर को इस बारे प्रार्थना पत्र सौंप उन्हें रिलीफ दिलाने तथा संबंधित पटवारी को जमीन की तकसीम करवाने की गुहार लगाई हैं। उधर, तहसीलदार सभाष मल्होत्रा ने बताया कि मुझे इस मामले का आज ही पता चला है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं प्रार्थी से व्यक्तिगत मिल फाइल देखेंगे और संबंधित राजस्व कर्मचारी से जबावतलबी की जाएगी।

**समीक्षा बैठक** 15वें वित्त आयोग और योजना विभाग के लंबित कार्य भी जल्द पूरे किए जाएं : अभिषेक

# मनरेगा में शामिल करें कृषि और इससे संबंधित कार्य : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



बैठक लेते हुए एडीसी अभिषेक गर्ग, साथ हैं अन्य।

एडीसी अभिषेक गर्ग ने जिले के सभी बीडीओज को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा के कार्यों में कम से कम 65 प्रतिशत कार्य कृषि एवं इससे संबंधित गतिविधियों के होने चाहिए। बुधवार को यहां डीआरडीए के हॉल में ग्रामीण विकास, पंचायतीराज और योजना विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी ने कहा कि इस वित्त वर्ष के पहले दो महीनों के दौरान जिले में मनरेगा के माध्यम से लगभग 7.26 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसमें मटीरियल के खर्च की एंट्री पूरी होने के बाद यह व्यय राशि दोगुणा से भी अधिक हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में मनरेगा से करवाए गए 98.73 प्रतिशत कार्यों की जियो-टैगिंग भी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा देने के लिए 75 अमृत सरोवरों का निर्माण करने का लक्ष्य तय किया गया है। इनमें से 34 अमृत सरोवरों के लिए स्थान चिह्नित करके इन्हें पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

शेष अमृत सरोवरों की प्रक्रिया भी अतिशीघ्र पूरी होनी चाहिए। मनरेगा कनवर्जेंस से 49 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य आरंभ करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित करें। गर्ग ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2041 मकानों के निर्माण का लक्ष्य तय किया गया था। इनमें से 1910 को मंजूरी दी जा चुकी है तथा 359 का निर्माण भी कर दिया गया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लंबित मकानों के निर्माण कार्यों को भी तुरंत पूरा करवाने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए एडीसी ने कहा कि जिले के सभी छह ब्लॉकों में एक-एक प्लास्टिक कचरा प्रबंधन संयंत्र लगाया गया है, जिनके लिए 96 लाख रुपए जारी किए गए हैं।

ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों को बैंकों की ऋण योजनाओं से जोड़ा जाना चाहिए। खाद्य प्रसंस्करण कार्यों के लिए जिले के विभिन्न समूहों को पीएमएफएमई योजना के तहत लगभग 5.42 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जा चुका है। जिले में नई हिमईरा शॉप खोलने को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई।

### डीआरडीए की पीओ ने की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत

एडीसी ने 15वें वित्त आयोग और योजना विभाग के माध्यम से मंजूर किए गए विकास कार्यों को भी अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले की 248 पंचायतों को 15वें वित्त आयोग के तहत 75.49 करोड़ रुपए जारी किए गए थे, जिनमें से लगभग 50 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। 19 पंचायत घरों एवं सामुदायिक केंद्रों के लिए 3.72 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। बैठक में ई-परिवार, पशुओं के सर्वे, कॉमन सर्विस सेंटरों के निर्माण, पंचायतों के ऑडिट और कई अन्य कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा भी की गई। डीआरडीए की पीओ अस्मिता ठाकुर ने योजनाओं और कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

## युवती ने दुकानदार को लगाई 10 हजार की चपत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** गांधी चौक पर स्थित एक रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवती द्वारा 10,000 की चपत लगाने का मामला सामने आया। व्यापारी अंजना ने बताया कि युवती ने कपड़े खरीदे, लेकिन भुगतान किए बिना ही चली गई। काफी देर इंतजार के बाद भी जब युवती पैसे देने के लिए दुकान पर नहीं लौटी, तो व्यापारी ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। व्यापारी ने आरोप लगाया कि युवती जानबूझकर धोखाधड़ी कर गई है। अब वह सीसीटीवी वीडियो को सबूत बनाकर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाएंगी।

इस घटना से बाजार के अन्य दुकानदारों में भी चिंता का माहौल है। सोशल मीडिया पर भी अब वीडियो वायरल हो रहा है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। इस मामले की जांच के बाद ही सच्चाई पता चल सकेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### देवठी मझगांव में प्रवासी मजदूर ने लगाया फंदा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ उपमंडल के देवठी मझगांव में बीती रात एक आत्महत्या का मामला पेश आया है। पुलिस के अनुसार 29 वर्षीय प्रवासी मजदूर ने फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर दी। मृतक की पहचान विकास शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा निवासी रामनगर बंकट, जिला बेतिया बिहार के रूप में हुई है। विकास बीते कुछ महीनों से अपने दो अन्य साथियों के साथ देवठी मझगांव के रामानंद नामक व्यक्ति के निर्माणाधीन मकान में कारपेंटर का काम कर रहा था। साथियों के अनुसार विकास ने दिन में उनके साथ भोजन किया और बारिश के कारण सभी सो गए। जब शाम हुई तो विकास वहां मौजूद नहीं था। दोनो साथियों और मकान मालिक के बेटे ने विकास की तलाश शुरू कर दी। सायं करीब साढ़े 8 बजे विकास का शव बाथरूम में लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी शिलाबाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल राजगढ़ में पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 194 मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### नाबालिगा से छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की सजा

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (पोक्सो कोर्ट) रामपुर ने आज एक अहम फैसले में नाबालिग लड़की से छेड़खानी के दोषी 60 वर्षीय सतीश कुमार को 3 साल एक महीने कैद और 5000 जुर्माने की सजा सुनाई है। यह घटना 11 सितंबर, 2023 को हुई थी। आरोपी सतीश कुमार ने शराब के नशे में स्कूल से लौट रही एक नाबालिग लड़की का रास्ता रोका और उसे गाली दी। जब लड़की बस स्टैंड पहुंची, तो उसने वहां भी लड़की के साथ अश्लील हरकतें कीं। इस घटना को एक अन्य महिला ने भी देखा। पीड़िता ने घर जाकर अपनी मां को सारी बात बताई, जिसके बाद कुमारसैन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया।

### राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को प्रताड़ित कर रही प्रदेश सरकार: बिंदल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** भाजपा जिला सिरमौर द्वारा जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की। इस सभा में सांसद एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कश्यप, विधायक एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, विधायिका रीना कश्यप, जिलाध्यक्ष धीरज गुप्ता, पूर्व विधायक बलदेव तोमर, पूर्व प्रत्याशी नारायण सिंह, जिला परिषद, नगर परिषद व भाजपा के जिला सिरमौर के सभी नेताओं ने इस सभा में भाग लिया। पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने व इलाका वासियों ने रामलीला मैदान में हुई इस सभा में शिरकत की। सभा में डॉ. बिंदल ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को साम, दाम, दंड, भेद के माध्यम से प्रताड़ित करने का काम चला रखा है। उन्होनें कहा कि 4 जून, 2025 को 18 वर्षीय हिंदू कन्या लापता होती है, पुलिस रिपोर्ट होती है और कांग्रेस की सरकार हाथ पर हाथ धर कर बैठी रहती है, न तो सरकार का कोई नुमाइंदा, न ही कांग्रेस का कोई पदाधिकारी, न ही कोई मंत्री और विधायक प्रशासन के साथ लड़की को बरामद करने हेतु बैठक करते हैं और न ही लड़की और लड़के वालों से संपर्क संवाद करते हैं। इन्हीं की बेरुखी से गांव के लोग मजबूरन सड़कों पर उतरते हैं और जब वे सड़कों पर अपनी बेटी के लिए आवाज उठाते हैं तो उनके खिलाफ 20 से अधिक सख्त धाराओं में मुकद्दमे दर्ज किए जाते हैं, जिनमें हत्या के प्रयास का मामला शामिल है।



# सेब पर जलवायु परिवर्तन की मार, नई किस्मों से होगा बेड़ा पार

**सेब** राज्य हिमाचल पर जलवायु परिवर्तन का जबरदस्त प्रहार हो रहा है। बदलती परिस्थितियों में पहाड़ी राज्य के सेब उत्पादकों को अब नए विकल्प तलाशने होंगे। पुरानी किस्में इतनी कारगर नहीं रही, यही वजह है कि सेब पैदावार निरंतर घटती जा रही है। ऊपर से कीटों की मार भी सेब पर पड़ रही है। ऐसे में दोहरी चुनौतियों से निपटने के क्या प्रभावी उपाय हैं, इन्हीं विषयों को लेकर '**अनंत ज्ञान**' ने सेब विशेषज्ञ डॉ. एसपी भारद्वाज से विशेष बातचीत की। उन्होंने सेब की राह में आ रही चुनौतियों से निपटने के तरीके और समाधान सुझाए। पेश हैं ब्यूरो चीफ **सत्यदेव भारद्वाज** के साथ हुई विशेष बातचीत के मुख्यांश:–

*सवाल: हिमाचल प्रदेश को अक्सर भारत का सेब राज्य कहा जाता है, लेकिन आजकल सेब उत्पादक कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इन चुनौतियों के बारे में आप क्या कहेंगे?*

**जवाब:** बिलकुल, हिमाचल प्रदेश में सेब की खेती कई मुश्किलों से जूझ रही है। सबसे बड़ी चुनौती जलवायु परिवर्तन है। 1990 के दशक से बर्फबारी में काफी कमी आई है, जो सेब के लिए बहुत जरूरी है। सेब को सर्दियों में 7 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान में 800 से 1200 घंटे की ठंडक चाहिए होती है। इस बदलाव ने हमारी पुरानी किस्मों, जैसे रेड डिलीशियस को काफी प्रभावित किया है, क्योंकि इन्हें ज्यादा ठंडक की जरूरत होती है।

*सवाल: तो, क्या इसका मतलब है कि पुरानी किस्में अब उतनी फायदेमंद नहीं रहीं?*

**जवाब:** हां, हमारी पारंपरिक रॉयल डिलीशियस किस्म, जो कभी बहुत लोकप्रिय थी, अब उतनी अच्छी पैदावार नहीं दे रही है और बाजार में भी इसकी उतनी कीमत नहीं मिल रही। आजकल नई किस्में आ गई हैं जिनका रंग, स्वाद बेहतर है और जिन्हें कम ठंडक की जरूरत होती है। भारतीय बाजार में लाल रंग के सेब ज्यादा पसंद किए जाते हैं, इसलिए ऐसी किस्में लोकप्रिय हो रही हैं।

*सवाल: आजकल जैविक खेती की तरफ भी रुझान बढ़ रहा है। इस बारे में आपकी क्या राय है?*

**जवाब:** जैविक खेती की तरफ बढ़ता रुझान फायदेमंद है। मेरा मानना है कि मिट्टी में कार्बनिक, कार्बन बढ़ाने के लिए अच्छी तरह से सड़ी हुई खाद का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे मिट्टी की पानी सोखने की क्षमता बढ़ती है और पौधे तापमान के उतार-चढ़ाव को बेहतर ढंग से सहन कर पाते हैं।

*सवाल: बाग प्रबंधन के लिए आप क्या सलाह देना चाहेंगे?*

**जवाब:** बाग प्रबंधन के लिए कुछ जरूरी बातें हैं, जिनमें अच्छी सिंचाई वाले क्षेत्रों में उच्च-घनत्व रोपण को अपनाएँ। अवांछित वृद्धि को हटाने और फल की गुणवत्ता सुधारने के लिए ग्रीष्मकालीन छंटाई करें। अपने बाग का नियमित रूप से निरीक्षण करें, ताकि समस्याओं का तुरंत पता चल सके। समय से पहले फल तोड़ने से बचें, क्योंकि इससे फल की गुणवत्ता, भविष्य की पैदावार और बाजार मूल्य प्रभावित होता है।



#### जरूरत के हिसाब से करें स्प्रे

**सेब** विशेषज्ञ डॉ. एसपी भारद्वाज ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से कीट और रोग भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में उनका प्रबंधन करना सरल नहीं होता। जलवायु परिवर्तन से रेड माइट्स जैसे कीटों की संख्या में बढ़ौतरी हो रही है। मेरी सलाह है कि तुरंत बड़े पैमाने पर रासायनिक छिड़काव न करें। पहले कीटों की आबादी की निगरानी करें और जब जरूरत हो, तभी स्प्रे करें। हमेशा केवल अनुमोदित कीटनाशकों का ही उपयोग करें। मानसून से पहले पत्ते गिरने से रोकने के लिए समय पर निवारक स्प्रे करना बहुत जरूरी है।

सेब विशेषज्ञ डॉ. एसपी भारद्वाज से अनंत ज्ञान की **विशेष बातचीत**

#### 4-5 साल में मिट्टी परीक्षण जरूरी

**उर्वरकों** और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग भी सेब की पैदावार के लिए उचित नहीं होता। कीटनाशकों और उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग एक बड़ी चिंता है। मैं सलाह देता हूं कि फॉस्फोरस का उपयोग कम करें, क्योंकि अधिकांश सेब के बागों में यह पहले से ही पर्याप्त मात्रा में होता है। हर 4-5 साल में मिट्टी परीक्षण जरूर करवाएं, ताकि पोषक तत्वों की कमी का पता चल सके। पत्तियों को जलाने के बजाय उन्हें बाग में ही सड़ने दें, इससे मिट्टी समृद्ध होती है।

*किसी भी समस्या के लिए विशेषज्ञों से सलाह लें। आप समस्याओं की तस्वीरें भी भेज सकते हैं, जिससे त्वरित समाधान मिल सकता है। मिट्टी और पत्ती के परीक्षण के लिए प्रमाणित प्रयोगशालाओं का उपयोग करें। विश्वविद्यालय और सरकारी सुविधाओं सहित कई जगहों से नमूने की जांच करवाकर परिणामों की तुलना करें। पत्ती के नमूने सालाना लेने चाहिए। खुद से या फिर देखा-देखी में ऐसा कुछ भी न करें, जिससे आपकी उत्पादन क्षमता प्रभावित हो और पौधे गंभीर रोग की चपेट में आ जाए।*

# हिमाचल के फायरमैनों को अब पुलिस कांस्टेबलों के समान मिलेगा वेतन

## 13 साल पुराना वेतन विवाद खत्म, हाईकोर्ट ने दिया समानता का अधिकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एक दशक से भी अधिक समय से चले आ रहे वेतन असमानता विवाद पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने अब पूर्णविराम लगा दिया है। एक ऐतिहासिक फैसले में न्यायालय ने राज्य सरकार को फायरमैनों को पुलिस कांस्टेबलों के समान संशोधित वेतनमान देने का आदेश दिया है, जिससे उन्हें उनका उचित हक मिल गया है।

न्यायमूर्ति संदीप शर्मा की खंडपीठ ने फायरमैन जोगी राम भारद्वाज द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया। भारद्वाज ने सितंबर 2012 की उस अधिसूचना को चुनौती दी थी, जिसके तहत कांस्टेबलों को वेतन संशोधन का लाभ मिला था, लेकिन फायरमैनों को इससे वंचित रखा गया था।

राज्य सरकार ने फायरमैनों को संशोधित वेतन देने से इनकार करने को कार्यकारी विशेषाधिकार बताया था, लेकिन न्यायालय ने इसे पूरी तरह से अनुचित करार दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब योग्यता, कर्तव्य और विभाग के भीतर से आधिकारिक अनुशंसा समान हो, तो फायरमैनों को बाहर करने का कोई ठोस औचित्य नहीं है।




यह भेदभावपूर्ण व्यवहार संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) और 16 (सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर) का सीधा उल्लंघन था।

याचिकाकर्ता जोगी राम भारद्वाज ने बताया कि 10+2 की न्यूनतम योग्यता साझा करने के बावजूद, फायरमैनों को 3,200 के ग्रेड पे के साथ 10,300-34,800 के संशोधित वेतनमान से बाहर रखा गया था। इसके बजाय, उन्हें 1,900 ग्रेड पे के साथ 5,910-20,200 का पुराना वेतनमान ही मिल रहा था।

न्यायालय ने अग्निशमन सेवा निदेशक की 2022 की सिफारिश का भी हवाला दिया। इस रिपोर्ट में न केवल योग्यता की समानता की पुष्टि की गई, बल्कि यह भी बताया गया कि फायरमैनों को कांस्टेबलों की तुलना में अधिक कठोर प्रशिक्षण (होम गार्ड में 60 दिन और फायर सेफ्टी कोर्स में 60 दिन) से गुजरना पड़ता है। न्यायालय ने जोर दिया कि 2012 का वेतन संशोधन बढ़ती महंगाई और जीवन लागत की भरपाई के लिए था और ये कारक फायरमैनों को भी समान रूप से प्रभावित करते हैं।

#### तीन सप्ताह में करना होगा आदेश का पालन

**उच्च** न्यायालय ने प्रमुख सचिव (गृह) को तीन सप्ताह के भीतर 2022 की सिफारिश पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सरकार को पात्र अग्निशमन कर्मियों पर पूर्वव्यापी प्रभाव से संशोधित वेतनमान लागू करने और 2012 की मूल कार्यान्वयन तिथि से बकाया राशि जारी करने का भी आदेश दिया गया है।

#### 1200 से अधिक फायरमैनों को मिलेगा फायदा

**जोगी** राम भारद्वाज बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य शीर्षक वाले इस फैसले से राज्य में कार्यरत 1200 से अधिक फायरमैनों को लाभ मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय अन्य सार्वजनिक सुरक्षा विभागों में समान वेतन की मांग के लिए एक महत्वपूर्ण मिसाल भी बन सकता है।

# बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट को किराये का लालच पड़ा भारी

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बाबा की नगरी में कैंटीन नंबर एक में भी गोलमाल की कहानी शुरू हो गई है। विश्वविख्यात प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट को किराये का लालच भारी पड़ गया। करोड़ों के चढ़ावे के बाबजूद ट्रस्ट ने किराये के लालच में कंटीन नंबर-1 को 4.50 लाख के किराये पर दे दिया था।

भारी भरकम किराया होने के चलते किरायेदार ने किराये का भुगतान नहीं किया और ट्रस्ट ने इसके खिलाफ नोटिस जारी कर दिया, लेकिन ट्रस्ट की हवाइयां तो तब उड़ीं जब उन्हें पता चला कि किरायेदार कैंटीन को छोड़ रातों-रात भाग गया।

हालांकि, अभी कंटीन में पड़े ट्रस्ट के सामान के बारे कोई पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन इस घटना के बाद ट्रस्ट के अधिकारियों का कोई जबाब देते नहीं बन रहा है। यही नहीं ट्रस्ट ने इससे पहले भी एक अन्य कंटीन को किराये पर दिया था, लेकिन भारी भरकम किराया होने के चलते उसका का भुगतान भी किरायेदार नहीं कर पर रहा है और ट्रस्ट की इस व्यवस्था से अलग होना चाह रहा है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि ट्रस्ट का सारी व्यवस्था को आउटसोर्स व किराये पर देने का फैसला अब ट्रस्ट के ही गले की फांस बन कर रह गया है।

हालांकि, इससे पूर्व धार्मिक नगरी में संचालित ट्रस्ट की कैंटीनों को ट्रस्ट ही चलाता था, इन कैंटीनो की व्यवस्था का जिम्मा ट्रस्ट के पास रहता था और अस्थायी कर्मचारियों के हाथों इनका संचालन होता था, लेकिन ट्रस्ट ने अपनी जिम्मेदारियों व जबाबदेही से बचने के लिए सारी व्यवस्थाओं को आउटसोर्स और किराये पर देने बचकाना फैसला लिया और अब ट्रस्ट का वही फैसला औधे मुंह गिरने लगा हैं।

अब सवाल यह है कि करोड़ों के वेतन-भत्तों के बाबजूद ट्रस्ट अपने कर्तव्य से विमुख होकर सुविधा की हर जिम्मेदारी से मुक्त होने की मंशा से ऐसे बचकाने फैसले ले रहा है। जिससे ट्रस्ट के करोड़ों रुपए के मुलभूत ढांचे बर्बाद हो रहे हैं। ट्रस्ट के अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना इस फैसले ने न केवल धार्मिक स्थल की आस्था को प्रभावित किया है, बल्कि प्रदेश सरकार की छबि को भी धूमिल करने का प्रयास हुआ है।

**5.30 लाख रुपए की देनदारी छोड़ भागा किरायेदार**




कैंटीन के किरायेदार ने किराया अदा नहीं किया हैं, जिसके चलते उसे नोटिस जारी किया गया था, लेकिन किरायेदार कैंटीन को छोड़कर ही भाग गया है। 2 लाख के करीब धरोहर राशि ट्रस्ट के पास है फिर भी लगभग 5.30 लाख के करीब देनदारी ट्रस्ट की बनती है।
**-संदीप चंदेल, टेंपल ऑफिसर ट्रस्ट बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध।**

# देश विरोधी ताकतों को उसी की भाषा में दिया जा रहा जवाब: इंदु

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर जोगिंद्रनगर में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि बदलते भारत में अब देश विरोधी ताकतों को उसी की भाषा में जवाब देने का मादा भारत के पास है।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की डिफेंस पॉलिसी, भ्रष्टाचार और आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति भारत को वैश्विक गुरु की ओर ले जा रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगांव में हुए जघन्य कृत्य का करारा जवाब देकर भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंकवाद हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार की नीतियों से देश का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि जन धन योजना, स्वच्छता मिशन, नारी सशक्तिकरण आदि स्कीमों से केंद्र सरकार ने आमजन के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है।

बैठक में स्थानीय विधायक प्रकाश राणा, पूर्व भाजपा प्रत्याशी ब्रिगेडियर खुशाल चंद, भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद, मंडल के तीनों अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष अजय सकलानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सूद, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजना शर्मा, भाजपा नेत्री मेघना ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष ममता कपूर, उपाध्यक्ष अजय धरवाल, रीमा राणा सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# सीएम का ठियोग दौरा फीका जनता निराश: अजय श्याम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुक्खू का ठियोग दौरा निराशाजनक रहा। भाजपा प्रत्याशी अजय श्याम ने आरोप लगाया कि सीएम ने केवल पिछली भाजपा सरकार की परियोजनाओं के तहत ठियोग बस अड्डा और शिलारू फल मंडी का उद्घाटन किया, कोई नई घोषणा या शिलान्यास नहीं हुआ। श्याम ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अस्पताल उन्नयन जैसी मांगों को भी गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री ने खुद भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए 1000 करोड़ के भवनों का जिक्र किया, जो कांग्रेस सरकार की अक्षमता दर्शाता है। अजय श्याम ने जनसभा में लोगों की कम उपस्थिति को सरकार के प्रति जनता के मोहभंग का संकेत बताया। उन्होंने केंद्र द्वारा हिमाचल को 2006 करोड़ की आपदा राहत राशि देने के बावजूद मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र को कोसने की भी आलोचना की।

# सैनिकों के कल्याण को समर्पित सरकार: शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य में अतिरिक्त सीएसडी कैंटीन (कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट) और एक्सटेंशन काउंटर स्थापित करने का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष उठाएगी। यह घोषणा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने सैनिक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान की। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कठिन भौगोलिक स्थिति और कम जनसंख्या घनत्व को देखते हुए इन अतिरिक्त सुविधाओं की सख्त आवश्यकता है, ताकि सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को रोजमर्रा की वस्तुओं की उपलब्धता में सुविधा हो सके।



उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य की आबादी का लगभग 14.5 प्रतिशत हिस्सा सैन्य पृष्ठभूमि से आता है, और सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। मंत्री ने अधिकारियों को सैनिक कल्याण विभाग में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने और निर्माणाधीन सैनिक सदन, प्रशिक्षण अकादमियों, शहीद स्मारकों (नूरपुर और फतेहपुर में) सहित अन्य सैनिक कल्याण से जुड़े संस्थानों के कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने हमीरपुर में निर्माणाधीन वॉर मेमोरियल, मेजर सोमनाथ शर्मा की प्रतिमा और सैनिक विश्राम गृहों के रख-रखाव के लिए भी धन उपलब्ध कराने की बात कही। मंत्री ने घोषणा की कि शीघ्र ही राज्य सैनिक बोर्ड तथा पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण कोष प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ऊना, हमीरपुर, मंडी और बिलासपुर जैसे गैर-सैन्य स्टेशनों में वेटरन सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

# पुलिस भर्ती प्रक्रिया में हुई है धांधली पेपर लीक की प्रबल संभावना: जयराम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चल रही पुलिस भर्ती में धांधली के आरोप सामने आ रहे हैं। पैसे लेकर पास करवाने वाला गैंग सक्रिय है और वह अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूलने के मामले सामने आए हैं। ऐसे युवक पकड़े गए हैं, जो पुलिस अभ्यर्थियों से लाखों रुपए लेकर उन्हें पास कराने की गारंटी दे रहे हैं। जिससे यह साफ है कि पुलिस भर्ती प्रक्रिया में सेंधमारी हुई है और पेपर लीक की प्रबल संभावना है।



इस मामले में सरकार की तरफ से भी शिथिलता बरती जा रही है। इस मामले की गंभीरता से निष्पक्ष जांच हो और पेपर लीक होने पर परीक्षा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए और फिर से पेपर करवाए जाएं। इस मामले के सभी दोषी आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि जब से सुक्खू सरकार सत्ता में आई है, तब से भ्रष्टाचार के नए-नए करतब सामने आ रहे हैं। एनटीटी की भर्ती करने वाली सारी आउटसोर्स एजेंसियां कांग्रेस के विधायकों नेताओं और उनके करीबियों की हैं और इसमें जमकर धांधली सामने आ रही है। हमने इस मामले में पहले ही कह दिया था, लेकिन सरकार सुधरने का नाम नहीं ले रही है। भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड वर्तमान की सुक्खू सरकार तोड़ चुकी है। भ्रष्टाचार के लिए सरकार द्वारा अलग अलग लोग निर्धारित किए गए हैं।

# राज्यपाल ने की प्रदेश को टीबी मुक्त राज्य बनाने के प्रयासों की सराहना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में बुधवार को राजभवन में क्षय रोग उन्मूलन (टीबी मुक्त भारत अभियान) की गतिविधियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश द्वारा किए गए कार्यों का विस्तार से मूल्यांकन किया गया। साथ ही, भारत सरकार द्वारा देशभर में संचालित टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति एवं राज्य की भूमिका पर भी चर्चा की गई।



राजभवन में क्षय रोग उन्मूलन अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर नियमित निगरानी, सामुदायिक सहभागिता और जन जागरूकता को बढ़ावा देने पर बल दिया।

बैठक में राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त राज्य बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए और अधिक प्रभावी रणनीतियों एवं जनभागीदारी पर बल दिया। उन्होंने जिलों में संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने इस संबंध में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि रिपोर्ट के माध्यम से केंद्र से और अधिक सहायता प्राप्त की जा सके।

इस अवसर पर, सचिव स्वास्थ्य सेवाएं एम सुधा देवी ने राज्यपाल को हिमाचल प्रदेश में क्षय रोग उन्मूलन को लेकर कार्यान्वित की जा रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उप मिशन निदेशक एवं राज्य क्षय अधिकारी डॉ. गोपाल बेरी ने प्रस्तुति देकर प्रदेश की वस्तुस्थिति से अवगत करवाया। राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक प्रदीप कुमार ठाकुर, तथा राज्य आईईसी अधिकारी एआर शर्मा भी बैठक में उपस्थित थे।

**विडंबना** 2023 के बाद से स्थायी कबड्डी कोच नहीं, अस्थायी व्यवस्था से चल रहा प्रशिक्षण कार्य

# खेल छात्रावास बिलासपुर में कबड्डी खेल संकट में

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** कभी प्रदेश का स्पोर्ट्स हब कहे जाने वाले बिलासपुर के खेल छात्रावास में इन दिनों कबड्डी खेल अस्तित्व के संकट से गुजर रहा है। साल 2023 के बाद से यहां पर कोई स्थायी कबड्डी कोच नहीं है, जिससे खिलाड़ियों की नियमित ट्रेनिंग बाधित हो रही है। मजबूरी में खेल विभाग ने एक अस्थायी कोच की तैनाती की है, जो केवल कुछ समय के लिए ही खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे पाता है। इससे खिलाड़ियों की तकनीकी व शारीरिक तैयारी अधूरी रह जाती है।

गौरतलब है कि बिलासपुर के इसी छात्रावास से महिला भारतीय कबड्डी टीम की खिलाड़ी प्रियंका नेगी और टीम की कप्तान रितू नेगी ने कबड्डी की बारीकियां सीखी थीं। इन दोनों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य और देश का नाम रोशन किया है, लेकिन मौजूदा हालात देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि अब ऐसा इतिहास दोहराना मुश्किल हो गया है।

वर्तमान में छात्रावास में 30 कबड्डी खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनमें 15 पुरुष और 15 महिलाएं हैं, लेकिन दुखद तथ्य यह है कि साल 2020 के बाद से कोई भी खिलाड़ी कोई मेडल नहीं जीत पाया है। इतना ही नहीं, इस दौरान कोई भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपनी जगह नहीं बना सका है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन में गिरावट की सबसे बड़ी वजह प्रशिक्षित और स्थायी कोच की अनुपस्थिति है। स्थानीय खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के अभिभावकों में इस बात को लेकर रोष है कि बार-बार विभाग को पत्राचार करने के बावजूद कोई स्थायी कोच नियुक्त नहीं किया गया।

#### अब शिफ्ट हो सकता है पूरा सेटअप




सूत्रों के अनुसार, खेल विभाग अब बिलासपुर से कबड्डी खेल और खिलाड़ियों को रामपुर के दतनगर में शिफ्ट करने की योजना बना रहा है। इसका कारण बिलासपुर में सुविधाओं और संसाधनों की कमी है। यदि यह कदम उठा लिया गया तो बिलासपुर खेल छात्रावास में गिनती की एक-दो ही खेल गतिविधियां बचेंगी( अगर यह शिफ्टिंग होती है तो न सिर्फ खिलाड़ियों को मानसिक व शारीरिक तौर पर नया संघर्ष झेलना पड़ेगा, बल्कि बिलासपुर की खेल संस्कृति को भी गहरा आघात लगेगा।

कुछ खिलाड़ियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि वह यहां रहकर दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन कोच की कमी और प्रतियोगिताओं में भागीदारी का अभाव उनके उत्साह को कम करता जा रहा है। वहीं, अस्थायी कोच भी मानते हैं कि बिना स्थायी ट्रेनिंग सेटअप के किसी भी खिलाड़ी का करियर लंबा नहीं चल सकता। बिलासपुर जैसे खेलकूद्र के अस्तित्व को बचाने के लिए तत्काल प्रभाव से एक स्थायी कबड्डी कोच की नियुक्ति जरूरी है। अगर अभी भी गंभीर कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में बिलासपुर का नाम खेल मानचित्र से धूमिल हो सकता है।



**बिलासपुर** हॉस्टल से कबड्डी या किसी अन्य खेल को शिफ्ट करने को लेकर अभी तक मेरे पास प्रस्ताव नहीं आया है, लेकिन मामला देखा जाएगा। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए हिमाचल सरकार कार्य कर रही हैं।
**-यादवेंद्र गोमा, खेल मंत्री हिमाचल सरकार।**

## न्यूज ब्रीफ

### तीन युवकों को नशे के टीके लगाते पकड़ा

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पंजाब पुलिस की ओर से नशों के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम के तहत शाहपुर कंडी पुलिस ने जुगियाल गांव के पुराने भट्टे के पास से तीन युवकों को नशे के टीके लगाते हुए पकड़ा है। जांच अधिकारी एएसआई नरेश कुमार अनुसार, मंगलवार शाम को गश्त कर रहे थे, तो पुराने भट्टे के समीप तीन युवकों को झाड़ियों के पीछे बैठे देखा। पुलिस ने तीनों युवकों को नशे के टीके लगाते पकड़ा, जिनकी पहचान शिव कुमार तरेहटी, सुनील कुमार तरेहटी व नरेश कुमार जॅख के रूप में हुई है। नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पपलाह में पति-पत्नी से 137 ग्राम चरस बरामद



**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** पुलिस ने पंचायत पट्टा के गांव पपलाह में पति-पत्नी से 137 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पपलाह में बसंता उर्फ फौजी के घर में दबिश दी और तलाशी के दौरान 137 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी जवाली वीरी सिंह ने पुष्टि की है।

### वन संरक्षण और अग्नि सुरक्षा का दिया संदेश



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** द हंस फाउंडेशन की ओर से पीएम श्री स्कूल डरोह के सहयोग से भवारना खंड के अंतर्गत एक वनाग्नि जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य छात्रों और स्थानीय समुदाय को आग लगने के कारणों और उनकी रोकथाम के प्रति जागरूक करना था। इसमें छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथों में स्लोगन और पोस्टर लिए प्रतिभागियों ने सब को वन संरक्षण और अग्नि सुरक्षा का संदेश फैलाया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार अत्री ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रेरित किया।

### योग से स्वस्थ जीवन की चेतना का संचार: अंकित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** श्री सत्य साईं एजुकेयर विद्या प्रतिष्ठान (स्लेट गोदाम) धर्मशाला में 14 जून से 20 जून तक सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अभाविप के जिला संयोजक अंकित गौड़ ने कहा कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से सशक्त बनाना है। जिला संयोजक अंकित गौड़ ने कहा कि शिविर में कुल 150 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जो नियमित रूप से प्रातःकालीन सत्रों में योगाभ्यास कर रहे हैं। योगाभ्यास का मार्गदर्शन सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट की सदस्य प्रोफेसर सूर्य रश्मि रावत की व उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है। विद्यार्थियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान, और योगिक जीवनशैली से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर का समापन 21 जून को होगा।



## धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का 8वां दीक्षांत समारोह आयोजित

# पीजी, यूजी व पीजी डिप्लोमा के होनहारों को बांटी डिग्रियां

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**



कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत।

**धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला का आठवां दीक्षांत समारोह राजकीय कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (उत्तर प्रदेश) के कुलपति एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने पारंपरिक हिमाचली टोपी, अंगवस्त्र और चंबा थाल भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा की अगुवाई में दीक्षांत समारोह का आगाज किया गया। इस समारोह में वर्ष 2020 में उत्तीर्ण यूजी, पीजी और पीजी डिप्लोमा के कुल 206 तथा 2021 में उत्तीर्ण यूजी और पीजी के 256 छात्रों को उपाधियां प्रदान की गईं। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में देश का अग्रणी संस्थान रहा है। उन्होंने शिक्षा की भूमिका को मानवता की दृष्टि से समझाते हुए कहा कि हमारा प्रयास बेस्ट माइंड्स तैयार करना है, जो आत्मनिर्भर और एकात्म मानवतावाद से प्रेरित हों। भारतीय ज्ञान परंपरा की ओर अब पूरा विश्व देख रहा है और हमने इसे अपने पाठ्यक्रम में शामिल करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि डोगरी भाषा को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय को 50 पाठ्य पुस्तकें तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है, जो भविष्य में देशभर में पढ़ाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि विदेशी शिक्षा मॉडल को अपनाने से हमारी जड़ों से दूरी बनती है।

## सिरमौर की घटना हिमाचल की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान: रविंद्र धीमान

### बोले- सवाल उठाने वालों को अपराधी बनाने पर तुली प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



**जयसिंहपुर** के पूर्व विधायक एवं भाजपा के नेता रविंद्र धीमान ने सिरमौर जिले में हाल ही में घटी नाबालिग बच्ची के अपहरण की घटना को लेकर गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे शांतिप्रिय और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य में ऐसी घटनाओं का सामने आना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने वाला है। इस घटना ने पूरे प्रदेश में चिंता की लहर दौड़ा दी है और लोगों के मन में बेटियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि यह घटना संभावित रूप से एक 'लव जिहाद' का मामला प्रतीत होता है, जो प्रदेश में एक नए प्रकार की वैचारिक घुसपैठ को दर्शाता है। ऐसी घटनाएं हमारे पारंपरिक सामाजिक मूल्यों और धार्मिक सहिष्णुता पर कुठाराघात है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य सरकार और प्रशासन इस विषय पर आवश्यक संवेदनशीलता और तत्परता नहीं दिखा पा रहे हैं। घटना के बाद जिस प्रकार से प्रशासन ने निष्क्रियता दिखाई और फिर मामले को दबाने के प्रयास में विपक्ष के नेताओं पर कार्यवाही की, वह सीधे-सीधे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है।

### कहा-सरकार असहिष्णुता के साथ कर रही कार्य

पूर्व विधायक कहा कि विपक्ष की भूमिका लोकतंत्र में सवाल उठाने की होती है, लेकिन यहां सरकार सवालों का उत्तर देने के बजाए सवाल उठाने वालों को ही अपराधी बनाने पर तुली हुई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और वरिष्ठ नेता सुखराम चौधरी सहित 50 से अधिक भाजपा नेताओं पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज किया जाना यह दर्शाता है कि सरकार कितनी असहिष्णुता के साथ कार्य कर रही है। श्धीमान ने मुख्यमंत्री सुक्खू के उस बयान की निंदा की, जिसमें उन्होंने कहा कि वे हिमाचल में 97 फीसदी विचारधारा को हराकर मुख्यमंत्री बने हैं। उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल असंवेदनशील है, बल्कि यह मुख्यमंत्री की मानसिकता को भी उजागर करता है, जो प्रदेश में सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाला है।


## बिंदल पर केस लोकतंत्र का गला घोंटने की साजिश: उमेश दत्त



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस सरकार की ओर से प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी और 50 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं पर शांतिपूर्वक एवं लोकतांत्रिक ढंग से प्रदर्शन करने पर फर्जी और मनगढ़ंत आरोपों में मामला दर्ज किए जाने की कड़ी निंदा की है। यह घटना पांवटा साहिब के माजरा थाना क्षेत्र में हुई, जहां एक युवती के अपहरण के विरोध में शांतिपूर्ण वह लोकतांत्रिक ढंग से प्रदर्शन किया गया था। प्रदेश प्रवक्ता उमेश दत्त ने कहा कि लोकतंत्र में जनता और जनप्रतिनिधियों को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन प्रदेश सरकार तानाशाही प्रवृत्ति अपना चुकी है और विरोध करने वालों की आवाज को दबाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। यह न सिर्फ अलोकतांत्रिक है, बल्कि संविधान की मूल भावना के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा कि डॉ. बिंदल जैसे वरिष्ठ नेता, जिनका राजनीतिक जीवन सेवा-भाव से प्रेरित रहा है, उन पर ऐसे संगीन आरोप लगाना न केवल निंदनीय है, बल्कि जनता की भावनाओं का अपमान भी है। कांग्रेस सरकार जानबूझकर विपक्ष को निशाना बना रही है, ताकि अपने विफल शासन और बिगड़ती कानून-व्यवस्था से लोगों का ध्यान भटका सके।

## स्कूल व कॉलेजों में हो योग और नैतिक शिक्षा अनिवार्य : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता ने कहा कि कुछ खबरें पढ़कर सिर चकराने लगा है। पति-पत्नी का झगड़ा हो रहा था, पति के पिता समझाने के लिए गए,बेटे ने जोर से प्रहार किया, पिता की मौत हो गई। एक नशेड़ी बेटे ने पिता से पैसे मांगे, पिता ने इनकार किया, बेटे ने पिता की हत्या कर दी। 13 साल की नौंवी कक्षा में पढ़ने वाली बेटी से मां ने मोबाइल ले लिया और कहा पहले पढ़ाई करो, बेटी दूसरे कमरे में गई और आत्महत्या कर ली।

विवाह के बाद पति-पत्नी हनीमून के लिए कहीं गए और पत्नी ने अपने प्रेमी से मिलकर पति की हत्या करवा दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खबरें पढ़कर समाज विचलित हो रहा है। इस का सबसे बड़ा कारण यह है कि नई तकनीक आने के बाद युवा पीढ़ी पूरी तरह से संस्कार विहीन हो गई। बच्चों को सबसे पहला संस्कार परिवार में माता-पिता और दादा-दादी से मिलता था। मोबाइल हाथ में आने के बाद कोई बच्चा माता-पिता या दादा-दादी के पास बैठने को ही तैयार नहीं। बात सुनना तो दूर रहा। मोबाइल ने नई पीढ़ी को एक नया अहंकार दे दिया। मोबाइल में इंटरनेट या गूगल है और हर बच्चा यह समझता है कि मुझे सब पता है, जिनको सब पता है वे किसी बड़े से कभी कुछ सीखने को तैयार नहीं होंगे। शांता ने कहा कि परिवार से संस्कार मिलता नहीं, समाज में नशे का प्रकोप है। टिडीदल की तरह बढ़ती जनसंख्या के कारण बढ़ती गरीबी और बेरोजगारी के कारण निराशा और हताशा है। अपराध और आत्महत्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के इस अति भयंकर संकट का अब एक ही इलाज है कि योग और नैतिक शिक्षा को स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई में अनिवार्य विषय बनाया जाए। संस्कार देने का परिवार का काम अब शिक्षा विभाग को करना होगा। सरकार विद्वानों की एक समिति बनाए, वे स्कूल और कॉलेज के लिए योग तथा नैतिक शिक्षा का पाठ्यक्रम तय करें। योग और नैतिक शिक्षा सबसे अनिवार्य विषय हो। यदि युवा पीढ़ी को संस्कार देने की ऐसी व्यवस्था नहीं की गई तो भारत का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

## जिले की सब्जी मंडियों को तीन दिन में करो चकाचक : मोंगरा

### धर्मशाला सब्जी मंडी में मारा छापा, सफाई के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कांगड़ा**



धर्मशाला की चरान की सब्जी मंडी का निरीक्षण करते निशु मोंगरा

**बरसात** से पहले एपीएमसी ने जिलेभर की सब्जी मंडियों को तीन दिन में साफ-सफाई के निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए अधिकारियों को तीन दिन की डेडलाइन दी है। यह बात एपीएमसी के जिला व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष निशु मोंगरा ने की।

मोंगरा ने कहा कि सभी सब्जी मंडियों में क्लोरिनेशन को कहा गया है। निशु मोंगरा बुधवार सुबह धर्मशाला के चरान स्थित सब्जी मंडी में अचानक पहुंचे थे। बारिश के बाद सब्जी मंडी में जलभराव हो गया था। लोकल किसानों को सामान रखने की जगह तक नहीं थी। इस पर निशु मोंगरा ने शिकायत मिलते ही धर्मशाला का रुख किया। इस दौरान मंडी में किसानों ने बताया कि जलभराव के कारण उनकी फल-सब्जियां खराब हुई हैं। वहीं, टायलट की हालत बेहद खराब है। सब्जी मंडी में सफाई नहीं है। इस स्थान के आसपास कंस्ट्रशन का काम चल रहा है। इस पर मोंगरा ने तुरंत निर्देश दिए कि सब्जी मंडी के आसपास से सामान को हटाया जाए। मोंगरा ने कहा कि वह जिला प्रशासन, नगर निगम धर्मशाला व एपीएमसी के अधिकारियों से इस बारे में बात करेंगे।

## अनंत एजुकेशन / करियर

### Job अनंत ज्ञान Opportunity

**एम्स गुवाहाटी में फैकल्टी पदों की भर्ती**



एजुकेशनल क्वालिफिकेशन
MBBS, MS/MD, M.Ch, DM की डिग्री
सैलरी :
1,01,500 - 1,68,900 रुपए प्रतिमाह
वेबसाइट
aiimsguwahati.ac.in
आयु : 58 साल
आवेदन की अंतिम तिथि 18 जुलाई

**कार्गो कंपनी में भरे जाएंगे 166 पद**



क्वालिफिकेशन
स्दैनिक भास्कर
दैनिक भास्करस, स्स/स्ठ, रुष्टद्व, ठरुकी डिग्री
एससी, एसटी: ग्रेजुएशन की डिग्री
(न्यूनतम 55 फीसदी मार्क्स)
एज लिमिट
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 27 साल
अंतिम तिथि
30 जून

**SGPGI में 1200 पदों पर भर्ती**



आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून
नर्सिंग ऑफिसर व अन्य
कुल पद: 1200 पद
क्वालिफिकेशन
B.Sc नर्सिंग की डिग्री
वेबसाइट
sgpgims.org.in

**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 4500 पदों पर भर्ती**



टेरिटोरियम आर्मी ऑफिसर
ग्रेजुएट्स को मौका
स्टाइपेंड 15 हजार
आवेदन करने की अंतिम तिथि: 25 जून, 2025
आयु सीमा: 28 वर्ष
आवेदन करें :
centralbankofindia.co.in

रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

# हिमाचल में गुणात्मक शिक्षा पर ज्यादा फोकस

## भविष्य की नींव मजबूत करने की हो रही पहल

### युवाओं को आधुनिक चुनौतियों के लिए किया जा रहा तैयार

हिमाचल सरकार राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए एक व्यापक रणनीति पर गहन विचार-विमर्श कर रही है। यह पहल प्रदेश के भविष्य को सशक्त बनाने और युवाओं को आधुनिक चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं और हितधारकों के बीच चल रहा यह मंथन गुणात्मक सुधारों के लिए एक ठोस रोडमैप तैयार करने पर केंद्रित है। राज्य ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में नामांकन दरों में उल्लेखनीय प्रगति की है, विशेषकर दूरदराज के क्षेत्रों में। हालांकि, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना अभी भी कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। प्रमुख चिंताओं में शामिल हैं।

शिक्षकों के लिए नियमित और प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कमी एक बड़ी बाधा है। नई शिक्षण विधियों और बदलती पाठ्यचर्या के साथ शिक्षकों को अपडेट करना बेहद जरूरी है। बुनियादी ढांचा और संसाधन में कई ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों के स्कूलों में अभी भी आधुनिक प्रयोगशालाओं, पर्याप्त पुस्तकालयों और डिजिटल संसाधनों की कमी है। मौजूदा पाठ्यक्रम को वैश्विक और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है, ताकि छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल भी मिल सके, जो उन्हें रोजगार के लिए तैयार करे। वर्तमान परीक्षा-केंद्रित मूल्यांकन प्रणाली रटने पर अधिक जोर देती है, जबकि रचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल को प्रोत्साहित करने वाली अधिक व्यापक मूल्यांकन प्रणाली की आवश्यकता है। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग अभी भी पूरी तरह से नहीं हो पाया है, खासकर कोविंड-19 महामारी के बाद इसकी आवश्यकता और बढ़ गई है।



कृति रोहटा,
प्रधानाचार्य, रूट्स कंट्री स्कूल, बाघी (कोटखाई)

### बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने पर जोर

**सरकार** का फोकस अब बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना हैं। सरकार इस बात पर जोर दे रही है कि गुणात्मक शिक्षा के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। मंथन में जिन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, उनमें शामिल हैं।


### शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण के तहत प्रशिक्षित करने की तैयारी

**शिक्षकों** को आधुनिक शिक्षण के तहत तकनीकों में प्रशिक्षित करना, उनके व्यावसायिक विकास के अवसर बढ़ाना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना शामिल है। उद्योग की आवश्यकताओं, 21वीं सदी के कौशल (जैसे महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता, और सहयोग) और स्थानीय संदर्भ के अनुरूप पाठ्यक्रम का विकास। इसमें व्यावसायिक शिक्षा का मुख्यधारा में एकीकरण भी शामिल है।

*डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और छात्रों व शिक्षकों दोनों को डिजिटल उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित करना शामिल है। ऑनलाइन शिक्षण सामग्री का विकास भी एक प्राथमिकता है।*

### सामुदायिक भागीदारी में शिक्षा की राह उज्जवल बनाने की शुरुआत

**सामुदायिक** भागीदारी में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अभिभावकों और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। निरंतर मूल्यांकन और अनुसंधान शिक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता का नियमित मूल्यांकन और शैक्षिक अनुसंधान को बढ़ावा देना, ताकि सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाया जा सके। बुनियादी ढांचे का उन्नयन से सभी स्कूलों में पर्याप्त और आधुनिक बुनियादी ढांचे सुनिश्चित करना, जिसमें स्मार्ट क्लासरूम और अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल हों।



### भविष्य की राह, एक मॉडल राज्य बनने की ओर

शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमारा लक्ष्य केवल नामांकन बढ़ाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हमारे छात्र उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करें, जो उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना सके। हिमाचल सरकार का यह गहन मंथन राज्य के शैक्षिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाने की क्षमता रखता है। एक समग्र और दूरदर्शी नीति के साथ, हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक मॉडल राज्य के रूप में उभर सकता है, जो न केवल अपने छात्रों को सशक्त करेगा बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी पूरी तरह से तैयार करेगा।

*विशेष रिपोर्ट: सत्यदेव भारद्वाज, शिमला*

# नियमित अध्ययन की आदत का करें विकास

**जीवन और करियर के प्रत्येक क्षेत्र में अध्ययन का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। नियमित और निरंतर अध्ययन की आदत व्यक्ति के लिए सफलता के द्वार खोल देती है। आज संसार के सभी सफल मनुष्य यह व्यक्त करते हैं कि अध्ययन करना उनके जीवन का अभिन्न अंग है। वे अपनी व्यस्त दिनचर्या के वावजूद प्रतिदिन अध्ययन के लिए वक्त निकाल ही लेते हैं, जो उनके जीवन का गुणवत्ता पूर्ण समय होता है।**

### अध्ययन का अभ्यास अनिवार्य

*__गहन__ और व्यापक अध्ययन का अभ्यास किसी भी विद्यार्थी या ज्ञान-साधक के लिए अनिवार्य है। यह अभ्यास न केवल परीक्षाओं में सफलता के लिए उपयोगी है, बल्कि जीवन में तर्कसंगत सोच, निर्णय क्षमता, सृजनात्मक अभिव्यक्ति और आत्मनिर्भरता के विकास में भी सहायक है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता पाने के लिए इन दोनों प्रकार के अध्ययन का संयोजन आवश्यक है।*

वर्तमान समय में अपने लक्ष्य और करियर निर्माण में प्रयासरत युवा पीढ़ी को यह बात अवश्य ही ध्यान में रखनी चाहिए कि उनके करियर निर्माण की राह अध्ययन की प्रक्रिया से होकर गुजरती है। अध्ययन की आदत न केवल करियर निर्माण अपितु जीवन निर्माण और किसी भी कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्ति में अत्यंत सहायक है। अपने विषय का गहन और व्यापक अध्ययन सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे जीवन और सोचने की क्षमताओं को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अध्ययन से हम नई-नई जानकारियों, ज्ञान और समझ का विकास होता है और महान व्यक्तित्व के लोगों के जीवन और उनकी कृतियों को समझने और आत्मसात करने का अवसर प्रदान करती है। विभिन्न स्रोतों जैसे पत्र पत्रिकाएं, समाचार पत्र, प्रतिष्ठित लेखकों की ओर से रचित पुस्तकें व महान लोगों की जीवनियां, करियर मार्गदर्शिकाएं और विषयवस्तु पर आधारित पुस्तकें पढ़ना सफलता के लिये मूलभुत आवश्यकता है। गहन और व्यापक अध्ययन का अभ्यास किसी भी विषय को सही रूप में समझने, उसका विश्लेषण करने और उसे दीर्घकालिक स्मृति में बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमारे जीवन में गहन चिंतन मनन को प्रोत्साहित करता है यह अभ्यास केवल सतही पढ़ाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि ज्ञान को गहराई से आत्मसात करने और विभिन्न दृष्टिकोणों से उसे समझने की प्रक्रिया है। गहन अध्ययन का उद्देश्य किसी एक विषय या अवधारणा को पूर्ण रूप से समझना होता है। इसमें व्यक्ति उस विषय से संबंधित प्रत्येक पहलू, परिभाषा, सिद्धांत और उदाहरण का गंभीरता से अध्ययन करता है। यह अध्ययन ध्यान, एकाग्रता और सोच-विचार की गहराई पर आधारित होता है।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा।

## प्रदर्शन कला में करियर

**प्रदर्शन** कला एक रचनात्मक क्षेत्र है जिसमें नृत्य, नाटक, संगीत, गायन, और स्टैंड-अप कॉमेडी जैसी कलाएं शामिल हैं। यह क्षेत्र उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने में रुचि रखते हैं और रचनात्मकता, समर्पण व आत्म-अभिव्यक्ति में विश्वास करते हैं। इस क्षेत्र में करियर की शुरुआत आमतौर पर थिएटर, संगीत विद्यालय, नृत्य संस्थान या फिल्म स्कूल से होती है। अभिनय, निर्देशन, कोरियोग्राफी, गायन, वादन और माइम जैसे कई विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा, बैकस्टेज तकनीशियन, सेट डिजाइनर, लाइटिंग एक्सपर्ट और साउंड डिजाइनर जैसे तकनीकी पहलुओं में भी करियर बनाया जा सकता है। डिजिटल युग में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे यूट्यूब, इंस्टाग्राम और ओटीटी सेवाओं के माध्यम से कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और एक बड़ा दर्शक वर्ग पाने का अवसर मिल रहा है। टेलीविजन, फिल्म इंडस्ट्री, वेब सीरीज और लाइव परफॉर्मेंस के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं हैं। हलांकि, यह क्षेत्र चुनौतियों से भरा है, अनिश्चित आय, अस्थिरता और लगातार अभ्यास की आवश्यकता, लेकिन जिनके पास जुनून, आत्मविश्वास और मेहनत करने की इच्छा है, उनके लिए यह करियर अत्यंत संतोषजनक और प्रतिष्ठित हो सकता है। अंततः प्रदर्शन कला न केवल एक करियर विकल्प है, बल्कि यह समाज को प्रेरित करने, भावनाओं को व्यक्त करने और संस्कृति को संरक्षित रखने का एक सशक्त माध्यम भी है।



सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर

## ज्ञान की बात

- 1966 में हिमाचल प्रदेश में विलय से पूर्व नालागढ़ किस जिले का भाग था। **-अंबाला**
- शिमला जिले के डोडराक्वार को क्या दर्जा प्राप्त है ? **-उपमंडल**
- भारत का हॉलीवुड के नाम से कौन सा शहर जाना जाता है ? **-मुंबई**
- गुलाबी नगर के नाम से किस शहर को जाना जाता है ? **-जयपुर**
- बिलासपुर सियासत का हिमाचल प्रदेश के साथ विलय कब हुआ ? **-1 जुलाई 1954**
- हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी सिंचाई योजना कौन सी है ? **-शाह नहर परियोजना**
- मसालों का बागीचा के नाम से किसे जाना जाता है ? **- केरल**

# टांडा में मरीज उलझते रहे, सिक्योरिटी गार्ड गप्पें लड़ाते रहे

## 'पहचान वालों' को पीछे से लाकर करवाया डॉक्टर से चेकअप, आम मरीज लगे रहे लाइनों में

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**टांडा (कांगड़ा)।** डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा की एक और लचर व्यवस्था उजागर हुई है। यहां अव्यवस्थाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। बुधवार को जब 'अनंत ज्ञान' के वरिष्ठ संवाददाता ने मेडिसिन ब्लॉक का दौरा किया तो पाया कि पर्ची काउंटर पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड ड्यूटी निभाने के बजाय आपस में गप्पें लड़ा रहे थे, जबकि मरीज अपने नंबर को लेकर असमंजस और बहसबाजी में उलझे रहे।

दो दिन पहले ही 'अनंत ज्ञान' ने 'टांडा में आपस में उलझे मरीज' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर अस्पताल प्रबंधन का अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान दिलाया था, जिसमें बताया गया था कि गार्डों की गैर मौजूदगी में मरीज बिना पर्ची नंबर दिखाए डॉक्टरों के पास पहुंच रहे हैं, जिससे भारी अव्यवस्था फैल रही है। उस खबर का असर यह हुआ और प्रशासन तुरंत हरकत में आया, लेकिन धरातल पर हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं। बुधवार को भी ओपीडी में मरीजों को पर्ची के क्रम अनुसार भेजने की जिम्मेदारी निभाने वाले गार्ड अपनी ड्यूटी से मुंह मोड़े हुए थे। कतार में खड़े मरीज आपस में बहस करते दिखे, जबकि कई 'पहचान वालों' को पीछे से लाकर डॉक्टर को दिखा दिया गया और आम मरीज लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रह गए।



मेडिसिन ब्लॉक में लाइनों में खड़े होकर अपनी बारी को लेकर बहस करते मरीज।



टांडा में मूकदर्शक बनकर लाइनों में लगे मरीजों को देखते सिक्योरिटी गार्ड।

### मरीज बोले– सिस्टम सुधारा जाए

**मरीज** सुदर्शना देवी (निवासी जवाली), प्रीतम सिंह (सलोल), बशीर खान (चंबा), हेमलता (शाहपुर) और राज कुमार (बैजनाथ) सहित कई मरीजों ने बताया कि वे सुबह से लाइन में लगे थे, लेकिन बिना नंबर वाले मरीज डॉक्टर को पहले दिखा रहे थे। गार्ड कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं थे। उन्होंने टांडा प्रशासन और सरकार से गुहार लगाई कि व्यवस्था में जल्द सुधार हो, ताकि मरीजों को ऐसी परेशानी से न गुजरना पड़े।

### क्या कहते हैं चिकित्सा अधीक्षक

"**मैं** अभी किसी मीटिंग के सिलसिले से बाहर जा रहा हूं। लौटते ही इस मसले को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।"

**-डॉ. विवेक बनयाल, चिकित्सा अधीक्षक, टांडा अस्पताल**

## कालू दी हट्टी चौक से वोल्वो बसों व भारी वाहनों की डायवर्जन व्यवस्था लागू

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने सुविधा और सुरक्षा के मध्यनजर दिल्ली, चंडीगढ़ और अन्य राज्यों से बैजनाथ, जोगिंद्रनगर, बीड-बिलिंग की तरफ जाने वाले सभी वोल्वो बस और भारी वाहनों की आवाजाही को प्रतिदिन सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक कालू दी हट्टी चौक से बैजनाथ व अन्य गंतव्य स्थलों की ओर जाने के लिए डाइवर्ट करने के आदेश जारी किए हैं। सब्जी मंडी पालमपुर के पास नियमित रूप से भारी यातायात जाम की स्थिति रहती है, जिसका मुख्य कारण वोल्वो बसों और भारी वाहनों का सब्जी मंडी में अनलोडिंग घंटों के दौरान चलता है। इस कारण जनता, यात्रियों और विक्रेताओं को असुविधा हो रही थी। एसडीएम ने बताया कि आदेश को तुरंत प्रभाव से लागू किया है और यह आदेश अगले निर्देशों तक वैध रहेगा। आदेश की उल्लंघना करने पर पर सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आशीष बुटेल से मिले एनएसयूआई कार्यकर्ता

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल से शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की एनएसयूआई इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रिंस कपूर के नेतृत्व में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कॉलेज में विद्यार्थियों से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं एवं आवश्यक कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने छात्र हित से जुड़े मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। बुटेल ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी और आश्वासन दिया कि छात्रहित से जुड़े सभी मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे।

### टांडा मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शपथ ग्रहण समारोह

**अनंत ज्ञान, टांडा (कांगड़ा)।** टांडा मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के पास स्वैच्छिक रक्तदान के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अनुभवी रक्तदाताओं ने भी प्रेरणादायक योगदान दिया। रमेश पंजवाल ने 37वीं बार रक्तदान कर गर्व महसूस किया, जबकि अंकुर चौधरी ने 21वीं रक्तदान किया। इसके अलावा अन्य ने भी रक्तदान किया। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने रक्तदान पर नाटक प्रस्तुत किया गया।

### अग्निवीर जीडी श्रेणी के प्रवेश पत्र जारी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** वर्ष 2025-26 के अग्निवीर जीडी श्रेणी के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। अग्निवीर अन्य श्रेणी के प्रवेश पत्र भी जारी किए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर की ओर से जारी सूचना में बताया कि उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। कोई समस्या आते है तो निजी तौर पर अथवा ई-मेल/दूरभाष द्वारा सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर से संपर्क कर सकते हैं।

### देहरा में 26 जून को लगेगी पेंशन अदालत

**अनंत ज्ञान, देहरा।** अधीक्षक डाकघर देहरा मंडल ने सूचित किया कि कार्यालय मंडल में पेंशन अदालत 26 जून को 10.00 बजे लगेगी। इस दिन अदालत डाक पेंशन भोगियों और फैमिली पेंशन भोगियों की पेंशन संबंधी शिकायतें सुनेगी। यदि कोई शिकायत हो तो उसे कार्यालय अधीक्षक डाकघर देहरा मंडल देहरा को 24 जून तक अवश्य भेजें।

### सुनहेत में 21 को लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, देहरा।** अंबुजा फाउंडेशन की ओर से 21 जून को देहरा उपमंडल के गांव सुनहेत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जोनल अस्पताल टीम धर्मशाला की विशेष भूमिका रहेगी। रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे शुरू होगा। लोगों से अपील की है कि वे बढ़-चढ़ कर भाग लें।

### योग दिवस की तैयारियों में जुटा आयुष विभाग

**अनंत ज्ञान, जवाली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के कार्यक्रम की तैयारियों और प्रचार प्रसार को लेकर उपमंडल जवाली की विभिन्न पंचायतों, महिला मंडलों, आंगनबाड़ी आदि में योग शिविर लगाए जा रहे हैं। अभी तक लगभग 6000 लोगों को योग के लाभों के प्रति जागरूक करते हुए नियमित योग को जीवन शैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। सब डिवीजन आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितु चौधरी ने बताया कि योग को जन-जन तक पहुंचने के उद्देश्य से 21 जून को राज्य स्तरीय योग दिवस खेल परिसर धर्मशाला में मनाया जाएगा। इसमें सभी नागरिकों को भाग लेने का आह्वान किया है।

### बस-स्कूटर की टक्कर, पति-पत्नी घायल

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** बस-स्कूटर की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। स्कूटर सवार एक सैनिक अपनी पत्नी के साथ आर्मी कैंटीन से सामान लेकर मलिकपुर की ओर जा रहा था कि अचानक गांव भड़ोली के पास मलिकपुर की ओर से आ रही एक बस ने उन्हें टक्कर मार दी। आर्मी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंजाब पुलिस और मिलिट्री पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### कोटला फोरलेन टनल के पास 2 गाड़ियों में भिड़ंत

**अनंत ज्ञान, कोटला।** कोटला फोरलेन टनल के पास दो गाड़ियों में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों गाड़ियों को काफी नुकसान हुआ है। हादसे की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। लोगों का कहना है कि इस स्पॉट पर ये तीसरा हादसा है। उन्होंने बताया कि एनएचएआई को साइन बोर्ड लगाने चाहिए। वहीं, पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को हटवाया। दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

### थुरल में गाड़ी से देसी शराब व बीयर बरामद

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के तहत थुरल में गाड़ी नंबर एचपी 84-6282 से 1,73,400 मिलीलीटर बीयर व 54,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने गाड़ी चालक स्वरूप सिंह निवासी रायपुर टी स्टेट डाकघर ठाकुरद्वारा के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बैजनाथ में पेंशन जारी करने पर की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल परिवहन निगम पेंशनर्स कल्याण संगठन बैजनाथ इकाई की मासिक बैठक विधि सिंह प्रधान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनर्स ने समय पर पेंशन न मिलने, डीए एरियर का भुगतान न करने, 5,10,15 फीसदी की वृद्धि का एरियर, सातवें वेतनमान के निर्धारण पर उसके एरियर का भुगतान न करने व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन व अन्य लाभ जारी न करने पर सरकार व प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। सीएम सुक्खू की ओर से देय भत्तों को जारी करने की घोषणाओं को पूरा न करने पर पेंशनरों ने बैजनाथ बाजार में आक्रोष रैली भी निकाली।

### देहरा में विकास के नए आयाम स्थापित: सपन



**अनंत ज्ञान, देहरा।** जिला कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता सपन सूद ने कहा कि एक वर्ष में विधानसभा क्षेत्र देहरा में लगभग एक हजार करोड़ रुपए से भी अधिक की योजना को धरातल पर अमलीजामा पहनाकर कांग्रेस विधायक कमलेश ठाकुर ने विकास के नए आयाम स्थापित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान देहरा विधानसभा को राजनीतिक नजरअंदाज करके रखा था। उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपने कार्यकाल के दौरान देहरा विधानसभा क्षेत्र का एक भी आधिकारिक दौरा नहीं किया।

## फ्लाइट कैलब्रेशन यूनिट ने कांगड़ा हवाई अड्डे के रनवे का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डे पर पीएपीआई (प्रेसिजन एप्रोच पाथ इंडिकेटर) कैलिब्रेशन को दिल्ली से आई फ्लाइट कैलिब्रेशन यूनिट के सहयोग से संपन्न किया गया, जो विमानों के सुरक्षित उतरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह कैलिब्रेशन हर 2 साल में आयोजित किया जाता है और डीजीसीए की आवश्यकताओं के अनुसार अनिवार्य प्रक्रिया है।

पीएपीआई कैलिब्रेशन के दौरान रनवे के दोनों ओर स्थित पीएपीआई लाइट्स को समायोजित किया जाता है, ताकि वे विमान के पायलट को सही ग्लाइड स्लोप जोकि सामान्यत: धरातल से 3 डिग्री का कोण प्रदान करता है। 3 डिग्री का कोण विमान के उतरने के लिए सबसे सुरक्षित कोण होता है। यह सुनिश्चित करता है कि विमान रनवे पर सुरक्षित रूप से उतर सके।

## संघर्ष समिति के साथ धरने पर बैठे पूर्व विधायक अर्जुन





नगरोटा सूरियां संघर्ष समिति के साथ धरने पर बैठे पूर्व विधायक अर्जुन सिंह।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** विकास खंड बचाओ संघर्ष समिति नगरोटा सूरियां धरने के सातवें दिन जवाली के पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ठाकुर भी समिति के साथ धरने पर बैठे। उन्होंने कहा कि जवाली विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए ही उन्होंने पूर्व जयराम की सरकार में विधायक रहते जवाली में नया विकास खंड कार्यालय नोटिफाई करवाया था, लेकिन कांग्रेस सरकार के बनते ही उस ब्लॉक को डीनोटिफाई करवा दिया गया। उन्होंने कहा कि नगरोटा सूरियां विकास खंड कार्यालय 52 वर्ष पुराना है और कृषि मंत्री नगरोटा सूरियां के साथ भेदभाव की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने मंत्री को सुझाव देते हुए कहा कि नगरोटा सूरियां विकास खंड कार्यालय शिफ्ट न करके जवाली में नया विकासखंड कार्यालय खोलना चाहिए। इस अवसर पर घाड वार्ड से जिला परिषद जीवना गुलेरिया, मंगल गुलेरिया, कमल चौधरी और रणजीत गुलेरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## काजल ने राशि मंजूर करने पर पीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विधायक पवन काजल ने हिमाचल को एनडीआरएफ के तहत 2006 करोड़ 40 लाख रुपए की राहत राशि मंजूर करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह राशि आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण, आधारभूत ढांचे की बहाली और आपदा जोखिम को कम करने के लिए स्वीकृत की गई है। इससे 2023 की आपदा से प्रभावित लोगों को राहत मिलेगी और प्रदेश का ढांचा मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि 2023 की आपदा ने जनजीवन और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया था। केंद्र सरकार ने इस नुकसान की भरपाई के लिए दिल खोलकर मदद की है। यह सहायता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की ओर से राष्ट्रीय आपदा मोचक कोष एनडीआरएफ के अंतर्गत मंजूर की गई है।

## कांगड़ा में लगाई छबील, आरएस बाली भी पहुंचे



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** रेहड़ी-फड़ी यूनियन कांगड़ा की ओर से तहसील चौक में छबील लगाई गई। उन्होंने आने-जाने वाले राहगीरों को गर्मी में शीतल मीठा पानी, हलवा और फल बांटे। वहीं, पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली भी पहुंचे। उन्होंने यूनियन के सभी सदस्यों की इस पुण्य कार्य के लिए सराहना की। इस मौके पर सभी ने विकास पुरुष स्व. जीएस बाली को याद कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर रेहड़ी-फड़ी यूनियन के प्रधान संजय राणा और समस्त सदस्य मौजूद रहे।

## एचपीयू शिमला में राजनीति का घिनौना चेहरा बेनकाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्यार्थी परिषद के प्रांत जनजातीय संयोजक सुनील कपूर ने कहा कि हिमाचल विश्वविद्यालय शिमला में हाल ही में घटित एक शर्मनाक घटना ने न केवल शैक्षणिक परिसर के माहौल को कलंकित किया है, बल्कि यह स्पष्ट कर दिया है कि वामपंथी छात्र संगठन अब वैचारिक असहिष्णुता, जातीय घृणा और हिंसक मानसिकता के प्रतीक बनते जा रहे हैं। किन्नौर जिले से संबंधित एक जनजातीय छात्रा, जो उच्च शिक्षा की आशा लेकर विश्वविद्यालय में आई थी, उस पर एसएफआई से जुड़े वामपंथी गुंडों ने न केवल शारीरिक हमला किया, बल्कि उसकी जनजातीय पहचान, आरक्षण के माध्यम से हुए प्रवेश और चेहरे की बनावट को लेकर लगातार उसे अपमानित और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। यह हमला केवल एक छात्रा पर नहीं, बल्कि पूरे जनजातीय समाज की गरिमा और अधिकारों पर सीधा आघात है। उन्होंने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, हिमाचल प्रदेश इस कायरतापूर्ण और घृणित कृत्य की घोर निंदा करती है।

## तीन लड़कियों को दीं तीन सिलाई मशीनें

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** रणजीत बक्शी जनकल्याण सभा ने पूर्व विधायक स्व. रणजीत बक्शी का 84वां जन्मदिवस जसूर में मनाया। लोगों ने पूर्व विधायक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नूरपुर के विकास में दिए गए उनके योगदान को याद किया। सभा के अध्यक्ष अकिल बक्शी ने बताया कि स्व. रणजीत बक्शी को समर्पित सभा का गठन जनकल्याण के लिए किया था, जो कि निरंतर जरूरतमंद लोगों की मदद करती आ रही है। सभा की ओर से जसूर स्थित सरकारी स्कूल के दस छात्रों को स्कॉलरशिप के तौर पर आर्थिक मदद दी गई। सिलाई कोर्स में भाग लेने वाली दस लड़कियों में टॉप तीन लड़कियों को तीन सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। ब्यूटी पार्लर का कोर्स करने वाली दस युवतियों को सार्टिफिकेट प्रदान किए गए। आर्थिक तौर पर कमजोर तीन लोगों को पक्के मकान निर्माण के लिए सामग्री की सहायता दी गई। बौड स्थित काली माता मंदिर कमेटी को मंदिर निर्माण के लिए 111 सीमेंट के बैग व भोल ठाकरां स्कूल के लिए 75 हजार की राशि जारी की गई।

## क्षयरोग के लक्षण और बचाव के बताए तरीके





**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में रेड रिबन क्लब की ओर से विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं व जनता को क्षयरोग (टीबी) एवं लेटेंट टीबी (गुप्त टीबी) के प्रति जागरूक करना था। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अक्षय ठाकुर राजीव गांधी स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला रहे। उन्होंने क्षयरोग के लक्षण, कारण, बचाव तथा उपचार की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लेटेंट टीबी की विशेष चर्चा करते हुए बताया कि इस स्थिति में व्यक्ति को टीबी के बैक्टीरिया शरीर में होते हैं, परंतु उसमें कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। यदि समय रहते इसका उपचार न हो तो यह सक्रिय टीबी का रूप ले सकती है।

## सीएम सुक्खू कर रहे अधिकारियों को प्रताड़ित करने का काम: संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू अधिकारियों को हतोत्साहित करने का और प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं। बाहर से आए प्रशासनिक अधिकारियों को महत्व दे रहे हैं, जिससे वह अपनी मनमानी पर उतारू हैं। प्रदेश के नेताओं को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। ताजा उदाहरण सिरमौर जिले के एक उपमंडल अधिकारी द्वारा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के साथ की गई बदतमीजी है और किस तरह से उस अधिकारी ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए भाजपा अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ताओं के ऊपर अवांछित धाराओं के तहत केस दर्ज करवा दिया। इससे पूर्व भी कांगड़ा जिले के नूरपुर में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार के साथ, वहां के उप मंडल अधिकारी ने ऐसा ही करने का प्रयास किया था। राजनीति में सत्ता आती जाती रहती है, मगर पद की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। इसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की बनती है। जनता की आवाज को उठाना विपक्ष की जिम्मेदारी है और इस कार्य से मुख्यमंत्री किसी को रोक नहीं सकते और यदि अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही सरकार ने नहीं की तो पार्टी को एक बड़ा आंदोलन इसके लिए खड़ा करेगी।

## कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में बनाया अराजकता का माहौल: सुधीर शर्मा

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** पूर्व मंत्री एवं धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और प्रदेश में अब चारों तरफ अराजकता का माहौल है।



उन्होंने गत दिवस सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, विधायक सुखराम चौधरी व अन्य लोगों पर प्रशासन व सरकार की ओर से की गई एकतरफा कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी का एक जनप्रतिनिधि व आम जनता के साथ अभद्र व्यवहार सबने देखा, जिससे यह बात साफ झलक रही है कि सरकार पर प्रशासन के ऊपर कोई पकड़ नहीं है। हाल ही में हुई पुलिस भर्ती पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश पुलिस भर्ती ठगी या पेपर लीक मामले ने प्रदेश सरकार की पारदर्शिता की पोल खोल दी है। एनटीटी की भर्ती के लिए मित्रों की कंपनियां बनाकर चोर दरवाजे से भर्ती की जा रही है और प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अपने तानाशाही रवैये से आम जनमानस की आवाज को दबाने का निरंतर प्रयास कर रही है, लेकिन उसे यह कभी नहीं भूलना चाहिए की भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और हर व्यक्ति को अपने अधिकारों के लिए लड़ने की संवैधानिक आजादी है।

## परागपुर में आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, गरली।** कांगड़ा जिले में कुपोषण की रोकथाम के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बाल विकास परियोजना परागुपर के अंतर्गत किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर सुपरवाइजर वृत्त बडहाल ठोड़े के कार्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें करीब 60 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 15 आशा वर्कर्स ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और दो वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण की रोकथाम के लिए जानकारी और व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सुपरवाइजर नरेश ने लाभार्थियों को गर्भधारण से पूर्व स्वास्थ्य जांच, प्रसव पूर्व जांच, पोषक आहार और प्रसव पूर्व तैयारी पर जानकारी दी।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की जीडीपी चौथे स्थान पर पहुंची: रणबीर



इंदौरा मंडल डमटाल के तहत सूरजपुर गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विधानसभा क्षेत्र इंदौरा मंडल डमटाल के तहत सूरजपुर गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नूरपुर के विधायक रणबीर निक्का ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मंडल डमटाल के प्रधान दीपक सलारिया ने उनका स्वागत किया।

रणबीर निक्का ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की जीडीपी 11वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गई है। इस मौके पर पूर्व विधायक रीता धीमान कहा के विधानसभा के क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत सड़कों का बहुत बुरा हाल है।

बिजली सप्लाई के कट लगने से आम जनता बेहाल है, लेकिन कांग्रेस सरकार ने जो चुनाव से पहले वादे किए थे, वह उसी तरह दरकार है। इस मौके पर पूर्व विधायक रीता धीमान, पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर बलवान सिंह, पूर्व जिला महामंत्री मोतीलाल जोशी, भाजपा के जिला नूरपुर के उपप्रधान अश्विनी शर्मा तथा अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पांच दिन से लापता ट्रैकर नितिन की तलाश में मौसम बना बाधा

### हिमानी चामुंडा ट्रैक पर खरगोशनी माता मंदिर तक जाना था

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** जिया से हिमानी चामुंडा ट्रैक पर ट्रैकिंग के लिए निकले लापता 27 वर्षीय नितिन शर्मा का पांच दिन बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा। परेशान परिजनों ने एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री से मुलाकात कर उन्हें रेस्क्यू करने की गुहार लगाई, जिस पर एसएसपी ने तुरंत नितिन की खोज में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक टीम खोज के लिए भेज दी है।



नितिन पेशे से ऑटोमोबाइल इंजीनियर हैं और पानीपत में नौकरी करते हैं। ऊना जिले की अंब तहसील के लोहारा गांव का नितिन बीते शुक्रवार शाम को जिया के रास्ते ट्रैकिंग पर निकला था।

### प्रोफेशनल ट्रैक्टर है नितिन : बहन



नितिन की बहन सृष्टि का कहना है कि वह प्रोफेशनल ट्रैक्टर है और उसने हिमानी चामुंडा से भी आगे ट्रैक पर जाना था, लेकिन लेकिन रविवार से उसका कोई पता नहीं चल रहा है। वह कई बार अकेले ही ट्रैकिंग पर निकला है। छोटी-मोटी चोटों की वजह से वह कभी नहीं घबराता, लेकिन शायद इस बार वह ऐसी जगह फंस गया है, जहां उसकी सहायता करना वाला कोई नहीं पहुंच रहा है। उम्मीद करती हूं कि मेरा भाई जरूर जीवित लौटेगा। वहीं, परिजनों और स्थानीय लोगों की चिंता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

### जो भी कोशिश कर सकते हैं वह करें: पिता



**नितिन** के पिता राकेश शर्मा का कहना है कि जिला प्रशासन अपनी तरफ से कोशिश कर रहा है, लेकिन हम आशा करते हैं कि सरकार और प्रशासन जल्दी से जल्दी मेरे बेटे को ढूंढ के लाए। उसके लिए जिला स्तर पर सरकार के स्तर पर जो भी कोशिश कर सकते हैं वह करें।

### परिजनों ने चौपर से ढूंढने की लगाई गुहार

नितिन के लापता होने की सूचना मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद जिला प्रशासन ने खोज अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ टीम के खोजी अभियान में खराब मौसम बार-बार बाधा बन रहा है। परिजनों ने अब प्रशासन से चौपर के जरिए नितिन को ढूंढने की गुहार लगाई है। वहीं, प्रशासन का कहना है कि टीम अभी तक उस स्थान तक पहुंच पाई है जहां से बनेर खड्ड निकलती है, लेकिन मौसम आगे बाधा बन रहा है।

### दोस्तों ने भी संभाली खोजबीन की कमान

नितिन के दोस्तों की एक टीम, जो कि प्रोफेशनल ट्रैकर्स हैं, ने भी उसकी खोज के लिए कमान संभाल ली है। यह टीम बुधवार शाम जिया से हिमानी चामुंडा के लिए रवाना हो चुकी है और खराब मौसम के बावजूद तलाश में जुटी है। स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ और नितिन के मित्रों की संयुक्त कोशिशों से उम्मीद की जा रही है कि नितिन का जल्द ही कोई सुराग मिल जाएगा।

## विकसित भारत का सपना हो रहा साकार : बिक्रम ठाकुर

### बोले– पीएम मोदी का संकल्प आज बन चुका है देश की ऊर्जा

**अनंत ज्ञान, रक्कड़**

**जसवां–परागपुर।** भाजपा परागपुर मंडल की ओर से विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मंत्री व जसवां–परागपुर के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते एक दशक में असाधारण प्रगति की है। विकसित भारत आज सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि धरातल पर उतरता हुआ राष्ट्रीय लक्ष्य बन चुका है।

बिक्रम ने कहा कि आज देश की साख वैश्विक मंच पर मजबूत हुई है। मोदी सरकार ने गरीब से गरीब तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है, जिनमें हर घर जल, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भरता की ओर निर्णायक कदम बढ़ा चुका है और यह केवल मजबूत इच्छाशक्ति और पारदर्शी नेतृत्व से ही संभव हुआ है। विकसित भारत संकल्प केवल केंद्र की योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हर कार्यकर्ता के संकल्प का प्रतीक है।

## दोदूं राजपूतां में पुराने स्थान पर ही बनेगा पंचायत भवन

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** लंबे समय से चले आ रहे दोदूं राजपूतां पंचायत घर निर्माण विवाद में अब स्थिति स्पष्ट हो गई है। स्थानीय अदालत से पंचायत को बड़ी राहत मिली है, जिसमें आदेश दिया है कि पंचायत भवन का निर्माण पूर्व निर्धारित स्थान यानी पुराने स्थल पर ही किया जाएगा। यह फैसला ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के लिए बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने जसवां-परागपुर मंडल के पदाधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायत घर के निर्माण को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर अनावश्यक विवाद खड़ा किया गया था, जिससे विकास कार्य बाधित हो रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचायत भवन का निर्माण पूरी पारदर्शिता और कानून के दायरे में किया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों ने जानबूझकर जनता को गुमराह करने और विकास की राह में रोड़ा अटकाने का प्रयास किया, लेकिन अब न्याय की जीत हुई है।



## न्यूज़ ब्रीफ

### संघ ने पदोन्नत होने पर सतीश को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** डॉ. सतीश कुमार को अतिरिक्त निदेशक बागवानी के पद पर पदोन्नत किए जाने पर बागवानी सेवा संघ हिमाचल ने सीएम सुक्खू और बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी का आभार जताया है। संघ के अध्यक्ष डॉ. रजन शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. शमशेर नेगी, उपाध्यक्ष डॉ. समीर सिंह राणा, महासचिव डॉ. कुशाल सिंह मैहता, वित्त सचिव डॉ. अजय रघुवंशी, सचिव डॉ. जिना बनयाल, डॉ. राजेश भाकटा, डॉ. शैलजा राणा, डॉ. राहुल ने संयुक्त रूप से डॉ. सतीश कुमार को अतिरिक्त निदेशक बनने पर बधाई दी है।

### 314 ग्राम चरस सहित व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने मंगलवार को गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर जुब्बल-नावर क्षेत्र के देवरीघाट में एक नेपाली मूल के व्यक्ति रणबहादुर से 314 ग्राम चरस बरामद की है। जिस पर पुलिस थाना रोहड़ू में मादक पदार्थ निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियोग में रणबहादुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि आगामी तफ्तीश जारी है।

### सरकार कर रही सौतेला व्यवहार: प्रेम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** भाजपा समर्थित पंचायत प्रधानों के साथ बीते अढ़ाई वर्षों से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यह आरोप जिला शिमला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने बुधवार को जारी बयान में प्रदेश सरकार और ग्रामीण विकास विभाग पर लगाया है। उन्होंने बताया कि जिन पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रधान हैं उन पंचायतों को सरकार से मिलने वाली धनराशि को सीधे तौर पर डीआरडीए को भेजा जा रहा है जिससे पंचायतीराज अधिनियम के तहत प्रधानों को विकास के लिए दी गई शक्तियों का हनन हो रहा है। प्रेम ने हैरानी प्रकट करते हुए कहा कि पंचायतों में आपदा राहत, विधायक निधि, सांसद निधि सहित विकास के लिए अन्य शीर्ष से मिलने वाली राशि विभाग द्वारा डीआरडीआर को भेजी जा रही है और डीआरडीआर सरकार के इशारे पर काम के टेंडर अपने चहेतों को दिए जा रहें है जिस बारे ऐसी पंचायतों को कोई जानकारी नहीं होती।

### सविता को मिली दो लाख की बीमा राशि

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा जुब्बल ने एक पीड़ित परिवार को दो लाख की बीमा राशि का भुगतान किया गया। शाखा प्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि जुब्बल निवासी अजय सूद ( 50 वर्ष) का बचत खाता उनके ग्रामीण बैंक में चल रहा था। अजय सूद की किसी बीमारी से बीते 25 मार्च को अकस्मात मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि अजय सूद ने अपने बचत खाता पर मात्र 436 रूपये बीमा करवाया गया था। जिसके एवज में बैंक ने दो लाख की राशि इनकी धर्मपत्नि सविता सूद के बैंक खाते में भुगतान किया गया। सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार को केवल तीन महीने के अंतराल में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ प्रदान किया गया है। लाभार्थी सविता सूद ने बताया कि उन्हें इस बारे कोई जानकारी नहीं थी कि बैंक ने उनके पति के बचत खाता में 436 रुपए का प्रीमियम देकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा करवाया गया था। इस अवसर पर हिप्र ग्रामीण बैंक के कर्मचारी किशोर कुमार, सुभाष और अन्य स्टॉफ मौजूद थे।

### पुलिस पेपर घोटाले पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल संत श्री रविदास धर्म सभा हाल ही में सामने आए पुलिस पेपर भर्ती लीक घोटाले पर गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने इस घटना को हिमाचल प्रदेश के लिए 'शर्मसार' बताया और पूर्व में हुए इसी तरह के घोटालों के मास्टरमाइंड्स को अभी तक सामने न लाए जाने पर सवाल उठाए हैं। कर्म चंद भाटिया ने जारी एक बयान में कहा कि वर्ष 2022 में हुए पुलिस पेपर लीक भर्ती घोटाले के गुनहगार और हिमाचल रसोई (मिड-डे मील) मिडल बाजार ब्लास्ट के मास्टरमाइंड अब तक कानून की गिरफ्त से बाहर हैं। संत श्री रविदास धर्म सभा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि पुलिस पेपर भर्ती लीक के नवीनतम मामले की उच्चस्तरीय जांच की जाए और इसमें शामिल सभी दोषियों, चाहे वे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# चिड़गांव की पेखा पंचायत प्रधान पद से बर्खास्त की

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के आरोप में की गई कार्रवाई

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** जिले की चिड़गांव तहसील स्थित ग्राम पंचायत पेखा की प्रधान शर्मीला देवी उर्फ रमीला देवी को उनके पद से हटा दिया गया है। उपायुक्त शिमला ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह बड़ा फैसला सुनाया है। इसके साथ ही, शर्मीला देवी को अगले छह साल तक किसी भी पंचायत पदाधिकारी के चुनाव के लिए अयोग्य भी घोषित कर दिया गया है।

उपायुक्त ने तत्काल प्रभाव से आदेश दिए हैं कि शर्मीला देवी ग्राम पंचायत पेखा का कैश, रिकॉर्ड, स्टॉक, स्टांप और अन्य संबंधित दस्तावेज पंचायत सचिव के पास जमा करवाएं। यह कार्रवाई पेखा गांव की निवासी जय प्यारी द्वारा दायर एक याचिका के बाद हुई है। जय प्यारी ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रधान शर्मीला देवी को पद के लिए अयोग्य घोषित करने की मांग की थी। रोहड़ू उपमंडलाधिकारी कार्यालय ने 21 जून, 2022 को इस याचिका को स्वीकार कर लिया था।

**परिवार पर था कब्जा करने का मामला दर्ज**

**6 साल तक नहीं लड़ सकेंगी चुनाव**

### एसडीएम के आदेश को दी गई थी चुनौती

**याचिकाकर्ता** ने आरोप लगाया था कि शर्मीला देवी के ससुर केवल राम के परिवार ने खसरा नंबर 621 जो कि सरकारी भूमि है, उस पर अतिक्रमण किया हुआ है। उपमंडलाधिकारी रोहड़ू ने इस मामले में शर्मीला देवी के चुनाव को खारिज करने का फैसला सुनाया था।

### डीसी ने सुनाया अयोग्य करार देने का फैसला

**उपमंडलाधिकारी** के इसी फैसले के विरोध में शर्मीला देवी ने उपायुक्त के समक्ष याचिका दायर की थी। हालांकि, उपायुक्त ने इस याचिका को खारिज करते हुए उपमंडलाधिकारी के फैसले को सही ठहराया। इसी के साथ शर्मीला देवी को प्रधान पद से हटाने और अगले छह साल के लिए पंचायत पदाधिकारी के तौर पर चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार देने का अंतिम फैसला सुनाया गया।

## वार्डों के सीमांकन पर आपत्तियां खारिज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिले में नगर परिषद/नगर पंचायत के वार्डों के सीमांकन को लेकर आई आपत्तियों को उप-आयुक्त कार्यालय ने खारिज कर दिया है। 16 जून को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई है। कार्यालय ने बताया कि 24 मई को वार्डों के सीमांकन के प्रस्ताव प्रकाशित किए गए थे, जिसके बाद आम जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आपत्तियों में मुख्य रूप से वार्ड नंबर 3 (नगर पंचायत चोपल) के श्री रविंदर चंदेल और श्री पंकज नेगी द्वारा मतदाताओं की संख्या में विसंगति और ग्राम साटका, तहसील चोपल के डॉ. एस.पी. कात्याल द्वारा वार्ड नंबर 7 (तलाह) की सीमा को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई थी। एसडीओ (सी), चौपाल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर इन आपत्तियों की समीक्षा की गई। रिपोर्ट में पाया गया कि वार्डों का परिसीमन मौजूदा जनसंख्या डेटा और जनगणना 2011 के भौगोलिक सीमाओं के अनुरूप है। नतीजतन, उप-आयुक्त कार्यालय ने दोनों आपत्तियों को निराधार मानते हुए खारिज कर दिया है।

# नशे से दूर रहें छात्र: एडीएम



लक्कड़ बाजार स्कूल में छात्र परिषद के गठन के बाद शिक्षक व विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अतिरिक्त** जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, लक्कड़ बाजार में आयोजित छात्र परिषद के गठन समारोह में छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे को वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने छात्राओं से पढ़ाई, करियर और खेलों पर ध्यान केंद्रित कर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। एडीएम ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को नई दिशा मिल रही है। इस अवसर पर, स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. सुमन मच्छान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### तमन्ना बनीं हेड गर्ल

**समारोह** के दौरान, स्कूल में छात्र परिषद का भी गठन किया गया। जमा दो की छात्रा तमन्ना को हेड गर्ल और जमा एक की अदिति को वाइस हेड गर्ल चुना गया। इसके अतिरिक्त, चार हाउस का गठन किया गया। इसमें लक्ष्मी हाउस: कैप्टन कल्पना, वाइस कैप्टन पायल, पीटी उषा हाउस: कैप्टन निधि, वाइस कैप्टन नेहा, रानी झांसी हाउस: कैप्टन नंदनी, वाइस कैप्टन काव्या व सरोजनी नायडू हाउस: कैप्टन कृतिका, वाइस कैप्टन साक्षी चुनी गई। अनुशासन कमेटी की कैप्टन पूनम व वाइस कैप्टन सुशीला, स्पोर्ट्स कैप्टन मन्नत और वाइस कैप्टन जागृति व कल्चर कमेटी की कैप्टन अर्चिता को भी चुना गया।

# 11 वर्षों में बदली भारत की तस्वीर और तकदीर: अजय



ठियोग में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम में भाग लेते भाजपा नेता और पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ठियोग विधानसभा क्षेत्र में संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ठियोग से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व जिलाध्यक्ष, अजय श्याम ने की, जिसमें रोहड़ू से भाजपा प्रत्याशी शशि बाला मुख्य वक्ता रहीं।

अजय श्याम ने कहा कि 2014 से पहले देश में घोटालों का बोलबाला था, लेकिन मोदी सरकार के 11 वर्षों में भारत की तस्वीर और तक़दीर दोनों बदल गई हैं, और अब यह चौथी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को रेखांकित किया। शशि बाला ने मोदी सरकार की पारदर्शी कार्यशैली, जनसेवा और गरीब कल्याण की योजनाओं को ऐतिहासिक बताया, और कहा कि दृढ़ संकल्प से बड़े लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं।

## पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर होंगे प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन पेंशनर कल्याण संगठन ने अपनी लंबित पेंशन और अन्य वित्तीय लाभों के स्थायी समाधान की मांग को लेकर राज्य भर की सभी इकाइयों द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। यह ज्ञापन उपायुक्तों, उपमंडलाधिकारियों और तहसीलदारों के माध्यम से सौंपा जाएगा। संगठन के अध्यक्ष कृष्ण चंद चौहान, उपाध्यक्ष सुरेंद्र गौतम, प्रधान देव राज ठाकुर, महासचिव नानक शांडिल, अतिरिक्त महासचिव राजेंद्र और प्रेस सचिव देवेंद्र चौहान ने एक संयुक्त बयान में बताया कि सेवानिवृत्त पेंशनर लंबे समय से अपनी मांगों के लिए सरकार और निगम प्रबंधन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री (परिवहन मंत्री) से कई बार चर्चा के बावजूद उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। संगठन ने कहा कि सरकार की घोषणाओं के बावजूद धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं दिख रही है।

# मोदी सरकार के 11 साल अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए समर्पित: राकेश डोगरा

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** भाजपा द्वारा रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत छौवारा मंडल के जांगला में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन गरिमापूर्ण व उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक, जनकल्याणकारी और विकासपरक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना व नागरिकों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बनाना रहा।

सभा के मुख्य वक्ता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश डोगरा ने कहा कि बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में सामाजिक न्याय मंत्रालय का बजट 30,000 करोड़ से भी कम था! जो अब 2024-25 में बढ़कर 1.32 लाख करोड़ हो गया है। अनुसूचित जाति के युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता से जोड़ने के लिए विशेष मिशन शुरू किए गए हैं! जिसके तहत हजारों युवाओं को सीड फंडिंग और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है।



जांगला में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में मौजूद भाजपा के नेता

कार्यक्रम में रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रही शशि बाला ने भी विशेष रूप से भाग लिया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि बीते एक दशक में महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण और ग्रामीण विकास को केंद्र सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने वर्तमान प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खविंदर सिंह सुक्खू पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मंचों पर झूठी घोषणाएं कर जनता को गुमराह कर रहे हैं और रोहड़ू क्षेत्र के साथ निरंतर भेदभाव कर रहे हैं।

इस अवसर पर छौवारा मंडल अध्यक्ष आशा खाची रिठवाण, रोहड़ू मंडल अध्यक्ष विजय मैहता सहित कई मौजूद रहे।

# एचआरटीसी पेंशनर्स ने निकाली विरोधी रैली

## पेंशनर्स ने उपायुक्त राहुल के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**हिमाचल** प्रदेश पथ परिवहन निगम के पेंशनर्स की ओर से अपनी मांगों को लेकर बिलासपुर में विरोध रैली निकाली गई है। गौरतलब है कि निगम के पेंशनर्स के खातों में अभी तक पेंशन नहीं आई है, जिसके चलते नाराज पेंशनर्स की ओर से पथ परिवहन पेंशनर कल्याण संगठन के बैनर तले विरोध किया गया। अपनी प्रमुख मांगों को लेकर निगम के पेंशनर्स लक्ष्मी नारायण मंदिर पर इकट्ठा हुए, जहां से उपायुक्त कार्यालय परिसर तक विरोध रैली निकाली गई।

बता दें कि 10 जून को जिला परिषद बिलासपुर हॉल में पथ परिवहन पेंशनर कल्याण संगठन की राज्यस्तरीय बैठक के आयोजन के दौरान निर्णय लिया था कि 15 जून तक पथ परिवहन निगम के पेंशनर्स के खातों में पेंशन नहीं आती तो 18 जून को प्रदेश के समस्त जिलों में पेंशनर्स द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके मद्देनजर पेंशनर्स द्वारा विरोध रैली निकाली गई और उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है।

### बोले-सरकार कर रही सौतेला व्यवहार

**पथ** परिवहन पेंशनर कल्याण संगठन बिलासपुर के प्रधान एनआर ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा निगम के पेंशनर्स को हर महीने की 15 तारीख को पेंशन दिए जाने के वादे को इस बार भी मुख्यमंत्री भूल गए हैं और अभीतक पेंशनर्स के खातों में पेंशन नहीं आई है। उन्होंने कहा कि अन्य विभागों के पेंशनर्स को हर माह की पहली व दूसरी तारीख को ही पेंशन खाते में डाल दी जाती है। ऐसे में निगम के पेंशनर्स के खातों में 17 तारीख बीत जाने के बावजूद भी पेंशन न आना सरकार की ओर से निगम के पेंशनर्स के साथ सौतेला रवैये अपनाने से कम नहीं है।

### जीपीएफ सहित देय राशियों का भी भुगतान नहीं हुआ

**एनआर** ठाकुर ने कहा कि मार्च 2024 से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अभी तक न तो पेंशन दी जा रही है और न ही जीपीएफ सहित अन्य देय राशियों का भुगतान किया गया है। इस संबंध में निगम के उच्च अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके अलावा हिमाचल पथ परिवहन निगम के पेंशनर्स को तीन सालों से मेडिकल रिवर्समेंट भी नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण पैसों की कमी के चलते विभिन्न बीमारियों से पीड़ित पेंशनर्स को अस्पतालों में ईलाज करवा पाने में भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सीएम से गुहार, पेंशन की तारीख करें सुनिश्चित

**एनआर** ठाकुर ने मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री से अपील की है कि पथ परिवहन निगम के पेंशनर्स के खातों में पेंशन आने की एक तारीख सुनिश्चित की जाए, साथ ही मार्च 2024 से सेवानिवृत्त कमर्चारियों को पेंशन व अन्य देय राशि जारी की जाए और पेंशनर्स को मेडिकल रिवर्समेंट की राशि जारी भी की जाए। इसके अलावा अन्य विभागों की तरह की निगम के कर्मचारियों व पेंशनर्स को एरियर की राशि भी जारी की जाए, ताकि लंबे समय से निगम के पेंशनर्स की लंबित पड़ी मांगे पूरी हो सकें और अनदेखी की मार झेल रहे पेंशनर्स को उनका हक मिल सके।

# प्रेरणा उत्सव 2024 : बिलासपुर के दो होनहार छात्र राज्य स्तर पर प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**शिक्षा** विभाग की ओर से आयोजित प्रेरणा उत्सव 2024 के अंतर्गत जिला बिलासपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले के दो छात्रों का चयन अब राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए हुआ है, जो कि गुजरात के वाईनगर, मेहसाणा में आयोजित होगा। इस वर्ष प्रेरणा उत्सव का आयोजन 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2024 तक किया गया था, जिसमें जिले के सभी सरकारी स्कूलों सहित सीबीएसई, केवीएस और जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उत्सव के अंतर्गत निबंध लेखन, कविता, विषय आधारित वाद-विवाद, कहानी लेखन और चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं।

**अब राष्ट्रीय मंच पर दिखाएंगे प्रतिभा**

हर स्कूल से एक छात्र और एक छात्रा को उनके प्रदर्शन के आधार पर चयनित कर जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए भेजा गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय बिलासपुर में हुआ, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहले चरण में चुने गए छात्रों में से 30 प्रतिभागियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया। उसी दिन चयन परिणाम प्रेरणा पोर्टल पर प्रकाशित कर दिए गए। राज्यभर में एक समान प्रक्रिया अपनाई गई, जिसके बाद राज्य स्तरीय परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला की छात्रा पलक ठाकुर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तम्बोल के छात्र कृष महाजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन दोनों छात्रों का चयन गुजरात में आयोजित होने वाले प्रेरणा उत्सव के अगले चरण के लिए हुआ है।

दोनों छात्रों के अभिभावकों की सहमति एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से आयोजकों को भेज दिए गए हैं। राष्ट्रीय स्तर का यह कार्यक्रम 13 जुलाई से 19 जुलाई 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। शिक्षा उपनिदेशक बिलासपुर रेनू कौशल ने बताया कि इस वर्ष प्रेरणा उत्सव का विषय जिला योग विधान के लिए प्रेरणा रहेगा। उन्होंने राज्य स्तर पर विजयी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में कैंपस इंटरव्यू 23 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि बजाज कैपिटल लिमिटेड की ओर से सेल्स मार्केटिंग के 10 पदों के लिए 23 जून को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। उमीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बाहरवीं अथवा ग्रेजुएट रखी गई हे। उमीदवार को मासिक वेतन 12000 रुपए से लेकर 20000 रुपए तक दिया जाएगा। उमीदवार की आयु 20-30 वर्ष होनी चाहिए। पुरुष व महिला उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 23 जून को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

## जर्मनी में कंदौर का आर्यन चंदेल हुआ लापता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले के कंदरौर के साथ लगते घुमाणी के निवासी आर्यन चंदेल (23) के जर्मन में रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता होने से क्षेत्र में चिंता का माहौल है। आर्यन चंदेल के परिजन हरसंभव ठिकाने पर गुहार लगाकर अपने बेटे को ढूंढने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है, जिससे उनके चिंता और भी बढ़ती जा रही है। परिजनों के अनुसार, आर्यन चंदेल जर्मनी में स्थित म्यूनिख में पढ़ाई के लिए गया था और 15 जून दोपहर से लापता है। उन्होंने बताया कि 15 जून को आर्यन की बात पिता से हुई तथा यह कहा कि वह तैरने जा रहा है, लेकिन आज दिन तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री तथा भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री व स्थानीय विधायक एवं मंत्री राजेश धर्माणी, समाजसेवी व चेतना संस्था सचिव हरीश नड्डा से उनके बेटे की तलाश करने की गुहार लगाई है।

## सतीश ने यू-ट्यूब और मंचों पर मचाई धूम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में स्थित कोठी गांव के युवा सतीश कुमार एक होनहार युवा कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी कला और मेहनत के दम पर सोशल मीडिया से लेकर स्टेज तक सबका दिल जीत लिया है। सतीश एक उभरते यू-ट्यूबर और नर्तक हैं, जिनके यूट्यूब चैनल पर एक मिलियन से अधिक व्यूज और 2.57 लाख सब्सक्राइबर हैं। सतीश के फनी वीडियो लाखों लोगों को हंसी से लोटपोट कर रहे हैं। फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर शानदार उपस्थिति दर्ज करवाई है। डांस और अभिनय कौशल ने न केवल ऑनलाइन, बल्कि जमीनी स्तर पर भी सबको प्रभावित किया है।

# नशे से दूर रहें युवा: सर्वजीत

## सरस्वती विद्या मंदिर कुठेरन स्कूल में किया खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



सरस्वती विद्या मंदिर कुठेरन जेजवीं स्कूल में खेलकूद स्पर्धा के शुभारंभ के दौरान अधिवक्ता सर्वजीत सिंह।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** उपमंडल के कोटधार क्षेत्र में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर कुठेरन जेजवीं स्कूल में अधिवक्ता सर्वजीत सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसमें झंडूता उपमंडल के 8 स्कूलों के बच्चों ने कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और शतरंज जैसी विभिन्न खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया।

सर्वजीत सिंह ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि युवाअ नशे से दूर रहें। नशे के बढ़ते खतरे पर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो युवाओं के सपनों, स्वास्थ्य और भविष्य को नष्ट कर देती है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक हानि पहुंचाता है, बल्कि परिवारों और समाज को भी तोड़ता है। नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सशक्त जीवन अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और सहयोग जैसे गुणों को भी विकसित करते हैं। यह युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने का सबसे अच्छा तरीका है। स्थानीय समुदाय ने भी सर्वजीत के प्रयासों की प्रशंसा की और इसे युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया। यह आयोजन न केवल खेलों का उत्सव था, बल्कि नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और युवाओं को सही मार्ग दिखाने का एक सशक्त मंच साबित हुआ।

# प्रदेश सरकार नाकामियां छिपाने को लगाती आरोप: त्रिलोक

## 2006.40 करोड़ की 'पुनर्प्राप्ति एवं पुनर्निर्माण योजना' मंजूर करने का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने केंद्र सरकार की ओर से आपदा राहत राशि के रूप में हिमाचल के लिए 2006.40 करोड़ रुपए की 'पुनर्प्राप्ति एवं पुनर्निर्माण योजना' मंजूर करने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर मानते हैं। उन्होंने इस पर्वतीय राजय की मदद करने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी है। हालांकि, प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपनी नाकामियां छिपाने के लिए केंद्र पर हिमाचल की अनदेखी के झूठे आरोप लगाती रही है, लेकिन आपदाओं से नुकसान की भरपाई के लिए उक्त राशि की मंजूरी से प्रदेश सरकार के झूठ की पोल एक बार फिर से खुल गई है। उन्होंने इस मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री के साथ ही गृह मंत्री अमित शाह का भी आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए वह दलगत राजनीति को दरकिनार करके देश के सभी राज्यों का चहुंमुखी विकास करवा रहे हैं। हिमाचल भी इससे अछूता नहीं है। प्रधानमंत्री इस पर्वतीय राज्य को अपना दूसरा घर भी मानते हैं। यही वजह है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद वह हिमाचल का विकास और मदद करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। प्राकृतिक आपदा ने हिमाचल में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई थी। उससे उबरने तथा पीड़ित व प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार ने उस समय भी दिल खोलकर मदद की थी।



### गर्ग ने प्रधानमंत्री मोदी व शाह का जताया आभार



**अनंत ज्ञान,घुमारवीं।** गर्ग बोले- कांग्रेस के झूठ की खुली पोल, मोदी ने फिर निभाया दूसरा घर होने का रिश्ता। हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार की ओर से प्राकृतिक आपदाओं से राहत के लिए 2006.40 करोड़ रुपए की बड़ी सहायता राशि की पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण योजना स्वीकृत करने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि यह राशि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हिमाचल के प्रति विशेष आत्मीयता और संवेदनशीलता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की यह मदद हिमाचल की जनता के लिए एक बड़ा सहारा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अब तक केंद्र पर हिमाचल की अनदेखी के झूठे आरोप लगाकर अपनी नाकामी छिपाने का काम किया है, लेकिन यह स्वीकृति सच्चाई सामने लाने के लिए काफी है। हिमाचल की जनता के लिए इतनी बड़ी सहायता राशि मंजूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह का भी आभार जताया। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि वर्ष 2023 प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से भारी नुकसान हुआ है, लेकिन कांग्रेस सरकार केंद्र पर सहायता नहीं मिलने के निराधार आरोप लगाती रही। केंद्र सरकार द्वारा राहत राशि जारी करने से कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश हो गया है।

# नहीं थम रहा टनल निर्माण को लेकर उपजा विवाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**भानुपल्ली**-बिलासपुर बैरी रेलवे परियोजना में टनल निर्माण को लेकर उपजा विवाद अभी तक थम नहीं पाया है। बुधवार को आंदोलनकारी ग्रामीणों और जिला प्रशासन के बीच बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि टनल निर्माण के कारण प्रभावित एवं क्षतिग्रस्त हुए घरों के विज्ञानिक अध्ययन के लिए एनआइटी हमीरपुर व आइआइटी मंडी के विज्ञानियों की मदद ली जाएगी।

जिला प्रशासन की ओर से दोनों संस्थान प्रबंधकों को पत्र लिखकर विज्ञानिक मंगवाए जाएंगे। विज्ञानियों के अध्ययन और रिपोर्ट के बाद ही ग्रामीणों की मांग पर निर्णय लिया जाएगा। जब तक विज्ञानिक रिपोर्ट नहीं आती, तब तक रेलवे प्रबंधन प्रभावित परिवारों के लिए किराए के घरों की व्यवस्था करेगा। इसके साथ ही घरों का मरम्मत कार्य भी रेलवे करेगा। मरम्मत कार्य होने के बाद फिर से निरीक्षण करवाया जाएगा। उसमें भी लोगों के घर रहने लायक नहीं पाए जाते तो उनके लिए मुआवजे की व्यवस्था की जाएगी। गांव के करीब 17-18 लोगों ने प्रशासनिक निर्णयों पर लिखित में सहमति जताई है, लेकिन बैठक के बाद भी ग्रामीणों ने अपनी भूख हड़ताल जारी रखी। उन्होंने नोग गांव में टनल क्षेत्र में जाकर निर्माण कंपनी के परियोजना प्रबंधक का पुतला जलाया और स्पष्ट किया कि जब तक उनकी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा।

**बैठक के बाद फिर हड़ताल पर बैठे ग्रामीण, परियोजना प्रबंधक का जलाया पुतला**

> **नोग** गांव में टनल निर्माण से प्रभावित हुए घरों के अध्ययन के लिए एनआइटी और आइआइटी के विज्ञानियों को सहयोग लिया जाएगा। ग्रामीणों के घरों की मरम्मत और उनके लिए किराए के भवन की व्यवस्था करने के लिए रेलवे को निर्देश दिए गए हैं।
>
> **-डॉ. राजदीप सिंह, एसडीएम बिलासपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### जागरूकता व लाभ संतृप्ति शिविर 30 तक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत उपमंडल चंबा के तहत विकासखंड चंबा और मैहला की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 30 जून तक जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विकासखंड चंबा के अंतर्गत 19 को पंचायत घर कुठेड़, 21 जून पंचायत घर कोहलड़ी, 23 जून पंचायत घर राजिंड़, 25 जून पंचायत घर पल्यूर, 27 जून पंचायत घर चम्बी, 29 जून पंचायत घर सिल्लाघराट व विकासखंड मैहला के अंतर्गत 20 जून को पंचायत घर रठियार, 22 जून को पंचायत घर बसोधन, 24 जून को पंचायत घर टपूण, 26 जून को पंचायत घर फगाडी, 28 जून पंचायत घर बंदला, 30 जून को पंचायत घर कुनेड में जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### नवागंतुक छात्रों के लिए लगाया हेल्प डेस्क

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) चंबा इकाई द्वारा सोमवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चंबा परिसर में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले नवागंतुक छात्रों की सहायता के लिए एक हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, आवश्यक दस्तावेजों और कॉलेज से संबंधित अन्य जानकारी में मदद प्रदान करना है। एबीवीपी चंबा विभाग के संयोजक अर्पित जरियाल ने बताया कि हेल्प डेस्क पर एबीवीपी के कार्यकर्ता छात्रों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की तकनीकी या दस्तावेजी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। यह डेस्क कॉलेज के मुख्य द्वार के पास प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक कार्यरत रहेगा, जब तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती।

### अग्निवीर परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** निदेशक सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर (हि. प्र.) ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 के अग्निवीर जीडी श्रेणी के प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं इसके अलावा अग्निवीर अन्य श्रेणी के प्रवेश पत्र 18 जून को जारी कर दिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी उम्मीदवार को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने से सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो वे सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर के दूरभाष नम्बर- 8894088311 पर संपर्क किया जा सकता है।

### राकेश और राज ने माता की भेंटों से बांधा समां

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सरूणी माता मंदिर भनोता चनेड में जेठे मंगलवार के शुभ अवसर पर पारंपरिक भव्य जागरण और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हवन से हुई, जबकि शाम को भक्तिमय जागरण और भंडारे का आयोजन हुआ। जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक राकेश कुमार शर्मा व राज जेरी ने एक से बढ़कर एक माता की भेंटें प्रस्तुत कीं, जिनमें 'चलो बुलावा आया है,' 'तेरी ज्योति जगे सारी रात,' 'शेर पर सवारी मेरी माता,' 'भलेई वाली माता,' 'बस चली है कुथी माता,' जैसी लोकप्रिय भेंटें शामिल रहीं। उनकी संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरा पंडाल भक्ति में झूम उठा। यह धार्मिक आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। ग्रामीणों ने माता के दरबार में सुख-शांति की कामना के साथ पूर्ण आहुति दी व भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### नौकरी चाहिए तो 24 को आएं चुवाड़ी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार कार्यालय बालू चंबा के द्वारा उप रोजगार कार्यालय चुवाड़ी में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आईटीसी लिमिटेड जम्मू द्वारा अप्रेंटिस /ट्रेनी के लिए 15 पदों को भरने के लिए इंटरव्यू लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अप्रेंटिस/ट्रेनी के लिए शैक्षणिक योग्यता आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन, आरएसी, फीटर, मैकेनिस्ट, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक्स व मोटर मैकेनिक व्हीकल में पास होना अनिवार्य है और आयु सीमा 25 वर्ष तक निर्धारित की गई है तथा चयनित उम्मीदवारों को मासिक वेतन 12 हजार रखा गया है। रोजगार अधिकारी ने बताया कि जॉब लोकेशन जम्मू के जिला सांबा के गांव रावा राजपुरा बेरी ब्राह्मण चिन्हित है। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व बायोडाटा के साथ निर्धारित तिथि और स्थान पर प्रातः 10:00 बजे उपस्थित हो जाएं।

### स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी के निधन पर शोक

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** स्वर्गीय स्वतंत्रता सेनानी लौहकू राम की धर्मपत्नी महंती देवी, निवासी दरेहड़ा के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। उनकी स्मृति में आज प्रशासनिक प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद अवसर पर नायब तहसीलदार कृष्ण चंद ने महंती देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से उन्हें सम्मान स्वरूप 20 हजार की राशि उनके परिवारजनों को प्रदान की गई है। इस मौके पर कानूनगो केसर सिंह, स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे व सभी ने महंती देवी को श्रद्धांजलि दी।

### महिलाओं में बढ़ते अपराधों पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर हिमाचल सरकार को आप ने घेरा। कुनिहार की घटना पर कड़ी निंदा हिमाचल प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ लगातार बढ़ रहे आपराधिक मामलों पर आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश ने गहरी चिंता व्यक्त की है और राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। आप ने कुनिहार में एक प्राथमिक स्कूल के शिक्षक द्वारा बच्चियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है, जिसके बाद बच्चियों को स्कर्ट पहनने से मना कर पैंट की मांग करनी पड़ी है। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रवक्ता प्रदेश प्रवक्ता सुषमा शर्मा ने जारी बयान में कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश में हमारी माताओं और बेटियों की सुरक्षा खतरे में है।

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमका चंबा का सितारा शील कालिया

## 2007 में थियेटर से शुरू किया सफर, 2019 में शॉर्ट फिल्म में नेगेटिव रोल में बेस्ट एक्टर का मिला पुरस्कार



**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** प्रदेश के चंबा की पवित्र भूमि से निकला एक प्रतिभाशाली कलाकार आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत और खासतौर पर चंबा का नाम रोशन कर रहा है। हम बात कर रहे हैं शील कालिया की, जिनकी कहानी संघर्ष, समर्पण और सफलता की मिसाल बन चुकी है।

शील कालिया का जन्म 1987 में दिल्ली में हुआ, लेकिन उनकी जड़ें चंबा के कश्मीरी मोहल्ला से जुड़ी हैं। उनकी मां बंगाल से हैं और पिता मूल रूप से चंबा के रहने वाले थे। शील की स्कूली शिक्षा भारती पब्लिक स्कूल, चंबा में हुई और उन्होंने स्नातक चंबा डिग्री कॉलेज से किया। 2007 में थिएटर के प्रति अपने जुनून को लेकर शील दिल्ली आ गए और श्रीराम सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, थिएटर दिल्ली में दाखिला लिया। वहां उन्होंने पूरे 10 वर्षों तक थिएटर का गहन प्रशिक्षण लिया और मंच पर अपनी कला को निखारा। हालांकि शुरुआती दौर आसान नहीं था। पिता के 2013 में कैंसर से निधन के बाद शील पर परिवार की जिम्मेदारी आ गई। उन्होंने नौकरी और थिएटर दोनों को एक साथ निभाया, लेकिन दिल में हमेशा अभिनय का सपना बसा रहा।

2019 में उनकी शॉर्ट फिल्म 'रेप मी' को बर्लिन, जर्मनी में बेस्ट शॉर्ट फिल्म और शील को नेगेटिव रोल में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार मिला। यह उनके करियर का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय मोड़ था।

### शिक्षा और प्रशिक्षण का समर्पण

**शील** ने अभिनय को सिर्फ कला नहीं, एक साधना माना। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल से ड्रामा और एक्टिंग में एम.ए. की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में वे मुंबई और दिल्ली के बीच चल रहे अपने आगामी वेब सीरीज और वेब फिल्मों के प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। इसके साथ ही, वे स्कूल, कॉलेज और टी-सीरीज इंस्टीट्यूट में युवाओं को अभिनय का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। शील कालिया आज न केवल एक उभरते हुए कलाकार हैं, बल्कि युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी बन चुके हैं।

### इन पुरस्कारों से नवाजा

- सेंटियागो ग्लोबल फिल्म अवॉर्ड 2024 (चिली)- बेस्ट एक्टर
- म्यांमार बर्मा फिल्म फेस्टिवल - बेस्ट एक्टर
- इंडियन इंटरनेशनल फीचर इन शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल - बेस्ट एक्टर
- वेस्ट बंगाल शॉर्ट फिल्म अवॉर्ड- बेस्ट एक्टर
- फिफ्थ इंटरनेशनल क्रिटिक्स फिल्म फेस्टिवल, नेपाल - बेस्ट एक्टर
- और भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान।

### चंबा में थियेटर सोसायटी स्थापित करने का है सपना: शील कालिया

'**मैं** चाहता हूं कि चंबा का नाम उसकी संस्कृति, इतिहास और लोक कथाओं के लिए दुनिया भर में जाना जाए। यहां अपार संभावनाएं हैं।' अब शील कालिया का सपना है कि चंबा में एक थियेटर सोसायटी स्थापित की जाए, जहां स्थानीय कलाकारों को प्रशिक्षण और मंच मिल सके, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकें।

# बिना शिक्षक चल रहा लुड़ेरा स्कूल

## अभिभावकों ने उपायुक्त से की कार्रवाई की मांग



उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपने जाते नाराज अभिभावक।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**विकास** खंड मैहला-1 के राजकीय प्राथमिक विद्यालय लुड़ेरा में शिक्षक की नियुक्ति आदेश के बावजूद कार्यभार न संभालने से स्कूल में पढ़ाई ठप पड़ी है। नाराज अभिभावकों ने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल स्थायी शिक्षक भेजने की मांग की है।

उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा द्वारा 4 जून को जारी आदेश के अनुसार अशोक कुमार को स्कूल में नियुक्त किया गया था, लेकिन 10 दिन बीतने के बाद भी उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। आदेश में स्पष्ट निर्देश था कि नियुक्ति तत्काल प्रभाव से होनी चाहिए।

विद्यालय में 28 छात्र अध्ययनरत हैं, परंतु स्थायी शिक्षक के अभाव में कभी कोई अस्थायी शिक्षक आता है, कभी कोई और। इससे न केवल पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि बच्चों का मनोबल भी टूट रहा है। अभिभावकों का कहना है कि हर दिन नया चेहरा देखकर बच्चे परेशान हैं। उन्हें पढ़ाई में कुछ समझ नहीं आता।

शिकायत में कहा गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 25 का उल्लंघन हो रहा है, जिससे छात्र-शिक्षक अनुपात बिगड़ गया है। यदि तुरंत स्थायी शिक्षक नहीं भेजे गए, तो अभिभावक स्कूल में खुद ताला लगा देंगे टीचर ना होने की वजह से और इसका जिमेदार प्रशासन होगा। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से शिक्षा विभाग ग्रामीण इलाकों को नजरअंदाज करता आ रहा है। बच्चों की शिक्षा के साथ ऐसा खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विभिन्न योजनाओं के तहत हासिल करें सैचुरेशन: डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ज़िले में प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आज राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित उपमंडल दंडाधिकारी नागरिक (एसडीएम) को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत ज़िला में चयनित 156 गांव में विभिन्न योजनाओं की सैचुरेशन हासिल करने के लिए क्लस्टर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन करने को कहा।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चयनित जनजातीय ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और पोषण से जुड़ी योजनाओं का समन्वित रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लक्षित समुदायों को समयबद्ध लाभ प्रदान किया जा सके। डीसी ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को इन चयनित गांव में एलपीजी गैस कनेक्शन की परिपूर्णता के लिए सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए।

# बढ़ते पानी और सीवरेज बिल से जनता में आक्रोश

## भाजपा नेता जय सिंह के नेतृत्व में चंबा में उग्र प्रदर्शन

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** प्रदेश सरकार द्वारा पानी और सीवरेज दरों में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ चंबा की जनता का आक्रोश अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है। भाजपा नेता व अधिवक्ता जय सिंह ने भरमौर चौक पर धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की और फिर रोड मार्च करते हुए जलशक्ति विभाग कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने एसडीओ दीपक भारद्वाज को ज्ञापन सौंपते हुए जनता की समस्याएं सामने रखीं।

जय सिंह ने बताया कि अब दो महीनों का पानी का बिल ₹888 और सीवरेज का बिल ₹436 तक पहुंच गया है। इसके अलावा, अगर उपभोक्ता 15 तारीख के बाद बिल जमा करता है, तो उसे ₹90 पेनल्टी और ₹10 सरचार्ज के रूप में अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि चंबा विधानसभा क्षेत्र की कुल जनसंख्या लगभग 1.20 लाख है, जिसमें से लगभग 80,000 चंबा विधानसभा का मतदाता हैं। उन्होंने विशेष तौर पर मुगला, करियां और हरदासपुरा जैसे इलाकों का ज़िक्र करते हुए बताया कि इन क्षेत्रों में कुछ परिवार जल संकट का सामना कर रहे हैं, जिससे स्थानीय निवासी गंभीर संकट झेल रहे हैं।



जय सिंह ने नेतृत्व में एसडीओ दीपक भारद्वाज को ज्ञापन सौंपते हुए।

जय सिंह ने आरोप लगाया कि जलशक्ति विभाग के कर्मचारी बिल जानबूझकर 15 तारीख के बाद वितरित करते हैं, ताकि उपभोक्ताओं को देर से भुगतान करने पर पेनल्टी भरनी पड़े।

इस पर एसडीओ जलशक्ति विभाग, दीपक भारद्वाज ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हम इस विषय को पूरी गंभीरता से ले रहे हैं। जो भी शिकायतें सामने आई हैं, उनकी तत्काल जांच की जाएगी। अगर किसी भी कर्मचारी द्वारा बिलों के वितरण में जानबूझकर देरी पाई गई तो उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# औंधे मुंह गिरा डलहौजी का पर्यटन उद्योग : मनीष सरीन

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** प्रदेश विधानसभा चुनाव में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे मनीष सरीन ने वक्तव्य दिया है की डलहौज़ी हिमाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सूची में शुमार है। प्रत्येक वर्ष ग्रीष्म ऋतु में यह लाखों पर्यटकों का साक्षी बनता है परन्तु 2025 में डलहौजी का पर्यटन सीजन अन्य वर्षों के मुकाबले औंधे मूंह गिरा है। मनीष ने कहा की डलहौज़ी पर्यटन उद्योग में इतनी भीषण गिरावट सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है क्यूंकि अधिक्तर स्थानीय जीविकाएँ पर्यटन उद्योग पर सीधे तौर पर आश्रित हैं। मनीष ने कहा की डलहौज़ी के पर्यटन उद्योग में प्रत्येक वर्ष बढ़ रही भारी गिरावट एक गंभीर विषय बन गया है।

# एनएचपीसी बंद करेगी ग्रामीण बिजली सप्लाई

## ग्रामीणों को जारी कर दिया था नोटिस, अब बोर्ड से लेना होगा बिजली कनेक्शन

**हाशु शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** उपमंडल के तहत आने वाले गांवों में रह रहे उपभोक्ताओं के लिए बड़ी खबर है। बैरा-स्यूल पावर स्टेशन से एनएचपीसी (राष्ट्रीय जलविद्युत निगम) द्वारा जो बिजली आपूर्ति वर्षों से दी जा रही थी, वह अब बंद की जा रही है। इसके संबंध में एनएचपीसी ने संबंधित ग्रामीणों को बाकायदा नोटिस जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि आगामी एक महीने के भीतर सभी उपभोक्ताओं को हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड से औपचारिक रूप से बिजली कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा।

एनएचपीसी ने भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 का हवाला देते हुए बताया है कि उसके पास केवल विद्युत उत्पादन का अधिकार है, जबकि वितरण का अधिकार केवल हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड को है। इसी के चलते बैरा बांध परिसर व आसपास के क्षेत्रों में अब विद्युत आपूर्ति का जिम्मा बिजली बोर्ड को सौंपा जा रहा है।

### चिल्ली गांव के करीब 100 परिवार प्रभावित

**गौरतलब** है कि बैरा बांध परियोजना की स्थापना के समय एनएचपीसी ने चिल्ली गांव में आवासीय कॉलोनी बनाई थी और गांव के लगभग 100 परिवारों को भी सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बिजली कनैक्शन दिए थे। लेकिन अब यह अस्थायी व्यवस्था समाप्त की जा रही है। चिल्ली गांव में बोर्ड का ट्रांसफार्मर पहले ही स्थापित कर दिया गया है, जिससे अब बिजली बोर्ड द्वारा विधिवत सप्लाई दी जाएगी।

### उपभोक्ताओं से मांगे आवेदन: सहायक अभियंता

उधर, बिजली बोर्ड उपमंडल तीसा के सहायक अभियंता अमीर चंद ने जानकारी दी कि सभी प्रभावित उपभोक्ताओं से समय रहते आवेदन मांगे जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'बोर्ड की ओर से सभी जरूरी व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। जैसे ही उपभोक्ता आवेदन करेंगे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बिजली कनेक्शन मुहैया करवा दिए जाएंगे।' यदि निर्धारित समयावधि में आवेदन नहीं किया गया तो एनएचपीसी बैरा स्यूल पावर स्टेशन से ग्रामीण इलाकों की बिजली आपूर्ति बंद कर सकता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

# जन कल्याण योजनाओं की जानकारी दी

**ओपी शर्मा, भरमौर**

**जनजातीय** गौरव वर्ष एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत हड़सर में एक दिवसीय जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार भरमौर तेजराम ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'जनजातीय समाज के चहुंमुखी विकास हेतु सरकार निरंतर प्रयासरत है और इन शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदाय को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना एवं उनका लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना हैं। शिविर में विभिन्न विभागों स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उधान ,पशुपालन,तहसील कल्याण ,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण योजनाओं की जानकारी दी और विभागों द्वारा प्रचार सामग्री भी वितरित की गई। शिविर के दौरान पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक राकेश भंगालिया ने उपस्थित ग्रामीणों को पशु संजीवनी नंबर 1962 की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब प्रदेश के किसी भी कोने से पशुपालक 1962 नंबर पर कॉल करके मोबाइल पशु चिकित्सा सेवक की सेवा प्राप्त कर सकते हैं।

# कौशल एवं उद्यमिता विकास को लेकर तैयार करें प्रस्ताव : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने कहा कि ज़िला में अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित लोगों को पारंपरिक एवं गैर पारंपरिक कला-शिल्प के माध्यम से कौशल एवं उद्यमिता विकास को लेकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा उपलब्ध संसाधनों के आधार पर प्रशिक्षण प्रस्ताव तैयार किए जाने चाहिए। उपायुक्त ने यह निर्देश आज पीएम-विकास (विरासत का संवर्धन) योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीसी कक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। मुकेश रेपसवाल ने योजना के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला में अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र तीसा, सलूणी, साहू इत्यादि के लिए विशेष प्राथमिकता रखने को कहा । उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को महिला सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर विशेष अधिमान देने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण प्रस्ताव तैयार करने के दौरान प्रशिक्षण व्यय के साथ गेस्ट टीचर के मानदेय को भी जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि पीएम- विकास योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित लोगों को पारंपरिक एवं गैर पारंपरिक कला-शिल्प के माध्यम से कौशल एवं उद्यमिता विकास को लेकर कौशल विकास योजनाओं से जुड़े एनजीओ भी प्रशिक्षण प्रस्ताव तैयार कर अपना योगदान दे सकते हैं।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा,ज़िला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कहा- अल्पसंख्यक समुदाय के लिए रखें विशेष प्राथमिकता

### सूडोकु नवताल- 7465 (★★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7464 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

वीरवार, 19 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वावसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** अष्टमी (11:52) : **नक्षत्र** उत्तरभाद्रपदा (23:05), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** प्रीति (07:39), अभीजित (11:51-12:49)। **राहुकाल** (14:05-15:49)।

### विशेष दिन

- 19 जून 2025: बोहरा अष्टमी आज।
- 20 जून 2025: पंचक कल होंगे समाप्त।

**मेषः** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृषः** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुनः** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्कः** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**सिंहः** दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ।

**कन्याः** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुलाः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिकः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनुः** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज़ में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मकरः** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व व असंतोष बना रहेगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कुंभः** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**मीनः** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

# शौचालय निर्माण में जुड़ी निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**मणिमहेश** ट्रस्ट पर शौचालय निर्माण में जुड़ी निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के आरोप लगाते हुए रद की गई निविदाओं के संबंध में लिखित स्पष्टीकरण की मांग की है। उन्होंने भरमौर के विधायक डॉक्टर जनक राज को भी पत्र लिख कर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। श्री मणिमहेश ठेकेदार संघ के अध्यक्ष शिव कुमार बड़धनियां तथा महासचिव दीना नाथ पखरेटिया का कहना है कि यह मुद्दा ठेकेदारों के बीच गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है और इससे आगामी कार्यों की व्यवहार्यता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। श्री मणिमहेश ट्रस्ट भरमौर द्वारा 17 मई को शौचालय निर्माण के लिए निविदाएं प्रकाशित की गई थी। जिसके लिए अंतिम तिथि 3 जून थी, जिसे 28 मई को संशोधित कर 9 जून कर दिया। भरमौर क्षेत्र के पंजीकृत ठेकेदारों ने नई तिथि के अनुसार अपने रेट भरे। दस जून को ये खोले गए, जिसमें तीन ठेकेदारों के दस्तावेज वैध पाए गए और रजिस्टर पर हस्ताक्षर भी हो गए।

ठेकेदारों बंटी कपूर, इशू तथा अरुण ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अनुमानित लागत से आठ प्रतिशत अधिक दर की पेशकश की थी। इस पर समिति अध्यक्ष ने आगामी कार्रवाई के लिए बुलाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बाबजूद इसके निविदाएं रद्द करने का कोई कारण नहीं बताया गया। जब ठेकेदारों ने बातचीत के माध्यम से कारण जानना चाहा, तो बताया गया कि ट्रस्ट पांच प्रतिशत से अधिक की दर स्वीकार नहीं कर सकता और यह भी कि आठ में से सिर्फ तीन ही टेंडर प्राप्त हुए।

### रद्द निविदाओं के संबंध में मांगा लिखित स्पष्टीकरण

# उद्घोषित आरोपी धर्मशाला से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने हमीरपुर जिला के भोरंज के धमरोल गांव के रहने वाले उदघोषित आरोपी राजीव कुमार पुत्र प्रेम सिंह को धर्मशाला से बुधवार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपी को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर-1 मंडी ने बीते वर्ष 23 सितंबर को अदालत के आदेश को जानबूझकर नहीं मानने पर पुलिस थाना सदर मंडी में आईपीसी की धारा 174-ए में उद्घोषित आरोपी घोषित किया था। बता दें कि इसके साथ आरोपी राजीव कुमार के खिलाफ कुल 10 एफआईआर विभिन्न पुलिस थाना में दर्ज हैं। पीओ सेल ने आरोपी को पुलिस थाना सदर के हवाले कर दिया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में एचएचसी मोहिंदर सैनी, एचसी रवि कुमार व कांस्टेबल हरीश मौजूद रहे।

अनंत Classifieds

**नागरिकता संबंधी सूचना**

**मैं, तारा खड़का** (तारा ),निवासी कटराई, जिला कुल्लू (हिमाचल प्रदेश), यह सूचित करती/करता हूँ कि मैंने नेपाल की नागरिकता त्यागकर भारतीय नागरिकता लेने का निर्णय लिया है। मैं संबंधित प्रक्रिया का पालन कर रही/रहा हूँ।

**NAME CHANGE**

**I, Joginder** aged 47 Years Son of Sh. Nokh Ram R/O Village Trashi P.O Patlikuhal Tehsil Manali, Distt. Kullu H.P. solemnly declare that due to inadvertantly mistake my name is mentioned as Joginder Thakur in my son's birth certificate but my actual and correct name is Only JOGINDER. All concerned note it.

**व अदालत नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा (हि. प्र.)**

महेशु पुत्र कांशी राम पुत्र रिझू द्वारा मुख्तयारे आम भानु धीमान पुत्र महेशु पुत्र कांशी राम निवासी गाँव चुहडपुर डाकघर चनौर तहसील इन्दोरा जिला काँगड़ा हि.प्र. । ....वादी

बनाम

1. मुशकला पुत्री रघुनाथ सिंह बगैरा नवासीगण महाल हटली तहसील नूरपुर 2. सुरजीत कुमार पुत्र अच्छरु बगैरा निवासीगण महाल हटती तहसील नूरपुर 3. रुमाल सिंह पुत्र रणवीर सिंह बगैरा निवासीगण महाल हटली तहसील नूरपुर ....प्रतिवादीगण

प्रार्थना पत्र तकसीम भूमि खाता न0 299 300, 46 वाकया महाल हटली तहसील नूरपुर जिला काँगड़ा हि. प्र. बरुये जमाबन्दी साल 2021-2022 उपरोक्त मुकदमा तकसीम खाता न. 299 खतौनी न. 473 ता 475 खसरा न. किता 11 रकवा तादादी 0-71-72 है.मी. वाक्या महाल हटली तहसील नूरपुर में प्रतिवादी न. 1 मुशकला पुत्री रघुनाथ सिंह 2. वंशदीप पुत्र 3. मीनाक्षी देवी 4 सरिता देवी 5 ममता कुमारी पुत्रीयां व 6 आशा कुमारी विध्वा कुलदीप सिंह 10. सुनील जसवाल पुत्र 11. सुधा जसवाल पुत्री व 12 किरण देवी दिध्वा प्रदीप कुमार 13 सतीश कुमार पुत्र संतोष कुमारी 14 गौतम ठाकुर पुत्र 15 ईशा ठाकुर पुत्री 16 वनिता ठाकुर विध्वा नरेश कुमार 17 चैन सिंह पुत्र रुमेल सिंह 20 श्रीमती सुमन लता 21 रमणीक कुमारी पुत्रीयां अच्छरु 23 समर पुत्र व 24 सीमा देवी विध्वा सरूप सिंह 44 मलकीत सिंह पुत्र बाहमणु 47 ज्योति पुत्री रण सिंह निवासीगण महाल हटली तहसील नूरपुर ।

मुकदमा तकसीम खाता न. 300 खतौनी न. 476 ता 483 खसरा किता 52 रकवा तादादी 02-58-62 है.मी. वाक्या महाल हटली तहसील मूरपुर में प्रतिवादी न. 3 सुमन लता 4 रमणीक कुमारी पुत्रीयां अच्छरु 6 समर पुत्र व 7 सीमा देवी विध्वा सरूप सिंह 20 मिसर चन्द 21 सुनील कुमार पुरान 22. किरना देवी पुत्री व 23 सुदेश कुमारी विध्वा करतारो 28 विकास 29. आकाश पुत्रान 30. ज्योति पुत्री सुनीता देवी विध्वा रण सिंह 36 लीला देवी पुत्री रेलू राम निवासीगण महाल हटली तहसील नूरपुर ।

मुकदमा तकसीम खाता न. 46 खतौनी न0 79 बसरा न. 1849, 1850 किता 2 रकवा तादादी 0-93-92 है. मी. वाक्या महाल हटली तहसील नूरपुर में प्रतिवादी न. 1 रुमाल सिंह 2 कमल सिंह पुत्रान व 3 श्रीमती चैन्चला 4 श्रीमती अविनाश कुमारी 5. श्रीमती सुदेश कुमारी 6 श्रीमती तृप्ता देवी पुत्रीयां रणवीर सिंह 7. रमेशवर सिंह पुत्र व 8 लछमी देवी 9 उषा देवी 10 वीना देवी पुत्रीयां मेजर रघुनाथ सिंह 11. संजीव पुत्र राजेन्द्र सिंह 24 सुमन लता 25 रमणीक कुमारी पुत्रीयां अच्छरु 27 समर पुत्र व 28 सीमा देवी विध्वा सरूप सिंह निवासीगण महाल हटली तहसील नूरपुर ।

उपरोक्त कदमा तकसीम भूमि खाता न0 299 300, 46 में इस अदालत से कई बार समन जारी किये गए । परन्तु तामील समनात नियमानुसार न हो सकी। इस अदालत को यह विश्वास हो चुका है कि उक्त प्रतिवादीगण को तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है।

अतः उक्त प्रतिवादीगण को इस इश्तेहार अखवार अंनत ज्ञान द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 28-07-2025 को सुबह 11-00 बजे असालतन व् वकालतन अदालत में उपस्थित होकर पैरवी प्रार्थना पत्र तकसीम करे। हाजिर न आने की सूरत में उनके खिलाफ नियमानुसार एक तरफ़ा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

आज दिनांक 18-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर**

‘समझदारी इसी में है कि हम अपनी खुशी का पीछा करते समय दूसरों के बारे में भी सोचें। –दलाई लामा

## संपादकीय

# हिमाचल को राहत

केंद्र सरकार ने आखिर लंबे अर्से बाद 2023 में मानूसन सीजन के दौरान आई भयंकर प्राकृतिक आपदा से प्रदेश को हुए नुकसान की भरपाई कर ही दी। निश्चित रूप से यह राशि पीड़ितों के जख्म पर मरहम का काम करेगी। हालांकि, जिस हिसाब से हिमाचल में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान हुआ था उसके अनुरूप आर्थिक मदद नहीं मिली, लेकिन फिर भी जो 2006.40 करोड़ रुपए नुकसान की भरपाई के लिए मिले हैं उनसे काफी लोगों को राहत पहुंचाई जा सकती है। हिमाचल जितना सुंदर है, उतना ही संवेदनशील भी। बरसात के दिनों में हर साल प्राकृतिक आपदा राज्य को भीषण तबाही के मुहाने पर लाकर खड़ा कर देती है। जानमाल का भारी नुकसान होता है, सैकड़ों लोग बेघर हो जाते हैं और कई जगहों पर तो बुनियादी ढांचे तक का नामोनिशान मिट जाता है। 2003 की आपदा ने हिमाचल को जिस तरीके से सामाजिक और आर्थिक संकट में डाला, उससे उबरने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र से 12,000 करोड़ रुपए की मांग की थी, लेकिन यह बेहद चिंताजनक है कि केंद्र ने मात्र 2,006.40 करोड़ रुपए की ही राहत राशि मंजूर की। यह कहना उचित नहीं होगा कि यह मदद महत्वहीन है, क्योंकि यह कई प्रभावित लोगों को राहत देने में सहायक होगी, लेकिन यह भी सत्य है कि इस राशि से राज्य के समग्र नुकसान की भरपाई नहीं हो सकती।

राजनीतिक दृष्टिकोण से देखें तो यह मुद्दा राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विषय भी बनता जा रहा है। विपक्षी भाजपा का यह कहना कि केंद्र पहले ही 2,000 करोड़ की सहायता दे चुका है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इन पैसों का सही ढंग से उपयोग हो, कुछ हद तक वाजिब प्रतीत होता है। यह स्वाभाविक है कि किसी भी सार्वजनिक धन के उपयोग में पारदर्शिता होनी चाहिए और यह ध्यान रखा जाए कि लाभ वास्तविक पीड़ितों तक पहुंचे, लेकिन यह बात तब तक ही स्वीकार्य है जब तक वह आलोचना राजनीतिक लाभ की मंशा से प्रेरित न हो। वर्तमान प्रदेश सरकार पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि राहत राशि का दुरुपयोग हो सकता है। यह आरोप तब तक निराधार माना जाएगा, जब तक इसका कोई ठोस प्रमाण सामने न आए। प्रदेश सरकार का यह दायित्व बनता है कि वह प्रत्येक राहत वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए और जनता के सामने रिपोर्ट रखे कि कहां और किसे सहायता दी। आज के डिजिटल युग में यह संभव भी है कि सारी जानकारी ऑनलाइन सार्वजनिक की जाए, ताकि जनता को भी यह जानकारी रहे कि उसके राज्य को मिले धन का उपयोग कैसे किया जा रहा है।

वहीं, केंद्र सरकार की भूमिका भी सवालों के घेरे में आती है। अगर नुकसान 2023 में हुआ और राज्य सरकार ने उसी समय सहायता की मांग की, तो इतनी देरी क्यों की गई? आपदाएं समय का इंतजार नहीं करतीं और न ही पीड़ितों का दुख रुकता है। ऐसे में यदि सहायता समय रहते मिल जाए तो पुनर्वास की प्रक्रिया तेज होती है और राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता। अफसोस की बात यह है कि जब तक केंद्र ने राहत राशि जारी की, तब तक 2024 में एक और आपदा हिमाचल को झेलनी पड़ी। यह स्पष्ट संकेत है कि आपदा राहत को लेकर एक समन्वित, संवेदनशील और तेज प्रतिक्रिया प्रणाली की जरूरत है, जो राजनीति से परे होकर काम करे। गृह मंत्रालय ने भले ही दिसंबर 2023 में 633.73 करोड़ की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी हो और हाल ही में एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के तहत 20,264.40 करोड़ और 5,160.76 करोड़ रुपए देशभर के राज्यों को आवंटित किए हों, लेकिन फिर भी वास्तविक राहत तभी मानी जाएगी जब संबंधित राज्यों को समय पर, आवश्यकता के अनुरूप और बिना भेदभाव के सहायता मिले। यह बात भी गौर करने योग्य है कि केंद्र सरकार आपदाओं से निपटने के लिए दीर्घकालिक रणनीति पर काम कर रही है।

आपदा प्रतिरोधी इंफ्रास्ट्रक्चर, एडवांस वार्निंग सिस्टम और राहत प्रशिक्षण जैसे कदमों से भविष्य की आपदाओं में नुकसान को कम किया जा सकता है, लेकिन जब तक इन योजनाओं का धरातल पर सशक्त क्रियान्वयन नहीं होता, तब तक राहत का असली अर्थ अधूरा ही रहेगा। समस्या की जड़ यह भी है कि राहत राशि को लेकर अक्सर केंद्र और राज्य के बीच संवादहीनता या टकराव की स्थिति बन जाती है। केंद्र को राज्यों की समस्याओं को एकसमान दृष्टिकोण से देखना चाहिए, न कि राजनीतिक दलों के आधार पर। यदि हिमाचल को नुकसान हुआ है और वह अपने अधिकार के तहत सहायता मांग रहा है, तो यह उसकी संवैधानिक अपेक्षा है। इसी तरह, राज्य सरकार को भी चाहिए कि वह केंद्रीय सहायता को लेकर पारदर्शिता बनाए रखे और एक-एक पैसे का हिसाब जनता के सामने प्रस्तुत करे। सरकारें आएंगी-जाएंगी, लेकिन जनता की पीड़ा को दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए। आपदाओं के बाद अगर राहत देर से आती है या सियासी बहसों में उलझ जाती है, तो उसका सीधा नुकसान जनता को उठाना पड़ता है। इसलिए अब समय आ गया है कि केंद्र और राज्य दोनों मिलकर एक ऐसी आपदा प्रबंधन प्रणाली विकसित करें, जो तेज, निष्पक्ष और मानवीय हो, क्योंकि राहत का कोई विकल्प नहीं होता। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# कांग्रेस नेता व भारत की संसद के सदस्य

राहुल गांधी कांग्रेस नेता और देश के सांसद हैं। वह संसद के निचले सदन लोकसभा में केरल स्थित वायनाड चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। राहुल गांधी उस ‘नेहरू गांधी’ परिवार से हैं जो भारत का प्रमुख राजनीतिक परिवार है। 2009 के आम चुनावों में राहुल गांधी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उसमें मिली भारी सफलता का श्रेय उन्हें दिया जाता है। भारत को निकट से जानने के लिए उन्होंने मनमोहन सिंह के नेतृत्व की सरकार में कोई भी पद लेने से मना कर दिया। राहुल गांधी ने 2004 में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में अमेठी से अपने पिता राजीव गांधी के निर्वाचन क्षेत्र से पहला लोकसभा चुनाव लड़ा था। 1995 में अपनी शिक्षा में उन्होंने ट्रिनिटी कॉलेज, कैंब्रिज विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र में एमफिल किया। राहुल गांधी अविवाहित हैं। अप्रैल 28, 2004 में इंडियन एक्सप्रेस में स्पेन की एक वास्तुकार ‘वरौनिका’ के साथ उनके संबंध होने की सूचना छपी थी। दोनों विश्वविद्यालय में मिले थे। ■



राहुल गांधी
जन्म : 19 जून, 1970

## कविता



# स्वागत में उतरी प्रकृति

मनीष कुमार (महाराज नगर) जयसिंहपुर

*देखो, स्वागत में स्वयं मानसून चला आया है,*
*बादलों की बांहों में कोमल बूंदों का हार लाया है।*
*धरती ने ओढ़ी हरियाली की चुनरी,*
*नदी ने भी बांधे हैं चांदी जैसे कंगन सुंदर।*
*पेड़ों की शाखाएं झूम रही हैं, पत्तों पर बूंदें घूम रही हैं।*
*प्रकृति ने मुस्कान से, तुम्हारा नाम गुनगुनाया है।*
*हवा आज कुछ कहती सी है,*
*तितलियां भी तुम्हारी राह तकती सी हैं।*
*फूलों ने रंगों की भाषा में, एक संदेश सुनाया है।*
*‘तुम आए हो, तो जीवन फिर से मुस्काया है।’*
*गगन में इंद्रधनुष ने रंग बिखेरा,*
*कण-कण ने स्वागत में प्रेम का दीप घेरा।*
*सागर की लहरें भी गा उठीं, उस मधुर मिलन का गीत।*
*जिसे सुनकर प्रकृति ने, अपना हृदय लुटाया है।*
*देखो न, स्वागत में स्वयं मानसून चला आया है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 11 साल में अंतरिक्ष में शानदार खगोलीय यात्रा

केरल के थुंबा में मछली पकड़ने वाले शांत गांव के चर्चयार्ड से साउंडिंग रॉकेट के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुई भारत की अंतरिक्ष यात्रा के बारे में शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि एक दिन देश कितनी ऊंचाइयों को छूएगा।

यह समय दृढ़ संकल्प का था, जब सितारों तक पहुंचने का सपना सीमित साधनों, लेकिन असीम महत्वाकांक्षा के साथ परवान चढ़ा। आज, वह सपना विकसित होकर एक राष्ट्रीय मिशन का रूप अख्तियार कर चुका है और जब हम नरेंद्र मोदी सरकार के ग्यारह वर्षों को चिन्हित कर रहे हैं, तो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में आमूल-चूल बदलाव आ चुका है। यह साहसपूर्ण, समावेशी और आम नागरिकों के जीवन से गहराई से संबद्ध है। यह परिवर्तन केवल रॉकेट और उपग्रहों से ही संबंधित नहीं है, अपितु यह लोगों के बारे में है। यह दर्शाता है कि दूरदराज के गांव के किसान से लेकर डिजिटल कक्षा के छात्र तक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी किस प्रकार रोजमर्रा की जिंदगी की लय में खामोशी से शामिल हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और अंतरिक्ष विभाग के रणनीतिक नेतृत्व में, भारत ने विकास, सशक्तिकरण और अवसर के उपकरण के रूप में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की नए सिरे से परिकल्पना की है। साल 2014 से शुरू किए गए सुधारों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। 2020 में इन-स्पेस की स्थापना ने निजी कंपनियों को अंतरिक्ष गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे नवाचार की लहर उठी।



लेखक : डॉ. जितेंद्र सिंह
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री

आज, 300 से अधिक अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप उपग्रह बना रहे हैं, प्रक्षेपण वाहन डिजाइन कर रहे हैं तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और नेविगेशन के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप केवल प्रौद्योगिकी ही सृजित नहीं कर रहे हैं- वे खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में युवा इंजीनियरों और उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसरों का भी सृजन कर रहे हैं। उदारीकृत अंतरिक्ष नीति ने अंतरिक्ष सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बना दिया है, जिससे उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंच रहा है। भारत के उपग्रह अब मौसम पूर्वानुमान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनकी बदौलत किसानों को अपनी बुवाई और कटाई के चक्रों की योजना अधिक सटीकता से बनाने में मदद मिलती है। बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों में, उपग्रह डेटा प्रारंभिक चेतावनी और आपदा प्रतिक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे जीवन और आजीविका की रक्षा होती है। चक्रवातों और सूखे के दौरान रिमोट सेंसिंग के कारण अधिकारियों को तैयार रहने और नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। ग्रामीण क्लीनिकों में, उपग्रह कनेक्टिविटी द्वारा संचालित टेलीमेडिसिन की बदौलत शहरी केंद्रों के डॉक्टरों द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों में रोगियों को परामर्श मुमकिन हो पाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवा से संबंधित खाई पाटना संभव होता है। सैटेलाइट बैंडविड्थ द्वारा समर्थित ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म यह सुनिश्चित करते हुए कि भूगोल अब सीखने में बाधा नहीं रहा है, दूर-दराज के गांवों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं।



भारत के स्वदेशी जीपीएस नेटवर्क-नाविक प्रणाली का इस्तेमाल अब वाहनों में नेविगेशन, ट्रेनों और जहाजों पर नजर रखने और मछुआरों को किनारे पर सुरक्षित वापस लाने के लिए किया जाता है। कृषि में, उपग्रह परामर्श से किसानों को मिट्टी की नमी, फसल की सेहत और कीटों के संक्रमण की निगरानी करने में मदद मिलती है, जिससे उचित निर्णय लेने और बेहतर पैदावार प्राप्त करने में मदद मिलती है। बीते दशक में शुरू किए गए मिशनों ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। मंगलयान भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हुए अपने पहले ही प्रयास में मंगल पर पहुंच गया। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उतरा, ऐसा क्षेत्र जहां बर्फ होने का अनुमान है और इसके रोवर ने ऐसे प्रयोग किए, जो भविष्य के चंद्र मिशनों को जानकारी प्रदान करेंगे। आदित्य-एल1 अब सौर तूफानों का अध्ययन कर रहा है, जिससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष के मौसम तथा संचार प्रणालियों और बिजली ग्रिड पर इसके प्रभाव को समझने में मदद मिल रही है।


साल 2027 के लिए निर्धारित गगनयान मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा, लेकिन चालक दल की उड़ान से पहले ही, यह मिशन नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है। अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रणालियों का विकास और चालक दल रहित परीक्षण उड़ानें व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर रही हैं। अनुसंधान को बढ़ावा दे रही हैं, प्रतिभाओं को आकर्षित कर रही हैं और राष्ट्रीय गौरव का निर्माण कर रही हैं। भविष्य पर गौर करते हुए, भारत 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन-भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन-बनाने की योजना बना रहा है। पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च होने की उम्मीद है और अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग की हाल की सफलता ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए आवश्यक तकनीकों की पुष्टि की है। यह स्टेशन दीर्घकालिक निवास और अनुसंधान का अवसर देगा, जिससे गहन अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरग्रहीय मिशनों के लिए द्वार खुलेंगे। इन बढ़ती महत्वाकांक्षाओं में सहायता देने के लिए, भारत अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) का विकास कर रहा है, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में 30,000 किलोग्राम वजन ले जाने में सक्षम है। थुंबा के साइकिल शेड से लेकर कक्षा में डॉकिंग मेन्युवर तक, भारत की अंतरिक्ष यात्रा दृढ़ता, कल्पनाशीलता और अथक प्रयास की दास्तान है। यह एक ऐसी दास्तान है जिसका ताल्लुक हर नागरिक, हर वैज्ञानिक, हर स्वप्नदृष्टा से है और अब, जबकि हम परिवर्तनकारी शासन के ग्यारह वर्षों का जश्न मना रहे हैं, तो हम एक ऐसे राष्ट्र का भी कीर्तिगान कर रहे हैं जो वास्तव में सितारों तक जा पहुंचा है और उनकी रोशनी को वापस घर ले आया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# पाकिस्तान की ‘ना-पाक’ हरकतें व विश्वासघात

आतंकवाद कहे या पाकिस्तान अब तो मानों दोनों शब्द एक दूसरे के पर्यायवाची जैसे प्रतीत होते हैं, कोई पाकिस्तान कहे तो ‘आतंकिस्तान’ सुनाई देता है। ‘आतंक की फैक्टरी’ बन चुका पाकिस्तान सदैव खुद को दूध का धुला साबित करने में पूरा दम-खम भरता दिखता है, मगर इनके चेहरे से बेगुनाहों के कातिल होने का सच और पर्दा अब उठ चुका है। इनके कुछ हमदर्दों को छोड़ दें, तो पूरा विश्व अब सच्चाई से वाकिफ है।



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

हमारे देश भारत ने सदैव पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति दिखाई है, मगर बदले में पाकिस्तान ने सदैव उस विश्वास का गला घोंटा है, पीठ पर छुरा घोपा है। भारत ने कई बार विश्वास करके मौका दिया, मगर इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान ने सदैव अपनी नापाक हरकतों से अपना असली चेहरा पीड़ित के नकाब में प्रस्तुत किया है और भारत ने हर बार हर नकाब फाड़ा है। बड़ा सवाल क्या भरोसे लायक है पाकिस्तान? भारत हमेशा बड़प्पन दिखाता रहा है, मगर दहशतगर्दी को पालने-पोसने वाले पड़ोसी का पूरा इतिहास ही दागदार है। चरित्र धोखा देने वाला रहा है, संघर्ष विराम के बाद भी गोलाबारी करता रहा है। भारत-पाकिस्तान के मध्य सदैव चलते आ रहे इस संघर्ष का जन्म विभाजन के समय से ही हो गया था। जब पाकिस्तान के अपने अस्तित्व में आने के एक दिन के बाद से ही उसने धोखा देना प्रारंभ कर दिया था। पाकिस्तान ने कबायली आतंकियों और सेना की मदद से कश्मीर पर कब्जा करने की कोशिश की। जंग शुरू हुई, यह तत्कालीन जम्मू और कश्मीर रियासत को लेकर नव स्वतंत्र राष्ट्र भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़ा था। इसे पहले कश्मीर युद्ध के नाम से भी जानते हैं। इसकी शुरुआत अक्तूबर 1947 में हुई जब पाकिस्तान समर्थित आदिवासी हमलावरों ने रियासत पर हमला किया।



महाराजा हरि सिंह की ओर से जम्मू और कश्मीर के भारतीय संघ में विलय के बाद, भारत ने इस क्षेत्र की रक्षा के लिए अपनी सेना भेजी, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच पूर्ण पैमाने पर संघर्ष हुआ। यह संघर्ष जनवरी 1949 तक जारी रहा, जब संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से युद्ध विराम लागू किया गया। इसके परिणामस्वरूप भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर का विभाजन हुआ और दोनों देशों के बीच नियंत्रण रेखा (एलओसी) अस्तित्व में आई, तब से लेकर आज दिन तक लड़ाई ऐसी ही छिड़ी हुई है।

उसके बाद निरंतर सीमा पर तनाव की स्थिति पनपती रही और पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ कर अशांति फैलाने की हरकतें जारी रखी परिणामस्वरूप 5 अगस्त, 1965 को कश्मीर को लेकर सशस्त्र संघर्ष शुरू हुआ, यह तब शुरू हुआ जब हजारों पाकिस्तानी सैनिकों ने स्थानीय उग्रवादियों के वेश में जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की। ऑपरेशन जिब्राल्टर के नाम से जाना जाने वाला यह गुप्त अभियान क्षेत्र को अस्थिर करने और स्थानीय स्तर पर उग्रवाद को भड़काने के उद्देश्य से चलाया गया था। भारत ने जवाबी सैन्य कार्रवाई शुरू की, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पूर्ण पैमाने पर लड़ाई में बदल गई। 23 सितंबर, 1965 तक युद्ध जारी रहा, जिसे भारत-पाक युद्ध 1965 के नाम से भी जाना जाता है, जब दोनों पक्ष सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में युद्ध विराम पर सहमत हुए, तो 1966 में ताशकंद में समझौता हुआ था, मगर समझौते बाद में भी कई हुए, मगर मिला सदैव धोखा। इसके बाद जब पूर्वी पाकिस्तान के बांग्लाभाषियों पर अत्याचार किए जाने लगे, तो बड़े पैमाने पर वहां से लोग भारत में शरण लेने लगे। पाकिस्तान ने इसका फायदा उठाकर 3 दिसंबर, 1971 को जंग छेड़ दी, इसमें भी उसे करारी शिकस्त मिली भारतीय संसद के सांसदों का वैश्विक मंच पर भारत के अनेक प्रतिनिधि मंडलों के रूप में देश का आतंकवाद के प्रति रुख को स्पष्ट किया जा रहा है, जो हमारी सरकार के आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट रुख व असहनीय नीति को दर्शा रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

भारत के राज्य गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान कई गहरे जख्म दे गया। उड़ान भरते ही विमान का इस तरह से क्रैश होना कई सवालों को जन्म दे रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह कि उड़ान भरने से पहले क्या विमान की मेंटेनेंस की चेकिंग नहीं हुई थी? क्या विमान वाकई उड़ने की हालत में नहीं था? क्या विमान से फ्यूल रिस रहा था या कोई अन्य पुर्जा खराब था या फिर किसी की साजिश थी या फिर कोई आतंकी वारदात थी? क्या इसे मानवीय भूल या संभावित साजिश माना जाए? ये सारे प्रश्न अब जांच एजेंसियों के अधीन हैं, जिनके निष्कर्षों का इंतजार रहेगा। यह सब जांच के विषय हैं, जिनकी पड़ताल करने में संभवत: वक्त लगेगा, लेकिन उन परिवारों का क्या जिन्होंने अपने खो दिए। इस हादसे से पीड़ित परिवार कई सालों तक उबर नहीं पाएंगे। इन मौतों ने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। **रंजन चौधरी, रानीताल**

# केरल मॉडल से सशक्त हो सकती है हिमाचल प्रदेश की शिक्षा प्रणाली

हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता और पहाड़ी भू-भाग के लिए प्रसिद्ध, ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। 90.83 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ यह भारत के अग्रणी राज्यों में से एक है। दूसरी ओर, केरल अपनी 96.2 प्रतिशत साक्षरता दर और समावेशी शिक्षा मॉडल के लिए जाना जाता है, जिसे ‘केरल मॉडल’ कहा जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने दोनों राज्यों को अपनी शिक्षा प्रणालियों को मजबूत करने का अवसर दिया है। हिमाचल ने एनईपी को लागू करने में तेजी दिखाई, जबकि केरल ने अपनी पहले से मजबूत प्रणाली को इसके साथ संरेखित किया।



लेखक : हेम सिंह ठाकुर
एडवोकेट

यह आलेख हिमाचल की स्कूली शिक्षा पर केंद्रित है, जिसमें केरल मॉडल और एनईपी 2020 के संदर्भ में तुलना की गई है, साथ ही सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक जरूरतों के आधार पर सुधार सुझाए गए हैं। हिमाचल में लगभग 18,000 सरकारी स्कूल हैं, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान करते हैं। हाल के वर्षों में सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में कमी और लगभग 1200 स्कूलों का बंद होना या मर्ज होना प्रमुख चुनौती रहा है। शिक्षा विभाग के अनुसार, 450 स्कूल शून्य नामांकन और 750 स्कूल कम नामांकन (25 से कम छात्र) के कारण बंद या मर्ज किए गए। यह नीति संसाधनों के बेहतर उपयोग और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लागू की गई। हिमाचल ने एनईपी 2020 को लागू करने वाला पहला राज्य बनकर इतिहास रचा। नया 5+3+3+4 पाठ्यक्रम ढांचा अपनाया गया, संस्कृत को तीसरी कक्षा से पढ़ाया जा रहा है और दो बार बोर्ड परीक्षाएं शुरू की गई हैं। फिर भी, पहाड़ी भू-भाग, ग्रामीण पलायन और निजी स्कूलों की बढ़ती लोकप्रियता ने चुनौतियां खड़ी की हैं।

केरल की शिक्षा प्रणाली भारत में सबसे प्रभावी और समावेशी मानी जाती है। यह मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा, मिड-डे मील और मुफ्त पाठ्यपुस्तकों पर आधारित है। केरल इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन ने स्मार्ट क्लासरूम और ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया। कोविड-19 के दौरान केरल की ऑनलाइन शिक्षा राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी रही। अभिभावक-शिक्षक संघ और पंचायतें स्कूल प्रबंधन में सक्रिय हैं। लैंगिक समानता केरल की विशेषता है, जहां लड़कियों की नामांकन दर पुरुषों से अधिक है। शिक्षक प्रशिक्षण और बेहतर शिक्षक-छात्र अनुपात (1-24) इसकी ताकत हैं।



केरल ने एनईपी 2020 को अपनी प्रणाली में धीरे-धीरे एकीकृत किया, विशेष रूप से प्रारंभिक बाल्यकाल शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा पर ध्यान देता हुआ। हिमाचल ने अगस्त 2020 में एनईपी लागू करने की घोषणा की और अप्रैल 2023 से नया पाठ्यक्रम शुरू किया। संस्कृत, क्रेडिट स्कोर सिस्टम और दो बार बोर्ड परीक्षाएं लागू की गई हैं। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक प्रशिक्षण और डिजिटल सुविधाओं की कमी बाधा है। केरल ने अपनी मजबूत प्रणाली को एनईपी के साथ संरेखित किया, विशेष रूप से मातृभाषा-आधारित शिक्षा और प्रारंभिक बाल्यकाल शिक्षा पर जोर दिया। केरल का डिजिटल ढांचा और प्रशिक्षण प्रणाली हिमाचल से आगे है। हिमाचल को कार्यान्वयन में तेजी के साथ-साथ बुनियादी ढांचे पर निवेश बढ़ाना होगा। हिमाचल में ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक रूढ़ियां, विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा को प्रभावित करती हैं। मिडिल स्कूल स्तर पर ड्रॉपआउट दर अधिक है और जागरूकता अभियान सीमित हैं। केरल में सामाजिक सुधार आंदोलनों ने जाति और लिंग आधारित भेदभाव को काफी हद तक समाप्त किया।

नीति आयोग की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, केरल में लड़कियों की नामांकन दर पुरुषों से अधिक है। हिमाचल को केरल के सामाजिक समावेश से सीखकर जागरूकता और लैंगिक समानता पर काम करना होगा। हिमाचल की अर्थव्यवस्था कृषि, पर्यटन और छोटे उद्योगों पर आधारित है। निजी स्कूलों की बढ़ती लोकप्रियता आर्थिक असमानता को दर्शाती है। मुफ्त शिक्षा और मिड-डे मील के बावजूद, मध्यम वर्ग निजी स्कूलों को प्राथमिकता देता है। हिमाचल प्रदेश ने एनईपी 2020 को लागू करने में तेजी दिखाई, लेकिन भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां बाधक हैं। केरल का मॉडल, अपनी समावेशिता, डिजिटल एकीकरण और सामुदायिक भागीदारी के लिए, हिमाचल के लिए प्रेरणा है। ग्रामीण पहुंच, डिजिटल शिक्षा और शिक्षक प्रशिक्षण पर ध्यान देकर हिमाचल अपनी शिक्षा प्रणाली को सशक्त कर सकता है। सुधारों के साथ, यह एनईपी 2020 के लक्ष्य—वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनने—को प्राप्त कर सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


# आइंस्टीन ने इसराइल को मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने का दिया था संदेश

आज इसरायल और ईरान में भारी जंग चल रहा है जिसमें दोनों का नुकसान हो रहा है, लेकिन बहुत पहले आइंस्टीन ने इसराइल को पड़ोसी अरब राष्ट्रों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने का संदेश दिया था, अल्बर्ट आइंस्टीन भौतिकी से संबंधित सभी सिद्धांतों को मिलाकर एक सिद्धांत बनाना चाहते थे, जिसे एकीकृत सिद्धांत कहा जाता है, लेकिन उनका सपना अभी भी अधूरा है। एक ओर जर्मनी के बाकी दुनिया के साथ संबंधों पर पुनर्विचार हो रहा था और दूसरी ओर यहूदियों के लिए एक अलग राष्ट्र बनाने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा था। कैथरीन के मन में एक यहूदी राष्ट्र का विचार था जो अपने पड़ोसी अरब राष्ट्रों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखेगा। उसे सशस्त्र सेना की आवश्यकता नहीं थी और वह उदार होगा। वह राष्ट्रवाद के सिद्धांत के खिलाफ था। उस समय पूरी दुनिया में आजादी की लहर चल पड़ी थी।



लेखक : संजय गोस्वामी
यमुना जी / 13, अणुशक्तिनगर, मुंबई

ब्रिटिश साम्राज्य के उपनिवेश एक-एक करके आजाद हो रहे थे। फिलिस्तीन में नए बदलाव हो रहे थे, लेकिन तनाव भी बढ़ रहा था। आइंस्टीन का अपने यहूदी भाइयों के प्रति प्रेम और भक्ति बढ़ रही थी। जब उनसे भविष्य के राष्ट्र के लिए धन जुटाने में मदद करने के लिए कहा गया, तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी। उन्होंने एक पत्र जारी किया जिसकी नीलामी की गई और 5,000 डॉलर जुटाए गए। आखिरकार, मई 1948 में इसराइल का जन्म हुआ। वीजमैन पहले राष्ट्रपति बने, लेकिन कुछ ही समय बाद उनकी मृत्यु हो गई। आइंस्टीन की उम्र अस्सी के आसपास थी। उनका शरीर बहुत कमजोर हो गया था, लेकिन लोगों को उनसे अभी भी बड़ी उम्मीदें थीं। 1952 में उनसे इसराइल के राष्ट्रपति का पद संभालने का अनुरोध किया गया।



यह पद बहुत सम्मानजनक था और इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था। दुनियाभर के लोग इसके जरिए आइंस्टीन द्वारा इजराइल के गौरव के लिए दिए गए योगदान के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहते थे। यह प्रस्ताव तेल अवीव के अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ। इसराइल के तत्कालीन प्रधानमंत्री डेविड बेन गुरियन ने गवर्नर से कहा कि आइंस्टीन से बड़ा आदर्श यहूदी दुनिया में कोई नहीं है। अगर उन्होंने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया तो चुनाव महज औपचारिकता रह जाएंगे, लेकिन आइंस्टीन ने प्रस्ताव को गंभीरता से नहीं लिया। जब न्यूयॉर्क टाइम्स ने प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन अमेरिका में इसराइल के राजदूत अब्बा इबान ने टस्कनी में उनसे संपर्क किया।

अब आइंस्टीन के पास कोई विकल्प नहीं था और उन्होंने दृढ़ता से प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इस समय काशी स्थित उनके आवास पर पत्रकारों की भारी भीड़ थी। 18 नवंबर 1952 को इसराइल के मंत्री डेविड गोयटन का पत्र आया जिसमें उनसे पद स्वीकार कर इसराइल जाने को कहा गया था। सरकार उनके भावी वैज्ञानिक कार्यों की सारी व्यवस्था करेगी। आइंस्टीन अभिभूत हो गए। उन्होंने कहा, ‘मैं इस प्रस्ताव के लिए कृतज्ञ हूं; पर मुझे बड़ा दुख है कि मैं इसे स्वीकार न कर सकूंगा।’ इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी उत्तरदायित्व निभाने के लिए आवश्यक गुण और अनुभव मुझमें नहीं है। यद्यपि यहूदी भाइयों से मेरा घनिष्ट लगाव है, पर यह उत्तरदायित्व निभाना मेरे बस की बात नहीं है। उनके मना करने पर अनेक प्रकार की टिप्पणियां की गईं। किसी ने कहा कि एक वैज्ञानिक का राष्ट्रपति बन पाना कठिन है। पर वाइसमैन भी मूलत: जीव-रसायनज्ञ थे। फिर एक भौतिकशास्त्री राष्ट्रपति नहीं बन सकता। आइंस्टीन की पहली पत्नी मिल्वा, दूसरी पत्नी एसा और छोटी बहन माजा की मृत्यु आइंस्टीन की मृत्यु से पहले ही हो चुकी थी। आइंस्टीन के पहले बेटे हंस का जीवन अपेक्षाकृत सफल रहा। उन्हें बकी में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में काम करने का अवसर मिला।

उन्होंने हिस्टीरिया बीमारी पर काम किया। आइंस्टीन का विरोध उनकी मृत्यु के बाद भी नहीं रुका, लेकिन अल्बर्ट आइंस्टीन ने इस छोटे से अंतर का उपयोग करके दुनिया के कई रहस्यों को कैसे सुलझाया, यह आज तक एक रहस्य बना हुआ है। 1999 में, लोकप्रिय पत्रिका टाइम ने आइंस्टीन को ‘20वीं सदी के महानतम व्यक्तियों’ में से एक चुना आइंस्टीन की मृत्यु पहले हो चुकी थी। आइंस्टीन का दूसरा पुत्र एडवर्ड जो मानसिक रूप से बीमार था, उन्हें 1933 से एक मानसिक अस्पताल में रखा गया था। कुल मिलाकर, लोग आइंस्टीन को वैज्ञानिक के कारण आज भी याद करते हैं। उन्हें एक वैज्ञानिक और शांतिवादी दोनों के रूप में याद किया जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# तपोस्थली शुकदेव वाटिका में प्रेमी जोड़े कर रहे अश्लील हरकतें, लोगों में रोष

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**राजपूत फोर्स ने की सख्त कार्रवाई की मांग**

नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत पवित्र तपोस्थली शुकदेव वाटिका में दिनदिहाड़े एक प्रेमी युगल द्वारा की गई अश्लील हरकतों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। इस वीडियो के सामने आने के बाद जहां लोगों में रोष है। वहीं इंटरनेशनल यूनाइटेड राजपूत फोर्स इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण से मिली। राजपूत फोर्स के अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने अपने सहयोगियों के साथ डीएसपी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि शुकदेव वाटिका एक धार्मिक आस्था व सनातन संस्कृति से जुड़ा पवित्र स्थान है, जहां इस प्रकार की गतिविधियों को समाज किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

उन्होंने इस मामले में दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत में संगठन ने मांग की है कि इस पवित्र स्थल की गरिमा बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में नियमित गश्त लगाई जाए।

वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की है और प्रशासन से इस मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं बच्चों और महिलाओं के लिए असहज स्थिति उत्पन्न करती हैं। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी व इस प्रकार के मामलों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

# ड्राइविंग लाइसेंस में चिकित्सा प्रमाण पत्र के 100 के बजाए अब लगेंगे 150 रुपए

## रोगी कल्याण समिति आयुर्वेदिक अस्पताल जोगिंद्रनगर का 3.36 लाख का बजट पारित

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई आरकेएस की बैठक**

जोगिंद्रनगर। राजकीय वृत आयुर्वेदिक चिकित्सालय जोगिंद्रनगर की रोगी कल्याण समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी की अध्यक्षता में हर्बल गार्डन के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय व व्यय का ब्यौरा रखा गया इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये अनुमानित खर्चों पर विस्तृत विचार विमर्श कर बजट पारित किया गया। बैठक में आरकेएस के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने जोगिंद्रनगर आयुर्वेदिक अस्पताल में लोगों की सुविधा के लिये पंचकर्म चिकित्सा पद्धति पर जोर देने के लिए अस्पताल प्रबंधन को कहा।

बैठक में पंचकर्म चिकित्सा, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि की नई दरों को भी मंजूरी प्रदान की गई। जिसके तहत जहां पंचकर्म चिकित्सा के तहत अभ्यंग व स्वेदन सर्वांग के लिये शुल्क न बढ़ाते हुए 150 रुपए ही रखा गया। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए चिकित्सा प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए अब 100 रुपए के बजाय 150 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया। पंचकर्म के तहत ही अभ्यंग एकांग, स्वेदन एकांग, कटिवस्ति, जानुवस्ति, अनुवासन वस्ति, रक्तमोक्षण, पत्रपिंड, लेप इत्यादि के लिये 50 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

बैठक में अस्पताल की विभिन्न जरूरतों को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये अनुमानित खर्चे को भी अनुमति प्रदान की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नस्य प्रक्रिया के लिए अब 40 रुपए के बजाय 75 रुपए देने पड़ेंगे, वहीं मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट के लिए तीन दिन से अधिक के समय के लिए अब 200 रुपए शुल्क अदा करना पड़ेगा। बैठक में एनसीसी व छात्रों के मेडिकल के लिए 20 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है।

इस अवसर पर डॉ संदीप के अतिरिक्त नगर परिषद की अध्यक्षा ममता कपूर, पार्षद शिखा, उपमंडलीय आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ. रक्षक पाल, प्रभारी औषध परीक्षण विपिन कुमार सहित कई मौजूद रहे।

# शोभा राम ने पंचवीर देवता कोठी के लिए दान की अपनी मलकीयत भूमि

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान



ग्राम देवता के नाम पर दो बिस्वा मलकियत भूमि दान करने का प्रपत्र दिखाते हुए।

गोहर। उपमंडल के चच्योट गांव में पंचवीर देवता कोठी के लिए एक दानी सज्जन ने ग्राम देवता के नाम पर दो बिस्वा मलकीयत भूमि दान की है जिसकी सराहना पूरे गांव में की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि कई बर्षों से पंचवीर देवता के रथ को देवता के गुर बिरि सिंह के घर मे रखा जाता था व देवता की कोठी बनाने के लिए कहीं पर भी पर्याप्त जगह का चयन नहीं किया जा रहा था। शोभा राम जो कि होमगार्ड में अपनी सेवाएं दे रहा है ने निर्णय लिया कि वह मात्र 11 रुपए में अपनी मालकियत भूमि देवता के नाम करेगा व भूमि को 17 जून को भूमि देवता पंचवीर के नाम कर दी है अब शोभा राम का देवता को दान की गई भूमि पर कोई अधिकार नहीं होगा क्योंकि शोभा राम ने यह भूमि अब देवता के नाम कर दी है। पंचवीर देवता कमेटी के सभी सदस्यों ने शोभा राम का तहेदिल से हार्दिक धन्यवाद किया व पूरे इलाके में सुखशांति बनी रहे इसके लिए देवता से आग्रह किया। यह जानकारी पंचवीर देवता कमेटी के प्रधान सोनू ने दी है व समस्त कमेटी का धन्यवाद भी किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### शर्मिला बनी समौड़ एसएमसी की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समौड़ में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का वार्षिक चुनाव व कार्यकारणी का गठन कार्यकारी प्रधानाचार्य संजय ठाकुर की अध्यक्षता व मुख्यातिथि डॉ. इंद्र संजय वर्मा की उपस्थिति में हुए। सर्व सहमति से शर्मिला देवी को अध्यक्ष चुना गया और कार्यकारणी की सदस्या सभी महिलाएं बनी हैं। आज इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि समाजसेवी डॉ. इंद्र संजय वर्मा ने अपने माता-पिता की याद में पहली कक्षा से बाहरवीं कक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को मेधावी छात्रवृत्ति के रूप में नकद नौ हजार एक सौ रुपए दिए। उन्होंने अपने संदेश में अभिभावकों बच्चों को नशे से बचाने का संदेश दिया।

### प्रथम वर्ष की कक्षा के प्रवेश की तिथि 30 तक बढ़ी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** शिक्षा निदेशालय द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय व सरदार पटेल विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाली प्राकशास्त्री प्रथम वर्ष की कक्षा के प्रवेश की तिथि को 30 जून तक बढ़ा दिया गया है। 17 जून से 10 रुपए प्रतिदिन के अनुसार 30 जून तक विलंब शुल्क सहित प्रवेश राशि ली जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी प्राकशास्त्री प्रथम वर्ष की कक्षा में 30 जून तक प्रवेश ले सकते हैं। यह जानकारी राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर खुशवंत द्वारा दी गई।

### परिसीमन की अंतिम अधिसूचना अधिसूचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में पड़ने वाली ग्राम पंचायतों के विभाजन एवं पुनर्गठन के उपरांत जिला परिषद मंडी के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की अंतिम अधिसूचना प्रारूप अधिसूचना के संबंध में प्राप्त आक्षेपों और सुझावों का निपटारा करने के उपरांत अधिसूचित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस अंतिम अधिसूचना का अवलोकन मंडी जिला प्रशासन की वेबसाइट hpmandi.nic.in पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस अंतिम अधिसूचित अधिसूचना के संबंध में कोई आक्षेप हो तो वह अंतिम अधिसूचना जारी होने से दस दिनों के भीतर मंडलायुक्त मंडी के पास अपील दायर कर सकते हैं।

### 21 जून को योग के रंग में रंगेगा मंडी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में मंडी जिला प्रशासन द्वारा 21 जून को ऐतिहासिक सेरी मंच पर एक भव्य और व्यापक जिला स्तरीय योग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सेहत और संतुलन के उत्सव के रूप में आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे किया जाएगा, जिसमें शहर के आम नागरिकों के साथ-साथ स्कूल और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन, सेवाभावी संस्थाएं तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कालिया ने बताया कि योग समारोह को लेकर तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। स्कूली विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग अभ्यास कराया जा रहा है ताकि वे समारोह के दिन आत्मविश्वास पूर्वक भाग ले सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा सामूहिक योगाभ्यास करवाया जाएगा, जिसमें योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया जाएगा।

### शैक्षिक महासंघ कर रहा राष्ट्र व छात्र हित का काम

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** शैक्षिक महासंघ राष्ट्र हित व छात्र हित को लेकर काम कर रहा है। यह बात अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले साहित्य भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत महासंघ के वरिष्ठ प्रांत उपाअध्यक्ष दर्शन लाल ने कही। उन्होंने पलाहोटा स्कूल की प्रधानाचार्य किरन चौधरी को महासंघ की मासिक पत्रिका समेत साहित्य भेंट किया। चर्चा के दौरान महासंघ का परिचय देते हुए उन्होंने कहा कि महासंघ मूल ध्येय वाक्य को लेकर काम कर रहा है, जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्र हित में शिक्षा, छात्रा हित में शिक्षक और शिक्षक हित में समाज की त्रिवेणी शामिल है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित में शिक्षा का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब छात्र हित में शिक्षक खड़ा होगा। यही छात्र हित में शिक्षक के खड़े होने की भावना समाज को शिक्षक हित में खड़ा होने के लिए प्रेरित करेगी।

### स्वयंसेवियों को बताए आग बुझाने के तरीके

**पीयूष, अनंत ज्ञान, करसोग।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से करसोग में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला उपमंडलीय कानूनगो रामकृष्ण की अध्यक्षता में सम्पन्न हो गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में करसोग उपमंडल की ग्राम पंचायत ठाकुरथाना, रिछनी, बालीधार व चौरीधार से आपदा प्रबंधन के लिए गठित टास्क फोर्स के लगभग 60 स्वयंसेवकों को आपदा से निपटने हेतू प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपमंडलीय कानूनगो ने कहा कि लोगों को जागरूक व प्रशिक्षित करके ही प्राकृतिक आपदा के प्रभावों को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के दौरान स्वयंसेवियों ने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है उसके बारे में अपनी पंचायत के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। प्रशिक्षुओं को आगजनी की घटना से निपटने व आग पर काबू पाने की विभिन्न विधियों के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया।

### तन, मन और आत्मा को मिली नई ऊर्जा

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** शिव दर्शन भवन सेवा केंद्र पर आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। 14 जून से 18 जून तक प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक चले इस विशेष योग शिविर में स्थानीय भाई-बहनों ने भाग लिया। इस शिविर का संचालन आयुष हेल्थ एंड वेलनेस की योग प्रशिक्षिका मीना कुमारी जी ने किया। उन्होंने सरल एवं प्रभावशाली योगासन, प्राणायाम और स्वास्थ्य रक्षा के व्यावहारिक उपाय सिखाए, जिससे प्रतिभागियों को तन-स्वास्थ्य का विशेष लाभ मिला। साथ ही, राजयोग ध्यान शिक्षिका बीके सोमा कुमारी ने राजयोग ध्यान की विधि द्वारा आत्मिक शांति, एकाग्रता तथा परमात्म अनुभव की सुंदर अनुभूतियां कराईं। शिविर के आयोजन में राजयोगिनी बीके सुनीता दीदी का विशेष मार्गदर्शन रहा, जिन्होंने शिविर की संपूर्ण गतिविधियों का समर्पित रूप से संचालन किया। शिविर में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### उपाध्यक्ष को सौंपा नौ सूत्री मांग पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** परिवहन कर्मचारी महासंघ इंटक की मंडी इकाई द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा का मंडी मंडल के निरीक्षण के लिए आगमन पर बिजनी में भव्य स्वागत किया गया। संगठन द्वारा निगम के कर्मचारियों की मांगों से संबंधित नौ सूत्रीय मांग पत्र भी उपाध्यक्ष को सौंपा गया। मांगों में मुख्य रूप से परिचालकों की वेतन विसंगति तथा लंबे समय से लंबित देय अधिक समय भत्तों एवं रात्रि भत्तों के भुगतान के बारे विस्तृत चर्चा के उपरांत अजय वर्मा द्वारा इन मांगों को सरकार के समक्ष रख कर जल्द से जल्द हल करवाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से परिवहन कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष उमेश शर्मा, सुंदरनगर क्षेत्र से पवन सेन, ललित कुमार तथा अनिल कुमार और मंडी इकाई के अध्यक्ष सतीश शर्मा, उपाध्यक्ष गुर देव ठाकुर, प्रधान प्रवीन कुमार, कार्यकारी प्रधान मनोज कुमार, सचिव महेश कुमार, कोषाध्यक्ष हुकम चंद द्वितीय व साथ ही राकेश कुमार, मुरारी लाल, महेंदर पाल, नेत्र सिंह, ओम प्रकाश, हेम सिंह, जीवन लाल और संजीव कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# गबिश व मोहित शर्मा होंगे सम्मानित

## व्यापार मंडल बालीचौकी 21 जून को देगी सम्मान

नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान





बालीचौकी। खेल और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर बालीचौकी के गबिश शर्मा और मोहित शर्मा को व्यापार मंडल बालीचौकी परिजनों सहित सम्मानित करेगा। व्यापार मंडल बालीचौकी के अध्यक्ष यशवंत शर्मा ने बताया कि 21 जून को एक स्थानीय होटल में दोनों का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

गौरतलब है कि बालीचौकी के स्थानीय निवासी नवीन शर्मा के पुत्र गबिश शर्मा का चयन जंहा प्रदेश क्रिकेट की अंडर 14 टीम के लिए किया गया है, वहीं स्थानीय निवासी एवं शिक्षक बबलू शर्मा के बेटे मोहित शर्मा ने पिछले दिनों घोषित नीट परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है। मोहित शर्मा नीट परीक्षा पास करने वाला बालीचौकी क्षेत्र का दूसरा प्रतिभागी है, वहीं आने वाले समय में क्रिकेट जगत मे अपना दमखम दिखाने को आतुर गबिश शर्मा इन दिनों धर्मशाला में स्थित ट्रेनिंग कैंप में अपना पसीना बहा रहा है।

वहीं व्यापार मंडल की इस पहल की स्थानीय लोग भी प्रशंसा कर रहे है कि इस तरह के आयोजनों से अन्य क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाढ़ने का प्रयास करने वाले प्रतिभागियों में भी कुछ विशेष करने का जज्बा पैदा होगा।

# प्रकाश चंद करड को मिले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** कांग्रेस हाईकमान के पास प्रदेश अध्यक्ष के लिए चल रहे दो नाम की कशमकश के बीच एक तीसरा नाम भी सामने आ गया है। अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद ने कांग्रेस हाईकमान से मांग की है कि अब की बार रविदासी समुदाय से संबंधित व्यक्ति को यह जिम्मेदारी दी जाए। परिषद के प्रदेश महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता चमन राही व अशोक, वाल्मीकि सुधार सभा के प्रदेश संस्थापक चंद्रवीर कागरा, गुरु रविदास समाज सुधार समिति के प्रदेश प्रचार सचिव गोविंद वर्धन, विश्वकर्मा समाज के प्रचार सचिव सूबेदार रणवीर सिंह, कबीर सभा के संयोजक भगतराम आदि ने कहा है कि कांग्रेस हाईकमान की यह सोच काबिलेतारीफ है कि इस बार प्रदेश अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति वर्ग को दिया जाए, जिसमें विनोद सुल्तानपुरी और विनय दोनों ही कोली समुदाय से संबंधित हैं। इस समुदाय से पहले भी चौधरी पीरु राम और कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में पार्टी संतुलन बनाने के लिए अर्की के प्रकाश चंद करड जो कि रविदासी समाज से आते हैं और इस वक्त लघु बचत बोर्ड के उपाध्यक्ष पद पर जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान में गांधी परिवार से उनकी नजदीकियां भी हैं।

# रणाखड्ड-कन्यादेवी जल जीवन मिशन योजना को जल्द किया जाए शुरू: कुशाल भारद्वाज

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

हिमाचल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष एवं भराड़ू वार्ड से जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने रणाखड्ड-कन्यादेवी जल जीवन मिशन योजना को शीघ्र चालू करने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि भराड़ू क्षेत्र समेत जोगिंद्रनगर की कई पंचायतें वर्षों से पेयजल संकट का सामना कर रही हैं और सरकार को अब इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

कुशाल भारद्वाज ने बताया कि बतौर जिला परिषद सदस्य उन्होंने इस योजना को लेकर कई बार संघर्ष किया। जल सत्याग्रह तक किया गया, जिसमें आम जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आंदोलन का ही परिणाम था कि पंचोडी नाला का पानी विभाग और सरकार के दबाव में लाकर क्षेत्र को उपलब्ध करवाया गया। साथ ही 9 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित रणाखड्डु से कन्यादेवी उठाऊ पेयजल योजना को भी मंजूरी मिली।

कुशाल भारद्वाज ने बताया कि नौहली बिहूं और भराड़ू पंचायतों में गर्मियों के प्रारंभ में ही पारंपरिक जल स्रोत सूख जाते हैं, जिससे समस्या और भी गंभीर हो जाती है। वहीं मनारू और बटधार क्षेत्र के लिए कुफ़री पंचायत के लागधार से जो जल स्रोत जोड़ा गया है, उसमें भी पर्याप्त पानी नहीं है। उन्होंने विभाग से आग्रह किया कि जब स्कीम की पाइपलाइन बिछ चुकी है और मोटर भी लग चुकी है, तो इसमें देरी क्यों की जा रही है? विभाग तुरंत कन्यादेवी भंडारण टैंक तक जलापूर्ति शुरू करे।

**कन्यादेवी तक पानी की आपूर्ति नहीं की, तो होगा जल सत्याग्रह**

कुशाल भारद्वाज ने साफ चेतावनी दी कि यदि बाहली से कन्यादेवी तक पानी की आपूर्ति तुरंत शुरू नहीं की गई, तो वे दोबारा जनता को साथ लेकर जल सत्याग्रह शुरू करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि अब जनता को और ज्यादा इंतजार नहीं करवाया जा सकता, क्योंकि यह संकट केवल पेयजल का नहीं, बल्कि उनके जीवन और स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है।

# सेना के अधिकारियों ने राष्ट्र निर्माण से जोड़े इंडस ग्लोबल स्कूल के छात्र



इंडस ग्लोबल स्कूल में जम्मू-कश्मीर से आए सेना अधिकारी छात्रों को संबोधित करने के दौरान।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

इंडस ग्लोबल स्कूल में बुधवार को जम्मू-कश्मीर से आए सेना अधिकारी नायब सूबेदार राम भवन, हवलदार वासु राज, हवलदार एएके सिंह, नायक संजीव राणा, लांस नायक विष्णु और अग्निवीर अमित ने एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्रों को संबोधित किया।

सेना अधिकारी ने बताया कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने पर्यावरण की सुरक्षा करें और स्वच्छता बनाए रखे। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे न केवल अपने आसपास सफाई रखें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। छात्रों को यह समझाया गया कि सेना में सेवा करना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण की पहचान है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अग्निवीर योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना युवाओं को सेना में शामिल होकर देश सेवा का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। अंत में विद्यार्थियों और अध्यापकों ने सेना के अद्वितीय बलिदान के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

## अभिलाषी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद सुधारों पर मंथन

# नैक के बाइनरी एक्रीडिटेशन सिस्टम पर विशेष व्याख्यान

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान



अभिलाषी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद सुधारों पर मंथन के दौरान गणमान्य।

मंडी। अभिलाषी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा प्रस्तावित बाइनरी एक्रिडिटेशन सिस्टम पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन कुलपति प्रो. हरिंद्र चौधरी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल ऑफ फार्मेसी के डीन डॉ. देव प्रकाश दहिया ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. डॉ. हरीश दुरेजा, डीन अनुसंधान एवं विकास तथा डीन, फार्मास्युटिकल विज्ञान संकाय, महर्षि दयानंद विवि, रोहतक उपस्थित रहे। डॉ. दुरेजा ने अपने व्याख्यान में नैक के पारंपरिक मल्टी-ग्रेड प्रणाली से हटकर सरलीकृत बाइनरी मॉडल, जिसमें संस्थानों को 'मान्यता प्राप्त' या 'मान्यता प्राप्त नहीं' की श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा, उसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बदलाव का उद्देश्य मूल्यांकन प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाना, व्यक्तिपरकता को कम करना तथा शैक्षणिक संस्थानों के बीच गुणवत्ता आश्वासन की प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाना है।

इस अवसर पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. देव प्रकाश दहिया एवं विभिन्न मानदंड प्रमुखों ने नैक के नए दिशा-निर्देशों पर चर्चा की। सत्र में डीन, कृषि विभाग और निदेशक आईक्यूएसी डॉ. पीसी शर्मा ने भी भाग लिया। वहीं कार्यक्रम का समापन डॉ. पीसी शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. हरीश को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित करने के साथ हुआ। इस उपलक्ष्य पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ आरके अभिलाषी, प्रो चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, नरेंद्र कुमार ने ऐसी बैठकों के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# 2006 .40 करोड़ की योजना को मंजूरी एक ऐतिहासिक राहत: राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



**पीएम मोदी, अमित शाह व जेपी नड्डा का जताया आभार**

हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2023 के दौरान आई प्राकृतिक आपदाओं—बाढ़, भू-स्खलन और बादल फटने से जनजीवन और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचाया। इस संकट की घड़ी में भारत सरकार ने हिमाचल प्रदेश के लिए 2006.40 करोड़ रुपए की 'पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण योजना' को मंजूरी देकर एक ऐतिहासिक राहत प्रदान की है। यह सहायता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। यह निर्णय मोदी सरकार की प्रदेशवासियों के प्रति प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का स्पष्ट प्रमाण है। भाजपा हिमाचल प्रदेश, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का इस बड़े राहत पैकेज के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करती है। भाजपा यह स्पष्ट करती है कि हिमाचल की जनता कभी अकेली नहीं है, मोदी सरकार हर संकट में प्रदेश के साथ मजबूती से खड़ी है। यह राहत योजना केवल पुनर्निर्माण का कार्य नहीं, बल्कि एक विश्वास की पुनसर्थापना है कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ सदैव दृढ़ता से खड़ी है।

# बच्चों ने सीखा सूर्य नमस्कार व योगासन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज, हरिद्वार से बुधवार को एक विशेष महिला टोली ने गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहने व स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग की महत्ता बताई। इस टोली में कुमारी आंचल (एमएससी योगा थेरेपी), दीक्षा शर्मा और साक्षी कुमारी (योग प्रशिक्षु) शामिल रहीं। इन प्रशिक्षुओं ने बच्चों को योग के विभिन्न आसनों की विधियां समझाईं और उनके लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से सूर्य नमस्कार की 12 अवस्थाओं को विस्तार से समझाया गया और व्यावहारिक रूप से बच्चों से कराए गए। योग प्रशिक्षु दीदी ने स्वयं बच्चों के साथ सूर्य नमस्कार की क्रियाएं कराकर उन्हें शारीरिक लचीलेपन, मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन का महत्व बताया।

# शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया को दी श्रद्धांजलि

## चोलथरा में शहीदी दिवस पर सैकड़ों लोगों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान



शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया की शहादत को नमन करते हुए।

सरकाघाट। कारगिल के युद्ध में 18 जून 1999 को शहीद हुए प्रदेश के पहले सैन्य अधिकारी कैप्टन दीपक गुलेरिया के 26 वें शहीदी दिवस पर शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में जिला पार्षद और शहीद की भाभी वंदना गुलेरिया की अगवाई में सैकड़ो लोगों ने उनकी प्रतिमा पर फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की।

इस अवसर पर वंदना गुलेरिया ने कहा कि उन्हें शहीद परिवार की बहू होने का गर्व है उनके परिवार ने देश की रक्षा करते हुए अपने दो-दो सपूतों को कुर्बान किया है। दीपक से पहले उनके चाचा मेहरचंद गुलेरिया भी पाक के साथ लड़ाई में शहीद हुए थे। ससुर दिवंगत डीआईजी मोहनलाल गुलेरिया भी कई लड़ाइयों में आतंकवादी और माओवादियों के दांत खट्टे कर पदक जीत चुके थे। उन्होंने कहा कि शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया का बलिदान देश के युवाओं में देशभक्ति का जज्बा जगाता रहेगा।

गौरतलब है कि सरकाघाट की चोल्थरा पंचायत के दिग्गो गांव के राष्ट्रीय राइफल में तैनात कैप्टन दीपक गुलेरिया श्रीनगर के कोंकण इलाके में 18 जून 1999 को सुबह करीब 8 बजे जब वह पाक घुसपैठियों को अपने क्षेत्र से खदेड़ रहे थे तो उनके आगे वाले कुछ सैनिक दुश्मनों द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग की चपेट में आ गए इसके बावजूद वह अपनी जान की परवाह न कर दुश्मनों का पीछा करते हुए आगे चढ़ते चले गए और अपने सैनिकों की भांति बारूदी सुरंग की भेंट चढ़ गई।

इस अवसर पर कैप्टन ओमप्रकाश व्यापार मंडल प्रधान बिहारी लाल, ग्राम पंचायत सरौन के प्रधान पवन ठाकुर, शक्ति केंद्र अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, सूबेदार मेजर विजय कुमार, सूबेदार अमर सिंह, नरेंद्र कुमार बन्याल, जगदीश कुमार, शैलेंद्र ठाकुर, नथूराम, वार्ड मेंबर सोमा देवी, निशा देवी सहित स्कूल के सैकडों बच्चों ने भी शहीद की प्रतिमा पर फूलमाला और श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**कार्यक्रम** नबाही मेले की सांस्कृतिक संध्या पर गगनदीप ने 'तनूरा' प्रस्तुत कर लूटी वाहवाही

# ममता भारद्वाज के गानों पर झूमे लोग

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



नबाही मेला की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते हुए ममता भारद्वाज।

माता नबाही देवी मेला की अंतिम सांस्कृतिक संध्या पर ममता भारद्वाज ने कार्यक्रम में लोगों को अपनी प्रस्तुति से झूमने पर मजबूर कर दिया। अंतिम संध्या में ममता ने नबाही माता का जयकारा लगाते हुए अपनी प्रस्तुति की शुरूआत की।

इसके बाद उन्होंने आईए आपका इंतेजार था, तेरे बिन नहीं लगदा दिल मेरा ढोलना, मिले हो तुम हमको, सावन में लग गई आग जैसे नॉन स्टाप गानों की झड़ी लगाकर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। पंडाल में बैठे लोग ने ममता भारद्वाज ने पंडाल में ऐसा समां बांधा कि लोग अपने आपको नाचने से नहीं रोक पाए। इससे पहले रिषभ भारद्वाज, कुलदीप, हरदेव और वरिंद्र मल्होत्रा ने भी अपने गानों से लोगों का मनोरंजन किया। रिषभ भारद्वाज ने देवा श्री गणेशा, बसों बाहर दिल हो गया, जैसे गाने गाए। वहीं कुलदीप ने दमा-दम मस्त कलंदर जैसे गाने गाकर अपनी प्रस्तुति दी।

वहीं उतराखंड से आए गगनदीप ने मिस्त्र का नृत्य 'तनूरा' प्रस्तुत कर खुब वाहवाही लूटी। पंडाल में बैठा प्रत्येक व्यक्ति उनकी प्रस्तुति के दौरान तालियों से उनका अभिवादन करता नजर आया। इस दौरान स्थानीय कलाकार मनोज कुमार, आशीष भारद्वाज, विजय गुलशन, सचिन शर्मा, बिना देवी, अभिषेक, करम सिंह व ताश्वी ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी।

### बस हादसे के चलते नहीं आए विधायक

मेले की आखिरी सांस्कृतिक संध्या और मेले के समापन के लिए बतौर मुख्यातिथि भोरंज के विधायक सुरेश कुमार और विशेष अतिथि के तौर पर कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर शामिल होने थे परंतु कलखर में हुए बस हादसे में एक व्यक्ति की मौत और 18 लोगों के घायल होने के शोक स्वरूप दोनों ने ही कार्यक्रम में शामिल होना उचित नहीं समझा इस सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम स्वाति डोगरा और डीसीपी संजीव गौतम शामिल हुए।

# दिल्ली के पहलवान रोहित ने होशियारपुर के नवू को दी मात

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**दो दिवसीय मेले और दंगल का आयोजन**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत देब ब्रारता चौक में स्थित कामेश्वर देव मंदिर परिसर में दो दिवसीय मेला और दंगल का आयोजन बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मेले का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव पवन ठाकुर ने किया। दंगल में दिल्ली के रोहित पहलवान ने होशियारपुर के नवू को हराया। दंगल कमेटी ने विजेता और उपविजेता को 20-20 हजार रुपए नकद और एक-एक गुर्ज पुरस्कार के रूप में भेंट की। इस अवसर पर इस दंगल में बतौर मुख्यातिथि प्रदेश के प्रसिद्ध समाजसेवी और जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा ने शामिल होना था, परंतु अपने किसी रिश्तेदार की अचानक हुई डेथ के चलते वह इसमें शामिल नहीं हो सके, परंतु उन्होंने कमेटी को दिए वादे अनुसार 31000 की राशि कमेटी को प्रेषित की, जबकि प्रदेश कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर ने भी अपनी ओर से दंगल कमेटी को 21000 रुपए प्रदान किए। मेला कमेटी और दंगल कमेटी ने दोनों समाजसेवियों का आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर मंदिर के महंत ओमानंद गिरी, स्थानीय पंचायत प्रधान योगीराज शर्मा, पूर्व प्रधान एवं मंदिर कमेटी के प्रधान राकेश पालसरा, पूर्व प्रधान शांता देवी, नथू राम, हिम्मत राम शर्मा, रीना देवी, कल्पना, सोमनाथ, सुलेखा, प्रदीप, सुमना और सुनीता देवी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बीटन महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू



**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के तहत पड़ते संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत नए छात्र बीए, बीएससी. तथा बीकॉम में प्रवेश हेतु कॉलेज की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्या डॉ. सुनीता गोयल ने बताया है कि महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया 19 जून तक चलेगी। इसके बाद मेरिट लिस्ट समेत फीस जमा होगी। कॉलेज में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शिक्षकों की समितियां गठित की गई हैं। ये समितियां महाविद्यालय में आने वाले नए छात्रों का सहयोग प्रवेश प्रक्रिया समेत अन्य समस्याओं को दूर करने में भी कर रही हैं, इसलिए नए विद्यार्थी महाविद्यालय आकर भी आवेदन कर सकते हैं।

### गुरु रविदास मंदिर लठियाणी में भंडारा 21 को

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के गुरु रविदास मंदिर लठियाणी में 21 जून को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं के सहयोग से होगा, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग एवं श्रद्धालुओं के भंडारे में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है। भंडारा प्रातः 10 बजे आरंभ होकर दोपहर तक चलेगा। इस दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, सत्संग एवं गुरु वाणी का पाठ भी किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क लंगर और प्रसाद की व्यवस्था की गई है। आयोजक समिति ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य गुरु रविदास जी की शिक्षाओं-समानता, सेवा और भाईचारे को जनसाधारण तक पहुंचाना है। समिति ने क्षेत्र के सभी लोगों से इस भव्य आयोजन में सपरिवार उपस्थित होने की संभावना है।

### आरुषि पंजाब में योग में दिखाएगी प्रतिभा



**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा स्थित आर्य पब्लिक स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा आरुषि शर्मा ने योग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए केएचडी योग फाइनल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने पंजाब के धूरी के लिए प्रस्थान किया। स्कूल के प्रबंधक जोगिंदर देव आर्य ने बताया कि वह न केवल स्वयं योग का अभ्यास करती है, बल्कि अपने सहपाठियों को भी योग के प्रति जागरूक करती रहती है। स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने बताया कि आरुषि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती है। योग में उसकी रुचि और समर्पण अनुकरणीय है। आरुषि के पिता संदीप कुमार ने कहा कि उनकी बेटी हर दिन सुबह-शाम कठिन से कठिन योगासनों का अभ्यास कर रही है, ताकि वह फाइनल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सके। स्कूल के शिक्षकों और प्रबंधक जोगिंदर देव आर्य ने आरुषि शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वह फाइनल में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाकर निर्णायक मंडल का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करेगी।

### धार्मिक कार्यक्रम में विधायक ने की शिरकत



**अनंत ज्ञान, अंब।** पंचमुखी महादेव मंदिर सोहारी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य विनय शर्मा द्वारा रुक्मणी विवाह की पावन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मणी के दिव्य मिलन की कथा को भक्तिभाव से प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान भक्तों ने 'बाबा भगवान कृष्ण की जय' के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा में आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रेमपूर्वक श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान किया। इस अवसर पर चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू विशेष रूप से कथा स्थल पर उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन समिति को इस धार्मिक आयोजन के लिए बधाई दी और श्रद्धालुओं से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति की ओर से सभी सेवाभावी लोगों का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान पवन ठाकुर, पूर्व प्रधान मदन लाल शर्मा, जसवीर सिंह, सोम नाथ शर्मा, राजपाल शर्मा, राजकुमार गौतम, विमल शर्मा, भाग सिंह, सुनीता कुमारी, संतोष कुमारी, सुदेश कुमारी, आचार्य नवीन शर्मा सहित काफी भक्तजन उपस्थित रहे।

### फिरौती की धमकी मिलने की घटना पर चिंता जताई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार मनकोटिया ने क्षेत्र के मशहूर व्यवसायी विनोद कुमार सैंटी को दोबारा मिली फिरौती की धमकी को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से आरोपियों की तलाश करके कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस बार धमकी ऑडियो के माध्यम से भेजी गई है। इसमें 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई है। राजकुमार मनकोटिया ने खुलासा किया कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब विनोद सैंटी को इस प्रकार की धमकी मिली हो। एक माह पूर्व भी उन्हें इसी तरह की धमकी मिली थी और तब भी उनसे 50 लाख रुपए की मांग की गई थी। उन्होंने बताया कि उस समय सैंटी ने थाना बंगाणा में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, बावजूद इसके अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। ऐसे में अब फिर से धमकी आना न केवल चिंताजनक है, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है। मनकोटिया ने कहा कि जब पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को फिरौती की कॉल करने वाले आरोपी को पुलिस ने जल्द पकड़कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया था, तो व्यवसायी के मामले में अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हो पाई है। थाना बंगाणा के प्रभारी रोहित चौधरी ने कहा कि इस मामले की पुलिस टीम जांच कर रही है और जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

### एसपी की गाड़ी को टक्कर मारने पर गाड़ी जब्त

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत बड़ूही बाजार में मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसपी) जिला ऊना की गाड़ी से एक वाहन टकराने से बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार एसपी ऊना अम्ब से ऊना की ओर जा रहे थे, तभी बड़ूही बाजार में अचानक एक वाहन सामने आ गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी जोल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि उक्त वाहन चालक के पास गाड़ी के जरूरी दस्तावेज मौजूद नहीं थे। पुलिस ने नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया है।

### रायपुर मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता 21 से होगी शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत रायपुर मैदान में पहला पंचायत क्रिकेट टूर्नामेंट 21 और 22 जून को युवा मंडल रायपुर द्वारा रायपुर मैदान में आयोजित किया जा रहा है। यह क्रिकेट प्रतियोगिता रायपुर मैदान पंचायत के लिए ही आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 1000 रुपए प्रवेश शुल्क रहेगा। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 15000 और उपविजेता टीम को 11000 रुपए की नकद राशि वितरित की जाएगी। इसके अलावा मैच 8 ओवर का होगा। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच से खिलाड़ी को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जूते पहनना भी अनिवार्य रहेगा। खिलाड़ियों के लिए दो ड्रेस (पहाड़ी धाम) खाने का भी विशेष प्रबंध रहेगा। युवा मंडल के सदस्यों मनीष, अमित, नवनीत, शिव सोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सिर्फ रायपुर मैदान पंचायत के युवा ही भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का आधार और राशन कार्ड साथ में होना अनिवार्य है। आयोजकों ने बताया कि पंचायत में ही प्रतियोगिता करवाने का उद्देश्य पंचायत के युवाओं को खेल के लिए प्रेरित करना और युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से बचाना है।

### एसपी कार्यालय में 'ऑफिस योग ब्रेक' का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कार्यस्थल पर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयुष विभाग ऊना ने बुधवार को एसपी कार्यालय परिसर में 'ऑफिस योग ब्रेक' सत्र का आयोजन किया। इस अभिनव पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को योग एवं आयुर्वेद के सरल उपायों से मानसिक तनाव में राहत और कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु प्रेरित करना रहा। सत्र का संचालन आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंदु भारद्वाज ने किया, जिन्होंने आधुनिक कार्यशैली में योग और आयुर्वेद की प्रासंगिकता को सरल एवं प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया। योग प्रशिक्षिका ऋचा ने चेयर योग, प्राणायाम तथा माइंडफुल ब्रीथिंग जैसे व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन एवं मानसिक सजगता की तकनीकें सिखाईं। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय ऊना के प्रभारी डॉ. विनय जसवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने आयुष विभाग की इस पहल को कार्यस्थल पर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। सत्र में भाग लेने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस आयोजन को मन-तन को ताजगी देने वाला अनुभव बताया।

# लडोली वासियों को मिलेगा स्वच्छ जल

## विधायक सुदर्शन बबलू ने किया 1.34 करोड़ की पेयजल योजना का लोकार्पण

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बुधवार को पंजोआ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 1.34 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इस योजना से लडोली पंचायत के लगभग तीन हजार लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलने लगी है। विधायक ने कहा कि लडोली पंचायत में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान अब हो चुका है।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना निर्माण भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए किया है और यह योजना आने वाले 25 वर्षों तक क्षेत्र की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने में उपयोगी होगी। उन्होंने कहा कि लडोली में हर एक खेत तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने का प्रारूप तैयार कर लिया है और अगले के एक वर्ष तक सभी को सिंचाई सुविधा मिलेगी। विधायक बबलू ने कहा कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में समग्र और संतुलित विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। लडोली



पेयजल योजना का लोकार्पण करते विधायक सुदर्शन बबलू

### बोले-हर पंचायत में होते हैं कार्यों में अड़ंगा डालने वाले

पंचायत पहले विकास से वंचित रही थी, यहां की जनता को पेयजल, सिंचाई या फिर स्वास्थ्य संबंधी समस्या हर मूलभूत सुविधा के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब यहां पेयजल, सिंचाई और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार लाया जा रहा है।

बबलू ने कहा कि लडोली में डे-बोर्डिंग स्कूल का कार्य जल्द शुरू होगा और इसके लिए सरकार की ओर से 2 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी हो चुकी है। वहीं, युवाओं के लिए पंजोआ में इनडोर स्टेडियम, विश्रामगृह और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के प्रयास भी शुरू हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए फंड की कमी नहीं है, लेकिन जब विकास कार्य शुरू करवाने की जब बारी आती है तो इसमें अड़ंगा लगाने वाले शरारती तत्वों की भी जहां कमी नहीं है। ये खास किस्म के लोग हर पंचायत में पाए जाते हैं। ये लोग जनता के नहीं बल्कि अपने हितों की पूर्ति करने और दूसरों को नीचा दिखाने के लिए विकास विरोधी हथकंडे अपनाते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चाहे कोई कितना भी प्रयास कर लें, अब विकास की रफ्तार रुकने वाली नहीं है। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय जनता की समस्याएं भी सुनीं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डीसी ऊना जतिन लाल, एसपी अमित यादव, जलशक्ति विभाग एसई नरेश धीमान, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, डीएसपी डॉ. वसुधा सूद, अधिशाषी अभियंता एचएस जस्सल, सहायक अभियंता नीरज धीमान, राकेश कुमार, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सुखविंद्र सिंह सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, प्रदेश ओबीसी कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य नरेश बरोटिया, लडोली पंचायत के प्रधान बलविंद्र कुमार, बीडीसी सदस्य डॉ. राजपाल शर्मा व स्थानीय पंचायत के सदस्यों सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लेक्चर प्रमोशन का पैनल टीजीटी शिक्षकों से अन्याय

## संघ ने खोला मोर्चा, सरकार से मांगा न्याय

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ जिला ऊना इकाई ने शिक्षा विभाग द्वारा जारी लेक्चर प्रमोशन के पैनल को टीजीटी शिक्षकों के साथ भद्दा मजाक करार दिया है। संघ ने कहा कि अढाई सालों तक लटकी प्रमोशन को सिर्फ 600 के आंकड़ों पर समेट देना अन्यायपूर्ण और शिक्षकों के हितों के खिलाफ है। जो शिक्षक 2020 में रेगुलर हुए हैं, उन्हें अभी तक 5 साल बीत जाने पर भी सीनियोरिटी नंबर नहीं दिया गया है। सरकार पहले पिछले 5 सालों में नियुक्त अध्यापकों की न्यू सीनियोरिटी लिस्ट निकाले तथा उसके उपरांत प्रमोशन पैनल बनाए।

कुछ विषय जैसे भूगोल बायोलॉजी, संस्कृत, समाजशास्त्र आदि के अध्यापक सीनियोरिटी लिस्ट के इंतजार में हैं ताकि उन्हें भी प्रमोशन के पैनल में सम्मिलित किया जा सके। संगठन का कहना है कि प्रमोशन किसी भी कर्मचारी के लिए सही सेवा अवधि में मिलना आवश्यक है ताकि उसकी गुणवत्तापूर्वक सदुपयोग हो सके।

**अढाई साई से नहीं हुई कोई पदोन्नति** : स्कूलों में इस समय 4000 के करीब लेक्चरर के पद रिक्त पड़े हुए हैं। हर साल करीब हजार से 1200 के करीब लेक्चर पदोन्नतियां होती रही हैं, लेकिन पिछले करीब अढाई सालों से शिक्षा विभाग में इन पदों पर कोई भी पदोन्नति नहीं की है तथा पिछले तीन सालों में रिटायरमेंट से भी रिक्तियां काफी ज्यादा बढ़ गई है।

### संघ नेताओं की ये हैं मांगें

संघ ने मांग की कि कम से कम 2000 पदों को तुरंत प्रमोशन से भरना चाहिए ताकि स्कूलों में जमा एक और जमा दो के बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से चल पाए। टीजीटी आर्टर्स जिला प्रधान इंदु शेखर,सचिव जरनैल सिंह राणा, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, ब्लॉक प्रधान रवि दत्त, गुरबख्श सिंह कलसी, मनमोहन धीमान, रामपाल सोखला, करनैल सिंह संधू आदि का कहना है कि जल्द से जल्द पिछले 5 सालों से लटकी हुई न्यू सीनियोरिटी लिस्ट जारी हो तथा 600 के पैनल को बढ़ाकर 2000 तक किया जाए। उन्होंने बताया कि हेड मास्टर के पदों पर भी कम से कम 500 का पैनल जारी करके डीपीसी की जाए ताकि हाई स्कूल भी बिना प्रशासनिक प्रमुख के न रहें।

## कार सवार 3 लोगों से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंडोगा फॉरेस्ट चेक पोस्ट के समीप पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यातायात जांच के दौरान पुलिस ने एक ऑल्टो कार सवार तीन युवकों से चिट्टा बरामद कर उन्हें मौके पर गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान संजय कुमार, सुनील कुमार व गगन सिंह तीनों निवासी सोहर डाकघर संधोल, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को पंडोगा फॉरेस्ट चेक पोस्ट पर पंडोगा पुलिस टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक ऑल्टो कार को रोका। तलाशी लेने पर कार सवार मंडी के तीन युवकों के कब्जे से 5.86 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पंडोगा पुलिस ने आरोपियों को मौके पर हिरासत में लेकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ. दीपक पुरी की सराहना की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हाल ही में हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित 15वें कार्डियोमर्सन ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत में हृदय रोगों के व्यापक प्रबंधन के लिए इंटीग्रेटेड अप्रोच को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए शिमला से संबंधित सीनियर कार्डियक सर्जन डॉ. दीपक पुरी की सराहना की है।



नड्डा ने कहा कि मैं पिछले 15 वर्षों में कार्डियोमर्सन के योगदान की सराहना करता हूं, जिसने सुरक्षित और लागत प्रभावी हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए नवीनतम और उन्नत तकनीकों के बारे में जागरूकता फैलाई है। कार्डियोमर्सन व्यापक प्रबंधन की सबसे उपयुक्त भूमिका पर जोर देने में एक सराहनीय काम कर रहा है, जिसमें हृदय संबंधी समस्याओं के बढ़ते खतरे के प्रबंधन में प्राथमिक, प्राथमिक और माध्यमिक रोकथाम के साथ-साथ रिहैबिलिटेशन भी शामिल है। इस बीच ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के दौरान, मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली में सीटीवीएस के सीनियर डायरेक्टर के रूप में कार्यरत डॉ. पुरी ने दो प्रेजेंटेशन दीं। अपने पहले प्रेजेंटेशन में उन्होंने यूनिपोर्टल वीडियो-असिस्टेड थोरैकोस्कोपिक सर्जरी का एक नया संशोधन पेश किया, जो एक ऐसी तकनीक है जो जटिल थोरेसिक प्रोसीजर को एक ही 3 सेमी चीरा के माध्यम से करने की अनुमति देती है।

अपने दूसरे प्रेजेंटेशन में उन्होंने तेजी से बिगड़ते इस्केमिक हार्ट फेलियर के प्रबंधन को संबोधित किया। यह एक ऐसी स्थिति जो अक्सर मल्टी-वेसल कोरोनरी धमनी रोग वाले रोगियों में देखी जाती है, जो दिल के दौरे की शुरुआत के बाद देर से मौजूद होती है और तेजी से बिगड़ती है लेकिन पर्क्यूटेनियस हस्तक्षेप के लिए अयोग्य होती है।

# बसाल सब-डिवीजन में बिजली कर्मियों की कमी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला मुख्यालय के समीपवर्ती कुटलैहड़ के बसाल में लगभग तीन वर्ष पहले खोली गई बिजली बोर्ड की सब डिवीजन स्टाफ की कमी से जूझ रही है। सब-डिवीजन के कर्मियों पर अतिरिक्त काम का बोझ है। पिछली सरकार ने जिले में हर विभाग के उपमंडलों की संख्या बढ़ा दी गई थी, ताकि लोगों को उनके क्षेत्र में सुविधा मिल सके। घोषणा पूरी करने के लिए आनन-फानन में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले एक दो कमरों में दफ्तर खोल दिए गए। स्टाफ के बगैर शुरू हुए दफ्तरों में अब लोगों को काम कराने में परेशानी आ रही है।

बता दें कि पिछली सरकार की अधिसूचना जारी होने के साथ ही चुनाव आचार संहिता लगा दी थी। केवल एक व्यक्ति को सब=डिवीजन में बिठा दिया गया था। आज 3 वर्ष बीतने के बाद बिजली बोर्ड सब-डिवीजन बसाल में क्लेरिकल और टेक्निकल स्टाफ की भारी कमी है, जिससे जनता की मुश्किलें तो बढ़ी ही हैं, साथ ही मौजूदा स्टाफ पर काम का बोझ पड़ गया है। उन्हें भी निश्चित समय के बाद भी कार्य करना पड़ता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बसाल सब-डिवीजन के तहत बिजली बोर्ड के तीन सेक्शन आते हैं, जिसमें नारी, कोटला और झलेड़ा है। इन सब-डिवीजन के कार्यालय में कर्मचारियों में सहायक अभियंता का एक पद भरा हुआ है, वरिष्ठ सहायक के दो पद हैं, जिनमें से एक खाली है। जेओए के दो पदों में से एक खाली है।

> इस सब-डिवीजन में मिनिस्ट्रियल और टेक्निकल स्टाफ की कमी लगातार बनी हुई है, फिर भी हमारा मौजूदा स्टाफ अतिरिक्त समय लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। मैं व्यक्तिगत तौर पर भी खुद फील्ड में जाकर कार्य कर रहा हूं ताकि जनता को असुविधा न हो।
>
> **सुनील कुमार, सहायक अभियंता प्रदेश बिजली बोर्ड उपमंडल बसाल**

उपमंडल के तहत पड़ने वाला क्षेत्र लगभग 50 गांवों तक फैला हुआ है। इस क्षेत्र में लगभग 40 छोटे बड़े कारखाने भी लगे हुए हैं तथा 18000 से अधिक कनेक्शन वर्तमान में हैं, जिनमें से कुल स्टाफ का एक तिहाई भाग स्टाफ पर ही सारा लोढ पड़ा हुआ है। क्षेत्र के किसानों महेश चंद, राम कुमार, शीतल सिंह, बृजमोहन, अश्विनी कुमार दाताराम, सुरेश कुमार, संजीव कुमार, राजकुमार, अशोक कुमार, रविदास, हरीश कुमार, बलबीर चंद, प्रीतम सिंह, दया सिंह आदि का कहना है कि वर्तमान सरकार व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई थी।

पौने तीन वर्षों में दफ्तरों में कर्मचारी, स्कूलों में अध्यापक तो दे नहीं पाई, अब कैसे व्यवस्था परिवर्तन होगा, समझ से बाहर है। टेक्निकल स्टाफ मे तीन सैक्शन हैं, जिनमे तीन कनिष्ठ अभियंता के स्वीकृत पद हैं, जिनमें दो पद खाली हैं, फोरमैन के दो पद और लाइनमैन के 6 के 6 सभी पद खाली पड़े हैं। सहायक लाइनमैन के 30 पदों में से 15 पद खाली पड़े हैं। टीममेट के सभी 12 पद खाली पड़े हैं। यह ब्योरा तो एक उपमंडल का है,ए बाकी जिले में कैसा हाल होगा, इससे ही अनुमान लगाया जा सकता है। इन लोगों ने सरकार से जोरदार मांग उठाई है कि खाली पड़े हुए बिजली बोर्ड के इस सब-डिवीजन के सभी खाली पद जल्द भरे जाएं ताकि जनता और गिने-चुनेस्टाफ को कुछ राहत मिल सके।

# आपदा राहत से प्रदेश के लोगों का होगा फायदा : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में वर्ष 2023 की विनाशकारी बाढ़ के बाद राज्य को भारी जान-माल की हानि का सामना करना पड़ा। सड़कों का बह जाना, पुलों का टूटना, मकानों का ढह जाना और फसलों का बर्बाद हो जाना जैसी घटनाओं ने आमजन के जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। इस संकट की घड़ी में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश के लोगों की सहायता के लिए जो कदम उठाए, उसकी सराहना राज्य के कोने-कोने से हो रही है। भुट्टो ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत के तौर पर 2006.40 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। यह सहायता राशि राज्य में बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई और पुनर्वास कार्यों में सहारा बनेगी।

इस सहायता की घोषणा के बाद भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा तथा केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। भुट्टो ने कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर हिमाचल की जनता के साथ खड़ी है। यह 2006.40 करोड़ की सहायता हिमाचल की जनता के लिए बहुत बड़ी राहत लेकर आई है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने तत्काल राहत के रूप में 500 करोड़, फिर 800 करोड़ और उसके बाद 1268 करोड़ की सहायता राशि राज्य को प्रदान की थी।



केंद्र सरकार से 2006.40 करोड़ की आपदा राहत मिलने पर पूर्व विधायक ने की प्रेस वार्ता।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार अब तक कुल मिलाकर केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को 4574.40 करोड़ की राशि आपदा राहत के रूप में प्रदान की जा चुकी है, जो अपने आप में एक मिसाल है। भुट्टो ने यह भी कहा कि इस सहायता राशि का उद्देश्य केवल पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि लोगों के जीवन को दोबारा पटरी पर लाना और भविष्य में इस प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए राज्य को मजबूत बनाना है।

भुट्टो ने प्रदेश सरकार से भी आग्रह किया कि वह इस राहत राशि का सही दिशा में उपयोग सुनिश्चित करे और प्रत्येक प्रभावित परिवार तक मदद पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह समय केंद्र सरकार का विशेष आभार प्रकट करने का है। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडलाध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, उपाध्यक्ष एवं बीडीसी सदस्य राजकुमार मनकोटिया, सूरम सिंह, सतीश धीमान, राजेंद्र ठाकुर आदि गणमान्य मौजूद रहे।

# ऊना में आपदा प्रबंधन को लेकर डिफेंस वालंटियर पंजीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

दक्षिण-पश्चिम मानसून 2025 के दृष्टिगत संभावित आपदाओं से प्रभावी रूप से निपटने के लिए ऊना जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के पंजीकरण और प्रशिक्षण के माध्यम से आपदा प्रबंधन तंत्र को मजबूत किया जा रहा है।

अब तक ऊना जिले में 800 से अधिक सिविल डिफेंस वालंटियर पंजीकृत किए जा चुके हैं, जिनके प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रगति पर हैं। ये वालंटियर्स आपदा की स्थिति में राहत, बचाव और आपात समन्वय जैसे कार्यों में प्रशासन को सहयोग प्रदान करेंगे और अधिक नागरिकों को इस अभियान से जोड़ने की दिशा में भी प्रयास जारी हैं। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने बुधवार को शिमला से मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान दी।

### मानसून पूर्व तैयारियों पर डीसी ने दी जानकारी

उन्होंने बताया कि मानसून को लेकर अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, पूर्व चेतावनी प्रणाली को सक्रिय रखने और सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि संभावित बाढ़, जलभराव या अन्य आपदाजनक परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी जरूरी इंतजाम पहले से सुनिश्चित कर लिए गए हैं। सभी विभागों को मानसून के दौरान जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पूरी तरह सतर्क और तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**ये रहे मौजूद** : समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, गृह रक्षक कमांडेंट विकास सकलानी, जलशक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपायुक्त के साथ एनआईसी कक्ष में उपस्थित रहे।

## ऊना में प्रदेश स्तरीय ओलंपिक दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वस्थ्य भारत व नशा मुक्त भारत को लेकर 23 जून को ऊना जिले में प्रदेश स्तरीय ओलपिंक दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर ओलंपिक संघ द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है। ऊना में पत्रकार वार्ता के दौरान के बातचीत करते हुए ओलंपिक संघ के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने बताया कि इस बार ओलंपिक दिवस पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम ऊना जिले में किया जाएगा।

इसको लेकर सोमवार सुबह जहां एमसी पार्क ऊना से लेकर इंदिरा मैदान ऊना मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी, वहीं इंदिरा मैदान में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें स्थानीय युवाओं, खिलाडियों और स्कूली विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और नशे से दूर रहने का प्रेरणादायक संदेश दिया जाएगा।

**परेशानी** कैंची मोड़ पर फेंके कूड़े से बुधान पेयजल योजना हो रही दूषित

# लठियाणी-बड़सर नेशनल हाईवे बना कूड़ा घर

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** ऊना-हमीरपुर जिले के बड़सर उपमंडल की सीमा पर स्थित लठियाणी-बड़सर नेशनल हाईवे का कैंची मोड़ अब गंदगी का अड्डा बन चुका है। यहां बड़सर क्षेत्र के दुकानदारों द्वारा भारी मात्रा में कूड़ा-कचरा फेंकने से न केवल पर्यावरण दूषित हो रहा है, बल्कि राहगीरों, स्थानीय लोगों और जलस्रोतों पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस गंभीर विषय पर राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स युवा बिग्रेड के प्रदेश चेयरमैन और भाजपा युवा मोर्चा के जिला ऊना के सचिव अजय ठाकुर ने यह स्थिति न केवल भारत सरकार की स्वच्छ भारत योजना का अपमान है, बल्कि क्षेत्रीय लोगों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है।

उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे किनारे हर प्रकार का कचरा फेंका जा रहा है, जिनमें सब्जियों के सड़े टुकड़े, बच्चों के गंदे पैंपर, सरकारी अस्पतालों की एक्सपायर्ड दवाइयां, घरेलू कचरा और प्लास्टिक का भारी मात्रा में उपयोग शामिल है। इस मौके पर शहीद भक्त सिंह मेमोरियल लठियानी के सदस्य विपिन राणा सहित काफी युवा मौजूद रहे।



कार्यकारी एसडीएम अमित कुमार को ज्ञापन सौंपते अजय ठाकुर और टीम।

अजय ठाकुर ने विशेष चिंता जाहिर करते हुए बताया कि यह सारा कचरा बारिश या हवा के जरिये सीधे बुधान पेयजल योजना तक पहुंच रहा है, जो कि उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के कई गांवों को पानी उपलब्ध करवाती है, ऐसे में दूषित जल पीने से स्थानीय जनता को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इतना ही नहीं, यह गंदगी धीरे-धीरे गोबिंदसागर झील में भी प्रवेश कर रही है, जो भविष्य में एक बड़ी आपदा का कारण बन सकती है।

उक्त घटना की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अजय ठाकुर ने टीम सहित उपमंडल बंगाणा के कार्यकारी उपमंडलाधिकारी (नागरिक) अमित कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मांग की गई है कि इस पूरे मुद्दे का समाधान दस दिन के भीतर निकाला जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन द्वारा समय पर उचित कदम नहीं उठाए गए तो युवा मोर्चा सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा।

ज्ञापन में अजय ठाकुर ने यह भी बताया कि जिस स्थान पर यह कूड़ा फेंका जा रहा है, वहां पर पहले बड़सर पंचायत प्रधान द्वारा केंचुआ खाद बनाने के लिए उपकरण लगाए गए थे, लेकिन वे भी अब गलत तरीके से उपयोग हो रहे हैं या अनुपयोगी बने हैं। इससे साफ है कि पंचायत और प्रशासन की लापरवाही से ही यह स्थिति उत्पन्न हुई है। पूरे मामले पर जब कार्यकारी एसडीएम अमित कुमार से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि वह एसडीएम बड़सर से इस विषय में तुरंत चर्चा करेंगे और मिलकर समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उपमंडल बंगाणा की पेयजल योजनाओं और गोबिंदसागर झील को दूषित नहीं होने दिया जाएगा। प्रशासन जनहित में हर आवश्यक कदम उठाने को तैयार है।

# सर्वहितकारी सभा ने बीमार युवक को दी राहत राशि



जरूरतमंद को राहत राशि प्रदान करते संस्था के प्रतिनिधि

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** सर्वहितकारी सभा की कमेटी ने पंजोआ गांव के रोहित कुमार पुत्र संसार चंद, वार्ड नंबर 5 को राहत राशि प्रदान की। रोहित कुमार पिछले एक सप्ताह से बीमारी के चलते अस्पताल में भर्तीहै। यह सहायता पंचायत लड़ोली के प्रधान बलविंदर सिंह की अगुवाई में प्रदान की गई।

सभा के पदाधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर रोहित के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सभा के अध्यक्ष मदनलाल ने बताया कि रोहित का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, और समिति इस परिवार की हरसंभव सहायता करेगी। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन मदन धीमान, वाइस चेयरमैन एडवोकेट अनिल शर्मा, कुशल धीमान, फतेह सिंह, रशपाल सिंह और जगरनाथ उपस्थित रहे। चेयरमैन धीमान ने कहा कि यह समिति जरूरतमंद लोगों की हर प्रकार से मदद के लिए सदैव तत्पर है। यह सब आप सभी के सहयोग से संभव हो पा रहा है।

वहीं, वाइस चेयरमैन ऐडवोकेट अनिल शर्मा ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई कर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि समिति की यह पहल समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्तींगरी हेलिपैड पर होगा योग दिवस कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की कार्यकारी सहायक आयुक्त एवं एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा ने बताया कि 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को स्तींगरी हेलिपैड पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी व आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारियों द्वारा योगआसन एवं प्राणायाम की क्रियाएं योगा प्रोटोकाल के अंतर्गत करवाई जाएंगी। जिले के उपमंडलों उदयपुर और काजा में भी उपमंडल स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सहित दालंग ग्राउंड और डाइट संस्थान व स्पीति आईटीआई, की मौनेस्ट्री, ग्यू आईटीबीपी सहित जिले के प्रत्येक आयुष संस्थान में भी योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले की सभी पंचायतों में इस दिन स्वच्छता कार्यक्रम योग गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों सहित आमजनता से आग्रह किया कि योग कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें और योग को अपनाकर अपने जीवन को निरोग व तनाव मुक्त बनाएं। इस दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ. बनिता शर्मा भी उपस्थित रही।

### बिना पल्स घायल महिला को दिया नया जीवन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** बीते दिनों रोहतांग दर्रे के पास ग्रांफू के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में जहां दो यात्रियों की जान चली गई। वहीं, भारतीय सेना और ग्रीफ की तत्परता ने कई अन्य जिंदगियों को मौत के मुंह से निकाल लिया। यह हादसा बीते दिनों ग्रांफू क्षेत्र में हुआ, जब एक पर्यटक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना के कर्नल पंकज अग्रवाल ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही कोकसर स्थित भारतीय सेना के शिविर से मेडिकल टीम और बचाव दल मौके पर रवाना हुए। सेना के अस्थायी अस्पताल में एक महिला को बिना पल्स के लाया गया, जिसे सेना के चिकित्सा अधिकारियों ने तुरंत सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रेसुस्टिशन) देकर पुनर्जीवित कर दिया। यह मानवीय सेवा और त्वरित प्रतिक्रिया का अद्वितीय उदाहरण बना। रेस्क्यू अभियान में स्थानीय पुलिस, ग्रामीणों और सेना की संयुक्त टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर स्थिर किया और समय रहते अस्पताल पहुंचाया। सेना के कोकसर स्थित अस्थायी अस्पताल में सभी गंभीर घायलों को तुरंत चिकित्सा सुविधा दी गई, जिससे उनकी स्थिति में तेजी से सुधार हुआ। यह घटना बताती है कि सीमा क्षेत्रों में तैनात भारतीय सेना न केवल सुरक्षा, बल्कि आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता में भी अहम भूमिका निभा रही है। स्थानीय लोगों और प्रशासन ने सेना और ग्रीफ के इस सहयोग की सराहना की है। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने इस पूरे रेस्क्यू अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि सेना का यह त्वरित सहयोग न होता, तो हताहतों की संख्या अधिक हो सकती थी।

### योग को जीवन शैली बनाने का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की कड़ी को और आगे बढ़ाते हुए आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू बुधवार प्रातः आईटीआई शमशी पहुंचा। बारिश के कारण सभी प्रतिभागियों को योग कराना संभव नहीं था। इस कारण उन्होंने हाल में ही प्रतिभागियों को योग अभ्यास कराया। इस योग सत्र में आईटीआई के कई ट्रेनीज ने और प्रशिक्षकों ने बहुत उत्साह से योग के कई आसनों, प्राणायाम व ध्यान की विधियों को सीखा। योग के वरिष्ठ प्रशिक्षक सुंदर ठाकुर ने बताया कि योग ही एक ऐसा दिव्य साधन है, जो मनुष्य को सर्वांगीण स्वास्थ्य प्रदान करता है। इस अवसर पर सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने योग को जीवन शैली बनाने का संकल्प लिया और सभी युवा प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर नशे से दूर रहने का भी संकल्प लिया। सुंदर ठाकुर ने बताया कि 21 जून को प्रातः साढ़े छह बजे नेचर पार्क मोहल में सभी के लिए निशुल्क योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया जा रहा है, जिस में सभी आमंत्रित हैं। इस सफल आयोजन के लिए सुंदर ने आईटीआई के प्रिंसिपल तथा स्टाफ को धन्यवाद किया।

# स्वरोजगार के अवसरों का उठाएं भरपूर लाभ : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने की आनी के बागा-सराहन में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता

सीआर शर्मा, अनंत ज्ञान

**निरमंड।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने बीती शाम कुल्लू जिले के आनी क्षेत्र के दूरदराज गांव बागा-सराहन में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का ध्येय राज्य के प्रत्येक क्षेत्र का समान विकास तथा कल्याण सुनिश्चित करना है।

इसी दिशा में सरकार ने अनेक कल्याणकारी नीतियां और महत्वाकांक्षी कार्यक्रम लागू किए हैं। इसी कड़ी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आरंभ किया गया है। प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला मुख्यालय या राज्य सचिवालय आने की जरूरत न पड़े, इसके लिए सरकार स्वयं गांव के द्वार कार्यक्रम द्वारा लोगों के घरद्वार समस्याओं का समाधान कर रही है। इससे लोगों के समय और धन की बचत हो रही है। इससे पहले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन अति दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार, कुपवी, किलाड़ और शरची में किया गया है। 'मैनें व्यक्तिगत तौर पर इन कार्यक्रमों में जाने और दूर-दराज के इलाके में रात्रि विश्राम का निर्णय लिया, ताकि दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले लोगों की समस्याओं को करीब से जान सकूं।' सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत वह स्वयं और मंत्रिमंडल के सहयोगी गांव-गांव जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं को हल करने का प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोग विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। सीएम सुक्खू ने यहां पिलाए जा रहे पानी में ब्लीचिंग पाउडर की मात्रा ज्यादा होने पर हैरानी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मात्रा कम करने के निर्देश दिए।

**पानी में ब्लीचिंग पाउडर की मात्रा अधिक होने पर जताई हैरानी**



मुख्यमंत्री आनी के बागा-सराहन में रात्रि ठहराव के दौरान अलाव सेंकते हुए व उनके साथ अन्य गणमान्य।

### बाथू का हलवा, लाल चावल, राजमा, शहद और घी के साथ मालपुए का चखा स्वाद

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने अपने बागा सराहन के दौरे के दौरान मंगलवार रात को एक स्थानीय व्यक्ति के घर पर लोकल व्यंजनों का स्वाद चखा। सीएम के लिए बाथू का हलवा, लाल चावल, स्थानीय राजमा, शहद और घी के साथ मालपुए परोसे गए। इससे पहले वह बाहर अलाव के पास बैठे और यहां लोग उन्हें अपनी समस्याएं बताते रहे। डीसी तोरुल एस रवीश और एसपी गोकुल कार्तिकेयन उनके साथ रहे। वह प्रशासन को मौके से ही समस्याओं के निपटारे के निर्देश देते रहे। ग्रामीणों ने अलाव जलाकर देर रात तक यहां नाटी डालते हुए समृद्ध लोक संस्कृति का परिचय दिया। वहीं, सीएम ने भी नाटी डाली। रात्रिभोज के बाद महिला मंडल की सदस्य मुख्यमंत्री से मिलीं। उन्होंने अपनी गतिविधियों के लिए उनसे फंड की मांग

### युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से रहें दूर

**सीएम** ने युवाओं से आह्वान किया कि वह सरकार द्वारा सृजित किए गए स्वरोजगार के अवसरों का भरपूर लाभ उठाएं तथा नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहें। इस मौके पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने प्रदेश सरकार की विकासात्मक योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया।

### ये रहे मौजूद

**इस** अवसर पर विधायक सुंदर सिंह, भुवनेश्वर गौड़, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, अध्यक्ष एपीएमसी राम सिंह मियां, पूर्व विधायक किशोरी लाल सागर, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार, डीसी तोरुल एसरवीश, पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन और अन्य मौजूद रहे।

## डंपर की चपेट में आया क्लीनर, मौत

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी उपमंडल के दलाष के समीप सोईधार क्षेत्र में एक निर्माण स्थल पर दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें एक 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह हादसा जाजर से दलाश तक सड़क चौड़ीकरण के दौरान हुआ, जिसे स्काड्रन कंस्ट्रक्शन प्रा. लि द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 10 बजे निर्माण स्थल पर मशीनों की मरम्मत और डंपरों में तेल-ग्रीस डालने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान एक डंपर चालक द्वारा गाड़ी को आगे बढ़ाते समय उसका क्लीनर, जो सड़क किनारे खड़ा था, डंपर की चपेट में आ गया। वाहन का टायर सीधे युवक के शरीर के ऊपर चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान विजय कुमार निवासी बड़ौन, सलवाना तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी के रूप में हुई है। साथी कर्मचारियों द्वारा उसे तुरंत रामपुर स्थित महात्मा गांधी मेडिकल साइंसेज कांप्लेक्स अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और संबंधित लोगों से पूछताछ जारी है। स्थानीय लोगों और मजदूरों में इस हादसे के बाद शोक की लहर है।

## बिजली-पानी की किल्लत से जूझ रही स्पीति घाटी : रवि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

स्पीति घाटी में भाजपा के बूथ संपर्क अभियान के तहत पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने दुनिया के सबसे ऊंचे गांव कोमिक समेत हिक्किम, लंगजा, किब्बर, चिंचम और कीह गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की जमीनी समस्याएं सुनीं।

रवि ठाकुर ने कहा कि स्पीति घाटी में इनदिनों पर्यटन अपने चरम पर है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी के चलते स्थानीय जनता और पर्यटक दोनों परेशान हैं। उन्होंने बताया कि घाटी में दिनभर में महज तीन से चार घंटे ही बिजली मिल रही है, जिससे होटल और होम स्टे संचालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चिंता जताई कि जल संकट भी गहराता जा रहा है। होटल व्यवसायियों को 800 रुपए प्रति टैंक की दर से पानी ढोना पड़ रहा है, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। रवि ठाकुर ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से बिजली, पानी और परिवहन व्यवस्था में जल्द सुधार की मांग की है, ताकि जनता को राहत मिल सके और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा सके। इस दौरान उनके साथ स्पीति मंडल अध्यक्ष डेमडुल गटुक, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं निदेशक कांगड़ा बैंक चंपा छेरिंग, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र बौद्ध, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश, मंडल महामंत्री टकपा समदन, मंडल महामंत्री कलजंग, बीडीसी उपाध्यक्ष टकपा तोंयोत, एसटी मोर्चा प्रदेश समिति कार्यकारणी सदस्य शेर सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष तंजिन मिंगयूर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष टकपा, सोशल मीडिया प्रभारी सन्नी कुंगा समेत बूथों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## ग्राम रोजगार सेवकों ने सीएम से उठाई मांगें


**अनंत ज्ञान, आनी।** मुख्यमंत्री सुक्खू के बागा सराहन दौरे के दौरान ग्राम रोजगार सेवक संघ हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल संगठन मंत्री उषा देवी के नेतृत्व में उनसे मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष लंबित वेतन, सरकारी कर्मचारी का दर्जा, वेतन वृद्धि और अन्य महत्वपूर्ण मांगें दोहराईं। मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पिछले 4-5 महीनों से ग्राम रोजगार सेवकों को वेतन नहीं मिला है। इसका स्थायी समाधान जरूरी है। साथ ही, 6800 रुपए फिक्स वेतन पर काम कर रहे कर्मियों की दैनिक दिहाड़ी बढ़ाने की भी मांग की गई। संगठन ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवक 17 वर्षों से अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। प्रतिनिधिमंडल ने उन ग्राम रोजगार सेवकों का भी जिक्र किया, जिनकी सेवा के दौरान मृत्यु हो चुकी है और उनके परिवारों को करुणामूलक नौकरी न मिलने पर चिंता जताई।

### भूमि आवंटित करने के प्रस्ताव को एसडीएम को वापस लौटाने पर जताया रोष

## सौंप दी एकतरफा रिपोर्ट : गुलशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने सहायक भूव्यवस्था अधिकारी कुल्लू



और तहसीलदार भू-व्यवस्था वृत्त कुल्लू द्वारा जिला कुल्लू मुख्यालय में पेंशनर भवन के निर्माण के लिए 10 बिस्वा भूमि आवंटित करने के प्रस्ताव को उपमंडलाधिकारी कुल्लू को वापस लौटाने पर गहरा रोष व्यक्त किया।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड इकाई के महासचिव खुशाल चंद नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, वरिष्ठ मुख्य सलाहकार एमआर संगरोली, महासचिव किरण चंद शर्मा आदि अनेक पेंशनर नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि विगत 7 जनवरी को हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष की अध्यक्षता में डीसी कुल्लू से मिला था। डीसी को ढालपुर में होटल सरवरी के पास खाली पड़ी जमीन पर पेंशनर भवन के निर्माण के लिए 10 बिस्वा भूमि आवंटित करने बारे मांगपत्र सौंपा था, जिस पर डीसी ने व्यक्तिगत रुचि लेकर जिला राजस्व अधिकारी कुल्लू के मार्फत उनके कार्यालय पत्र संख्या 384-85 डीआरओ/केएलयू/सक (सकक) भूमि चयन दिनांक 27 जनवरी के अनुसार त्वरित कार्रवाई करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए। एसडीएम ने भी डीसी के आदेशों की पालन करते हुए अपने कार्यालय पत्र संख्या 2381/एसडीके दिनांक 31 जनवरी के अनुसार सहायक भू-व्यवस्था अधिकारी को पेंशनर भवन के निर्माण के लिए नियमानुसार भूमि चयन करके नकल, जमाबंदी व ततीमा मौका तैयार करके अपनी अनुशंसा सहित विस्तृत रिपोर्ट आगामी आवश्यक कार्रवाई के लिए जल्द भेजने के निर्देश दिए थे।

संघ ने डीसी से आग्रह किया कि होटल सरवरी व कुल्लू शहर के आसपास पेंशनर भवन के निर्माण के लिए 10 बिस्वा भूमि का चयन करती बार संघ के प्रदेशाध्यक्ष व कुल्लू संघ के पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाए, लेकिन सहायक भू-व्यवस्था अधिकारी और तहसीलदार भू-व्यवस्था वृत्त कुल्लू ने पेंशनभोगी संघ के पदाधिकारियों को विश्वास में लिए बगैर ही यह कहते हुए एकतरफा रिपोर्ट दे दी कि पेंशनर भवन निर्माण के लिए कोई उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है।

## 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प में अपना योगदान दें : अखिलेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू के भुंतर में भुंतर भाजपा मंडल के द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भुंतर भाजपा मंडल के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। वहीं, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अखिलेश कपूर, जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद, भाजपा नेता नरोतम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



इस दौरान जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने भाजपा कार्यकर्ताओं को विकसित भारत का भी संकल्प दिलाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्षों के अपने कार्यकाल में देश को एक नई दिशा दिखाई है। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अखिलेश कपूर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प में अपना हर संभव योगदान दें। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनता को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई। सभी कार्यकर्ताओं ने इस संकल्प में अपना बहुमूल्य योगदान देने का प्रण लिया। अखिलेश कपूर ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार देश के विकास के लिए शानदार काम कर रही है। आज तक के इतिहास में ऐसी सरकार न आई है और न ही कभी आएगी। केंद्र की भाजपा की सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, अब चाहे देश की आंतरिक सुरक्षा की बात हो, विदेश नीति की बात हो या अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की बात हो। केंद्र सरकार ने अतुलनीय कार्य किया है, ऐसे में भाजपा कार्यकर्ता भी लगातार केंद्र सरकार की नीतियों का आम जनता का प्रचार करें, ताकि आम जनता को भी सरकार की नीतियों का फायदा मिल सके।

## काजा के लिए बस का ट्रायल आज

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान, केलांग।** कुल्लू-मनाली-अटल टनल-ग्रांफू होकर काजा के लिए बस सेवा शुरू होने जा रही है। वीरवार को बस का ट्रायल लिया जाएगा। यह बस समुद्रतल से करीब 15,000 फुट ऊंचे कुंजम दर्रे से होकर गुजरेगी। छोटा दड़ा से लोसर तक जगह-जगह बर्फ के ढेर पर्यटकों व सवारियों का मन मोह लेंगे। ट्रायल सफल होने के बाद अगले दिन से बस सेवा को नियमित रूप से शुरू किया जाएगा। सुबह 7 बजे निगम के अधिकारी बस में बैठकर सड़क का जायजा लेंगे। अक्तूबर महीने में इस रूट पर सरकारी बस को बंद कर दिया था, अब आठ माह बाद बस सेवा आरंभ होगी। बस शुरू होने से स्पीति वासी खुश हैं। स्पीति घाटी के निवासी दोरजे, छेरिंग, तेनीजन व सोनम ने बताया कि बस सेवा शुरू होने से उन्हें सस्ते दर पर आने-जाने की सुविधा मिलेगी। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि वीरवार को बस का ट्रायल होगा। ट्रायल सफल रहा तो शुक्रवार से नियमित बस सेवा शुरू हो जाएगी।

## नशा समाज के लिए दीमक, समय से पहले ही जीवन को लील रहा : राकेश



प्राइमरी स्कूल लारजी में नशा निषेध दिवस के अवसर पर विद्यार्थी व शिक्षक।

अनंत ज्ञान, सैंज

शिक्षा खंड सैंज के अंतर्गत आने वाले प्राईमरी स्कूल लारजी में बुधवार को नशा निषेध दिवस मनाया गया। इसमें फाटी रोट व लारजी सेंटर के 50 बच्चों ने भाग लिया।

स्कूल में नन्हें नौनिहालों ने नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि नशे की लत बहुत बुरी है। इससे युवाओं को बचने की आवश्यकता है। राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे राज्य व्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता अभियान के अंतर्गत लारजी में नशा निषेध दिवस मनाया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने हाथों में जागरूकता से संबंधित पोस्टर, बैनर एवं स्लोगन के साथ लोगों को जागरूक किया। बच्चों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल के अध्यापक राकेश ने बच्चों व अभिभावकों को नशे की लत से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। बच्चों ने नारों और संवाद से संदेश दिया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए घातक है।

आयोजन में विद्यालय के शिक्षक राकेश की अहम भूमिका रही। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए ऐसा दीमक है, जो समय से पहले ही जीवन को समाप्त कर रहा है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति न केवल अपनी शारीरिक हानि करता है, बल्कि अपने परिवार के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी दूषित करता है। नशे के प्रभाव से बच्चे, बुजुर्ग और युवा कोई भी अछूता नहीं है।

## पुलिस ने पर्यटक को लौटाया खोया हुआ बैग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** सिस्सू के पास नियमित गश्त के दौरान लाहौल-स्पीति पुलिस टीम को एक लावारिस बैग मिला। बैग में 1220 नकद, एक आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस और एक एटीएम कार्ड था। कुछ समय बाद पर्यटक अपने खोए हुए सामान की तलाश में मौके पर पहुंचे। उचित सत्यापन के बाद, बैग उन्हें सुरक्षित और अच्छी स्थिति में वापस कर दिया गया। लाहौल-स्पीति पुलिस की माने, तो यह कार्य खूबसूरत लाहौल-स्पीति जिले में आने वाले सभी पर्यटकों की सुरक्षा, सहायता और कल्याण के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लाहौल-स्पीति पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने बताया कि पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है कि हर आगंतुक सुरक्षित, समर्थित और स्वागत महसूस करे। उन्होंने कहा कि यदि किसी पर्यटक का सामान खो जाता है, तो घबराएं नहीं निकटतम पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा मदद के लिए तैनात है।

## अधिष्ठाता देवता गर्गाचार्य ने दिया ग्रामीणों को आशीर्वाद



तलाड़ा में शाढ़नू मेले के समापन अवसर पर देवता गर्गाचार्य से आशीर्वाद लेते ग्रामीण।

अनंत ज्ञान, सैंज

सैंज घाटी की ग्राम पंचायत तलाड़ा में दो दिवसीय शाढ़नू मेला विधिवत रूप से संपन्न हुआ। महान ऋषि गर्गाचार्य के सम्मान में मनाए जाने वाले इस शाढ़नू मेले में जहां ग्रामीणों ने खूब मौज-मस्ती की। वहीं, कुल्लवी नाटी का लोगों ने भरपूर आनंद लिया।

इससे पूर्व बिहाली गांव में पहुंचने पर स्थानीय लोगों व महिलाओं ने देवता गर्गाचार्य का भव्य स्वागत किया। ग्राम पंचायत प्रधान मोहर सिंह ने बताया कि मेले हमारे संस्कृति के प्रतीक हैं, जो हमारी संस्कृति और धार्मिक संस्कृति को बचाए रखे हुए हैं। उन्होंने शाढ़नू मेले की सभी को बधाई दी। वहीं, मेला कमेटी के प्रधान उदय राम ने कहा कि यह मेला पहले एक दिन का होता था, लेकिन पंचायत व ग्रामीणों के सहयोग से पिछले कुछ वर्षों से इस मेले को दो दिवसीय शुरू किया गया है।

इस मौके पर तलाड़ा पंचायत के कई महिला मंडलों ने ग्रामीण स्तर पर कुल्लवी नाटी पेश कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और देवता गर्ग ऋषि के साथ आए हारियानों ने देवता के सामने कुल्लवी नाटी का आयोजन कर मेले की शोभा बढ़ाई। देवता के पुजारी जय बिहारी भारद्वाज, महेंद्र सिंह धामी, राम सिंह गूर, ध्यान सिंह ने देवता संग नाटी डाली।

**विरोध** बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने बठाहड़ क्षेत्र में प्रदेश सरकार के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन

# सरकार की उदासीनता, लापरवाही का खामियाजा जनता भुगत रही

शीला कौल, अनंत ज्ञान

**बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने बुधवार दोपहर बठाहड़ क्षेत्र में स्थानीय जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों, संसाधनों की कटौती और विकास कार्यों की उपेक्षा के विरोध में किया गया। इस अवसर पर विधायक शौरी ने बठाहड़ में पूर्व सरकार द्वारा खोले गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कनिष्ठ अभियंता कार्यालय, तथा बिजली बोर्ड अनुभाग को पुनः बहाल करने की मांग पुरजोर ढंग से उठाई। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के बंद होने से क्षेत्र की आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने भी क्षेत्र में सड़कों की दयनीय स्थिति को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक शौरी ने कहा कि सरकार की



बठाहड़ क्षेत्र में स्थानीय जनता व पार्टी कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए।

उदासीनता और लापरवाही का खामियाजा आज आम नागरिक भुगत रहे हैं।

उन्होंने सरकार से सड़कों की तत्काल मरम्मत एवं पुनः निर्माण की मांग की। विधायक ने बताया कि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बठाहड़, जो क्षेत्र की तीन पंचायतों के छात्रों को शिक्षण सुविधा प्रदान करती है, वर्तमान में शिक्षकों की गंभीर कमी से जूझ रही है। उन्होंने शिक्षा विभाग से आग्रह किया कि विद्यालय में जल्द आवश्यक शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य सुरक्षित रह सके। विधायक शौरी ने प्रदेश सरकार से मांग की कि वह जनहित से जुड़े इन सभी मुद्दों का त्वरित संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाए, अन्यथा जनता का असंतोष और बढ़ेगा।

## बढ़ती ट्रैफिक समस्या पर जताई चिंता

अनंत ज्ञान, बंजार

बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-305 के जिभी से औट खंड पर लगातार बढ़ रही ट्रैफिक समस्या को लेकर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन को पत्र लिखकर आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

प्रेषित पत्र में विधायक शौरी ने उल्लेख किया कि जिभी से औट तक सड़क पर रोजाना घंटों तक लगने वाला ट्रैफिक जाम अब आम बात हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से जिभी और सिधवा-बंजार क्षेत्र में, पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण वाहन सड़क के किनारे अराजक ढंग से खड़े किए जा रहे हैं, जिससे संकरी सड़क पूरी तरह जाम हो जाती है। कुछ स्थानों पर सड़क चौड़ी होने के बावजूद ट्रैफिक व्यवस्था की कमी के कारण स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यह समस्या न केवल आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि पर्यटन और स्थानीय लोगों की आजीविका के लिए भी खतरा बनती जा रही है। विधायक शौरी ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि विशेषकर सप्ताहांत और पर्यटन सीजन के दौरान पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए तथा अवैध पार्किंग पर सख्ती से रोक लगाई जाए। उन्होंने समुचित पार्किंग स्थलों की पहचान, संकेतक लगाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने जैसे ठोस उपायों की मांग की है। उन्होंने कहा, इस महत्वपूर्ण मार्ग पर सुचारू यातायात सुनिश्चित करना न केवल स्थानीय लोगों के लिए राहत देगा, बल्कि पर्यटन विकास के लिए भी अनिवार्य है। मुझे विश्वास है कि जल्द कार्रवाई से इस समस्या का समाधान निकलेगा।

## सुंदर ने मेहनतकश लोगों के रोजगार को मैगी टूरिज्म कहकर उड़ाया मजाक : लोकेंद्र

अनंत ज्ञान, आनी

आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर ने आनी के मेहनतकश लोगों के रोजगार को मैगी टूरिज्म कहकर उनका मजाक उड़ाया है।

उन्होंने कहा कि जलोड़ी दर्रे पर जो लोग मैगी बेचकर जीवन यापन कर रहे हैं, उन गरीब व मेहनतकश लोगों के कार्य और जीवनशैली का अपमान करना सही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पूर्व सीपीएस और कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने इन लोगों के रोजगार को मैगी टूरिज्म कहकर मजाक उड़ाया और उनकी अस्थायी दुकानों को लाल-नीले तरपाल का हास्यास्पद ढांचा करार दिया। लोकेंद्र ने कहा कि यह बयान उन महिलाओं और बेरोजगारों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है, जो वर्षों से जलोड़ी दर्रे पर ऊन से बने स्वेटर, शॉल, मफलर और अन्य हस्तशिल्प पर्यटकों को बेचकर अपने परिवार का पेट पालते रहे हैं। उन्होंने तीखा तंज कसते हुए कहा, अगर सुंदर ठाकुर को लाल-नीले तरपाल से इतनी परेशानी है, तो पहले अपने विधानसभा क्षेत्र में ऐसे रोजगार परंपराओं को बंद करें, जहां वर्षों से इसी तरह की व्यवस्था चलती आ रही है। सुंदर ठाकुर के सीपीएस रहते हुए जलोड़ी दर्रे को इको-टूरिज्म जोन घोषित कर दिया गया और स्थानीय गरीबों की रेहड़ियों को हटाकर बड़ी दुकानों और हट्स का निर्माण कर दिया गया। इन हट्स का किराया इतना अधिक है कि आम महिला दुकानदार या ग्रामीण युवा वहां व्यवसाय नहीं कर सकते। इस कारण से ये लोग फिर से सड़कों पर आ गए। लोकेंद्र ने कहा कि उन्होंने उस समय भी इन गरीबों के पक्ष में आवाज उठाई थी और आज भी उनके साथ खड़े हैं। पूर्व की जय राम सरकार ने 7 करोड़ रुपए से यहां हट्स बनाए थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने मनमाने ढंग महंगे दामों से इनकी नीलामी कर क्षेत्र की आम जनता को इनके लाभ से वंचित करने का काम किया है। बीते दिन बागासराहन में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के सामने सुंदर के इस विवादित बयान ने तूल पकड़ लिया है और आनी के विधायक की प्रतिक्रिया ने इस मुद्दे को राजनीतिक गर्मी में बदल दिया है।



## राधे-राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी।** राधे राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान, रिवाड़ी ने वेटरनरी फार्मासिस्ट और कंप्यूटर कोर्सेस में प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2025-2027 के लिए आरंभ कर दी है। यह संस्थान हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तथा CSKHPKV, पालमपुर से संबद्ध है। यह संस्थान कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, मंडी और शिमला के अर्ध क्षेत्र सहित पांच जिलों में वेटरनरी फार्मेसी का एकमात्र मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केंद्र है। संस्थान के प्रबंधक डॉ. मुकेश ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार 15 जून से शुरू हुई ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत 20 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए पात्रता +2 (मेडिकल) है। इसमें न्यूनतम 55 फीसदी अंक आवश्यक हैं। वर्तमान में संस्थान में केवल 33 सीटें उपलब्ध हैं। अन्य संकायों के छात्र जिनको पिछले सत्र में प्रवेश मिला था, उस मामले पर उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। संस्थान में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, अनुभवी शिक्षक, और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए रणनीति बनाएगा सीटू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सीटू जिला सिरमौर कमेटी की बैठक 22 जून को जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार ने एक प्रेस बयान में दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित यूनियनें भाग लेंगी। इनमें आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, निर्माण मजदूर, 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी, बीमा क्षेत्र, आउटसोर्स कर्मचारी, उद्योग व आशा वर्कर्स से जुड़ी यूनियनें शामिल होंगी। बैठक में इन सभी यूनियनों से जुड़े कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से केंद्र सरकार द्वारा पुराने 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर लागू की जा रही 4 नई श्रम संहिताओं का एक स्वर में विरोध किया जाएगा। आशीष ने कहा कि सीटू का स्पष्ट मानना है कि ये चार श्रम संहिताएं मजदूरों को फिर से बंधुआ मजदूर की स्थिति में पहुंचा देंगी। उन्होंने कहा कि इन संहिताओं से न केवल श्रमिक अधिकारों का हनन होगा, बल्कि कार्यस्थलों पर शोषण की संभावना भी बढ़ेगी।

### पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर नहीं गंभीर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला एचआरटीसी पेंशनर कल्याण संघ ने अपनी बैठक के बाद निर्णय लिया कि पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर एक ज्ञापन राज्यपाल को भेजा जाएगा। इसी क्रम में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन डीसी के माध्यम से राज्यपाल को प्रेषित किया। संघ के जिला अध्यक्ष गुरुदत्त धीमान ने बताया कि सरकार और एचआरटीसी प्रबंधन पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने यह आश्वासन दिया था कि पेंशनर्स को हर माह की 15 तारीख को पेंशन दी जाएगी, लेकिन यह वादा लगातार टूट रहा है। पिछले माह पेंशन 21 तारीख को दी गई थी और इस माह (जून) की पेंशन 18 तारीख तक भी जारी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि जहां एक ओर सेवारत कर्मचारियों को हर माह 5 तारीख को वेतन मिल रहा है। वहीं, पेंशनर्स को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त वर्ष-2016 से लंबित पेंशन एरियर का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। गुरुदत्त धीमान ने सरकार से अपील की कि वह पेंशनर्स की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द लंबित देयों का भुगतान करें और हर माह समय पर पेंशन सुनिश्चित करें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए की जा रही पैसों की मांग

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान



प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से निगम के नाम पर किस्त जारी करने की एवज में पैसे मांगे जा रहे हैं, जोकि गैर-कानूनी है। यदि कोई व्यक्ति इस संबंध में संपर्क करता है तो उसकी सूचना तुरंत आयुक्त कार्यालय में दें। लाभार्थियों से आग्रह है कि अपना एटीएम कार्ड, पासबुक आदि किसी भी व्यक्ति को न दें और किसी भी प्रकार की ठगी होने से बचें।
**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

**सोलन।** शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से सरकार की तरफ से किस्त जारी करने के नाम पर पैसों की डिमांड की जा रही है, जबकि नगर निगम में ऐसा प्रावधान नहीं है। मामला सामने आने के बाद नगर निगम ने लोगों से ऐसे झांसे में न आने की अपील की है। निगम ने सभी लाभार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी किस्त जारी करने को लेकर नगर निगम के नाम पर किसी को पैसे न दें।

निगम अधिकारियों ने लाभार्थियों को कहा कि यदि कोई व्यक्ति उनसे इस संदर्भ में बात करता है, तो और धनराशि की मांग करता है तो उसकी सूचना तत्काल निगम अधिकारियों को दें। नगर निगम सोलन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत जरूरतमंद लोगों को आवास मुहैया करवाए जाते हैं, लेकिन इसकी एवज में अग्रिम राशि नहीं ली जाती। निगम को पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी कि नगर निगम के नाम पर योजना के लाभार्थियों से किस्त जारी करवाने को 6-7 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं, जबकि निगम द्वारा समय-समय पर नियमानुसार लाभार्थियों को किस्त जारी की जा रही है।

गौर रहे कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी का संचालन नगर निगम सोलन द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत मार्च, 2025 से पहले 119 घर की स्वीकृति मिली है, जिसके लिए लाभार्थियों को 1 लाख 85 हजार रुपए और मार्च, 2025 के बाद के घरों के लिए सर्वेक्षण चल रहा है व स्वीकृति लाभार्थियों को 2 लाख 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता चार किस्तों में दी जाएगी। यह राशि आवास निर्माण की शर्तों के अनुसार लाभार्थी द्वारा उपलब्ध करवाए गए बैंक खाते में, एमआईएस एक्सपर्ट की रिपोर्ट व सत्यापन के उपरांत सीधे जमा की जाती है।

## डेढ़ घराट में खुला फसल संग्रहण केंद्र

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** करोल किसान उत्पादक संघ कंडाघाट ने जेप्टो कंपनी के साथ गठबंधन करते हुए डेढ़ घराट के पास फसल संग्रहण केंद्र का उद्घाटन किया। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों से गुणवत्ता युक्त सब्जियों को संग्रहीत करना तथा कंपनी को उपलब्ध करवाना है।

इससे संघ से जुड़े किसानों को बाजार से अच्छा दाम मिलेगा। यह किसान उत्पादक संघ कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट के सौजन्य से बनाया गया है। इसमें तीन सौ किसान जुड़े हुए हैं। कृषि विज्ञान केंद्र से इसकी अध्यक्ष डॉ. सीमा ठाकुर, संघ के प्रधान हरबंस ठाकुर, अध्यक्ष आत्मा परियोजना सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि यह कंपनी किसानों की फसलों का अच्छा मूल्य उपलब्ध मुहैया करेगी। उन्होंने कंडाघाट क्षेत्र के किसानों को बताया कि वह अपना उत्पाद किसान उत्पादक संघ को दें और इसका अच्छा मूल्य प्राप्त करें। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजीव ठाकुर और कई प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# रैश ड्राइविंग करने पर मोटर साइकिल चालक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कुमारहट्टी निवासी राम सागर ने पुलिस चौकी डगशाई में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनका कुमारहट्टी में होटल व्यवसाय का कार्य है।

15 जून को समय करीब 7.45 बजे प्रात: जब यह होटल में काम कर रहे थे, तो इन्हें होटल के कर्मचारियों ने बताया कि सड़क के किनारे खड़ी इनकी गाड़ी को एक मोटर साईकिल ने टक्कर मार दी, जिस पर यह मौका पर गए तो इन्होंने देखा कि इनकी गाड़ी का बहुत नुकसान हुआ था, लेकिन मौके पर कोई भी मोटर साइकिल/वाहन खड़ा न था, जब इन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को चैक किया, तो पाया कि एक मोटर साईकिल सवार अपने मोटर साइकिल को बहुत तेज रफतारी व लापरवाही से चला रहा था, जो तेज रफतारी व लापरवाही के कारण पहले सड़क पर लगे डिवाइडर से टकराया उसके उपरांत उसने मोटर साईकिल को इनकी कार में टकरा दिया, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया । इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान तकनीकी साक्ष्यों व सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया, तो विश्लेषण करने पर उक्त हादसे में संलिप्त मोटर साइकिल का नंबर सीएच-01 सीटी-3524 पाया गया, जिस पर पुलिस चौकी डगशाई की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त हादसे में संलिप्त मोटर साइकिल सवार जिसका नाम व पता नीरज कुमार पुत्र राम वदन प्रसाद निवासी हलो माजरा चंडीगढ़ युटी उम्र 25 वर्ष मालूम हुआ, उसको चंडीगढ़ से हिरासत में लिया गया तथा वारदात में संलिप्त मोटर साइकिल को जब्त कर पुलिस ने कब्जे में लिया। अभी तक की जांच पर पाया गया कि 15 जून को आरोपी अपने साथियों के साथ चंडीगढ़ से सोलन घूमने के लिए आया था, लेकिन ये सभी शमलेच टनल के पास से वापस चण्डीगढ़ की तरफ जा रहे थे, जो उक्त मोटर साइकिल चालक बहुत तेज रफतारी में अपने मोटर साइकिल को चला रहा था। उक्त तेज रफतारी के कारण इसका मोटर साइकिल सड़क के किनारे खड़ी गाड़ी में टकरा गया तथा टकराने के बाद मोटर साइकिल सवार मोटर साइकिल सहित मौका से भाग गया था। मामले में जांच जारी है।

# अधिकारी जान लें कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, भावनाएं कुचलने का प्रयास न करें : जयराम

अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान



पांवटा साहिब में प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष रैली निकालते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 97 फीसदी हिंदुत्व को हराने की उस मानसिकता से बाहर ही नहीं निकल पाए हैं। हिंदूवादी समाज से जुड़े लोगों को फसाने और उन्हें जेल भेजने की साजिश रच रहे हैं।

हिंदुत्व की भावना को कुचलने और उन्हें अपमानित करने का प्रयास कर रहे हैं। एक बेटी जो घर से गायब हो गई और परिजन उस बेटी को खोज कर लाने की गुहार लगा रहे हैं और पुलिस कुछ नहीं कर रही है। पुलिस-प्रशासन यह जाने ले कि सरकारें आती-जाती रहती हैं। एक मंत्री घटिया बयान दे रहा है, जिसका हम जिक्र भी यहां नहीं कर सकते हैं। जिले से जुड़े मंत्री को तो पुलिस-प्रशासन को साफ-साफ यह कहना चाहिए था कि पहले बिटिया को खोज कर लाओ बाकी बातें बाद में होंगी, लेकिन यहां तो संरक्षण दिया जा रहा है, जब भावनाएं आहत होंगी तो एक बाप क्या करेगा? पुलिस को पता था कि लड़की कहां है, इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद ऐसे हालत बने। भाजपा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और विधायक सुखराम चौधरी लोगों को शांत करवाने का काम कर रहे थे, उन पर ही हत्या करने की कोशिश का मुकदमा लिख दिया, जो पुलिस बिटिया को खोज कर लाने के नाम पर सोई पड़ी थी, अब सरकार के कहने पर दिन-रात बिटिया के समाज से जुड़े लोगों की ताबड़-तोड़ गिरफ्तारियां कर रही हैं। दूसरी तरफ से जिन लोगों ने छतों से पत्थर चलाए, उनमें से कितने लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई? कितने लोगों को जेल भेजा गया है। सरकार और प्रशासन सत्ता का अहंकार त्याग और पीड़ित पर ज्यादती बंद करे, नहीं तो अंजाम बहुत बुरा होगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि जो भी हुआ है, उसके लिए एकमात्र दोषी सरकार और प्रशासन है। पुलिस को मालूम था कि बेटी कहां है? ऐसे में यह सवाल उठता है कि परिजन को बेटी क्यों नहीं सौंपी गई।

## बेटी की लड़ाई में खड़े भाजपा नेताओं पर कांग्रेस की नीति-नीयत बेनकाब : बलदेव

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा प्रवक्ता और पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने नाहन की हालिया घटना पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिंदू समाज की बेटी के अपहरण जैसे गंभीर मामले को कांग्रेस सरकार ने न केवल दबाने की कोशिश की, बल्कि जिन्होंने आवाज उठाई, उन्हीं पर मुकदमे थोप दिए।



तोमर ने मीडिया को जारी ब्यान में बताया कि यह कोई साधारण घटना नहीं थी। एक मुस्लिम युवक द्वारा हिंदू लड़की को बहला-फुसला कर अगवा किया गया। कई दिन बीतने के बाद, जब समाज के लोगों ने संगठित होकर आवाज उठाई और बेटी को खोजने के लिए दबाव बनाया, तब जाकर पुलिस हरकत में आई और अब जाकर लड़की सुरक्षित बरामद हो चुकी है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में जो सबसे शर्मनाक बात सामने आई, वह थी प्रदेश के प्रशासन और कांग्रेस नेताओं का पक्षपाती रवैया।

बलदेव तोमर ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने मौके पर पहुंच कर केवल एक पीड़ित परिवार और आक्रोशित जनता की भावनाओं को दिशा देने का काम किया, ताकि स्थिति शांतिपूर्ण बनी रहे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इन्हीं दोनों नेताओं पर हत्या के प्रयास की धारा 307 जैसी संगीन धाराएं लगाकर यह साबित कर दिया कि वह पीड़ित के साथ नहीं, अपराधियों के साथ खड़ी है। उन्होंने पूछा क्या अब इस प्रदेश में बेटी के लिए न्याय मांगना भी गुनाह है? क्या भाजपा नेताओं पर केस बनाकर कांग्रेस सरकार यह संदेश देना चाहती है कि अगर आप हिंदू समाज की आवाज बनोगे, तो आपको अपराधी बना दिया जाएगा।

# शूलिनी मेले का सीएम सुक्खू करेंगे शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन**



राज्य स्तरीय शूलिनी मेले की जानकारी देते डीसी मनमोहन शर्मा।

सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी का राज्य स्तरीय शूलिनी मेला 20 से 22 जून तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। परंपरा के मुताबिक देवी शूलिनी गंज बाजार स्थित शक्तिपीठ मंदिर में अपनी बड़ी बहन के यहां दो दिन रूकती हैं। तीसरे दिन वापस मंदिर लौट जाती हैं।

इस परंपरा को शोभायात्रा के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि माता शूलिनी माता से सच्ची श्रद्धा से मांगी गई मन्नत पूरी होती है। इसी के चलते स्थानीय लोगों में मेले को लेकर खासा उत्साह है। पहले दिन मां शूलिनी देवी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। इसमें एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की पहुंचने की संभावना है। मेले में सुरक्षा के इंतजाम के लिए पुलिस ने पूरा शहर छावनी में तब्दील कर दिया है। शोभायात्रा में प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य के लोग भी देवी शूलिनी के दर्शन को सोलन पहुंचते हैं। मेले के सफल आयोजन के लिए माता के मंदिर सहित पूरे सोलन शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

इससे लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। मंदिर से लेकर शहरभर में सजावटी लाइट्स लगाई गई है। डीसी सोलन मेला कमेटी के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने कहा कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मेले में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम रहेंगे। सांस्कृतिक सांध्य, खेलकूद और झूलों के मनोरंजन को लेकर ठोडो मैदान सज गया है। वहीं, ठोडो मैदान में दंगल, ठोडा खेल वॉलीबाल और कबड्डी प्रतियोगिता का स्थान भी चिन्हित हो चुका है। पहले दिन 20 जून को माता की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। मेले का शुभारंभ व माता की डोली का स्वागत इस बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। हालांकि, यह परंपरा अभी तक प्रदेश के मुख्यमंत्री या राज्यपाल निभाते आ रहे हैं। पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मेले में समापन अवसर पर मुख्यातिथि होंगे। मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक कर्नल धनीराम शांडिल मुख्यातिथि होंगे।

## नाहन पथ परिवहन में 16 रूटों को बंद करने की प्रक्रिया का विरोध

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश सरकार व हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा नाहन डिपो के 16 और बस रूट को बंद करने की प्रक्रिया शुरू करने का सीपीआईएम जिला सिरमौर कमेटी ने विरोध किया है। हाल ही मे नाहन टोंडा बस रूट बंद किया गया, जिसका स्थानीय लोगों को खामियाजा भुगतान करना पड़ रहा है।

सीपीआईएम के जिला सचिव राजेंद्र ने बताया कि 16 रूट बंद करने के पीछे घाटे को कारण बताया जा रहा है, जबकि हमारा देश व प्रदेश कल्याणकारी गणराज्य है। इसमें सरकार मुनाफा कमाने के लिए नहीं होती है, बल्कि जनता की सेवा सरकार का दायित्व है। यह बहुत हैरान करने का विषय है कि जिन रूट को बंद किया जाता है, वहां पर निजी बस सेवा घाटे मे नहीं जाती है। सरकार का अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटना बेहद चिंताजनक है। केंद्र सरकार की तर्ज पर नव उदारीकरण की नीतियों को प्रदेश सरकार धड़ल्ले से लागू कर रही है। इससे प्रदेश मे धीरे-धीरे सार्वजनिक सेवाओं को समाप्त किया जाएगा और आम जनता की तकलीफ और ज्यादा बढ़ेगी। सीपीआईएम सार्वजनिक सेवाओं की बहाली के लिए प्रतिबद्ध है।

# 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को, पौधे भी रोपे जाएंगे

**अनंत ज्ञान, सोलन**

21 जून को पूरे देश तथा प्रदेश के साथ-साथ सोलन जिले में भी 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है'।

उन्होंने कहा कि योग के साथ-साथ प्रकृति का ध्यान रखकर संपूर्ण सृष्टि की सुरक्षा की जा सकती है। डीसी ने कहा कि जिला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में आयोजित किया जाएगा। सभी उपमंडलाधिकारियों को उपमंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में स्थापित स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों पर भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मनमोहन शर्मा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ शरीर आवश्यक है और इस दिशा में योग महत्वपूर्ण है। विद्यालयों तथा कॉलेजों में योग को लोकप्रिय बनाने के लिए यह आवश्यक है कि योग में महारत रखने वाले युवाओं को आदर्श की तरह प्रस्तुत किया जाए, ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि जिले के शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य केंद्रों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग दिवस आयोजित किया जाना चाहिए। मनमोहन शर्मा ने निर्देश दिए कि योग दिवस पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का पूर्ण ब्यौरा संकलित करें। इस अवसर पर रोपित किए जाने वाले पौधों का भी पूरा ब्यौरा रखें। जिला आयुष अधिकारी डॉ. निशा वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर पौधे भी रोपित किए जाएंगे। बैठक में आयुर्वेद विभाग सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# अमरनाथ यात्रा में भंडारे के लिए शेड का सामान रवाना



बद्दी से अमरनाथ यात्रा में भंडारे के लिए शेड के सामान से लदे ट्रकों को रवाना करते हुए लाल हरविलास जिंदल और अन्य।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल द्वारा ऐतिहासिक अमरनाथ यात्रा में 25वां भंडारा लगाने के लिए शेड के सामान से लदे दो ट्रकों को बुधवार को रुचि ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन लाला हरविलास जिंदल ने झंडी देकर रवाना किया। सबसे पहले मंदिर में पूजा-अर्चना की, उसके बाद सभी सेवादारों ने इकठ्ठे होकर भोले के जयकारे लगाते हुए ट्रकों को रवाना किया। हरविलास जिंदल ने कहा कि यह 25वां विशाल भंडारा संस्था लगाने जा रही है। हम सब प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है।

हिमाचल का यह एक मात्र भंडारा है, जो यात्रा शुरू होने से पहले ही शुरू कर दिया जाता है और यात्रा समाप्ति तक चलता है। बालटाल दोमेल स्थान पर पवित्र गुफा से 14 किलोमीटर पहले यह भंडारा लगेगा। इसके लिए वहां पर शेड स्थापित किया जाएगा। जिनमें श्रद्धालुओ के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। पहले से अधिक सुविधाएं दी जाएंगी। आज यह रवाना किए गए दोनों ट्रक राम लाल वर्मा के नेतृत्व में करीब तीन दर्जन से अधिक सेवादारों के साथ भेजे गए, जो वहां पर करीब एक सप्ताह में शेड और तमाम सुविधाएं तैयार कर देंगे। फिर 25 जून के भंडारे का राशन यहां से जाएगा। 3 जुलाई को यात्रा के शुरू होने से पहले वहां पर सुचारू रूप से भंडारा शुरू कर दिया जाएगा। हरविलास जिंदल ने सभी सहयोगियों के धन्यवाद किया, जिन्होंने इस आयोजन के लिए सहयोग दिया। संस्था के एसपी गुप्ता ने तमाम सुविधाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर लाला हरविलास जिंदल के साथ तरक्की लाल कौशल, मनोज कौशल, एसपी गुप्ता, देश राज चौधरी, दिवान चौधरी, गीता राम थाना, कुलभूषण जैन, शाम लाल चौहान, विनोद जिंदल, आनंद पाल, जितेंद्र जिंदल, राम लाल वर्मा, सरताज सिंह लाडी, बिपिन कुमार, मनोज कुमार, राजेश बंसल, अतुल गुप्ता, बिपिन गुप्ता, दिप्पा, रमेश शर्मा, रामलोक, राजेश कुमार आदि उपस्थित हुए।

## अजय ने बिरोजा फैक्टरी के कर्मियों की मांगों को जाना

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा क्षेत्र नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने नाहन की ऐतिहासिक औद्योगिक धरोहर बिरोजा फैक्टरी का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का गहन निरीक्षण किया।

उन्होंने फैक्टरी के प्रमुख प्रबंधक तथा कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। निरीक्षण के दौरान विधायक सोलंकी ने बताया कि यह फैक्टरी वर्ष 1949 से लगातार संचालित है और यह प्रदेश सरकार को हर वर्ष लगभग 4 से 5 करोड़ रुपए का लाभ देती है, जो अपने आप में एक सराहनीय उपलब्धि है। उन्होंने फैक्टरी प्रबंधन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां के मुख्य प्रबंधक व उनकी टीम ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य कर रही है। सोलंकी ने कहा कि फैक्टरी में कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, विशेष रूप से उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस फैक्टरी से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण मांगों एवं विस्तार की संभावनाओं को वे स्वयं मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने कहा कि बिरोजा फैक्टरी केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि नाहन की सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान है। इसके सशक्तिकरण के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि आने वाले वर्षों में यह फैक्टरी और अधिक प्रगति करे तथा क्षेत्र के युवाओं के लिए और अधिक रोजगार के अवसर पैदा कर सके।

## होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र कोटली में जवानों को दी एड्स और क्षय रोग की जानकारी




होम गार्ड प्रशिक्षण केंद्र कोटली अर्की जिला सोलन में शिविर में मौजूद जवान।

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

**अर्की ।** होम गार्ड प्रशिक्षण केंद्र कोटली अर्की जिला सोलन में एक सीबीएस (कम्युनिटी-बेस्ड-स्क्रीनिंग) शिविर का आयोजन कार्यकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दूनी चंद के नेतृत्व में किया गया।

शिविर में परामर्श विशेषज्ञ आईसीटीसी नागरिक चिकित्सालय विजय कुमार शांडिल ने प्रतिभागियों को एचआईवी एड्स क्षय रोग सिफलिस और हेपेटाइटिस बी एवं सी के विषय में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि ये सभी रोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हैं, जो समय पर जांच, जागरूकता और सही परामर्श से रोके जा सकते हैं। उन्होंने इन रोगों के लक्षण, संक्रमण के माध्यम, रोकथाम और सरकारी चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर वरिष्ठ तकनीशियन आईसीटीसी मनीष कुमार ने 44 प्रतिभागियों की एचआईवी हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी और सिफिलिस की जांच गोपनीयता एवं सावधानी के साथ की। इस शिविर का उद्देश्य होम गार्ड अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय-समय पर जांच के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की सफलता में होम गार्ड प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय भूमिका रही।

**आदेश** राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले के दृष्टिगत वाहनों का ट्रैफिक प्लान जारी

# माल रोड व राजगढ़ में तीन दिन नहीं चलेंगे वाहन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले के आयोजन के संबंध में जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने जन सुरक्षा एवं जन सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक आदेश जारी किए हैं।

यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा-115 एवं 117 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए हैं। 20 जून को मां शूलिनी की झांकी लेकर जाने वाले वाहनों पर यह आदेश लागू नहीं होंगे। इन आदेशों के अनुसार 20 जून की प्रात: 8 से 22 जून की रात्रि 12 बजे तक माल रोड सोलन पर आपातकालीन वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इसी अवधि में पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक से क्षेत्रीय अस्पताल चौक तक का मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध वीआईपी वाहनों, विशेष रूप से आमंत्रित कलाकारों



शूलिनी मेले के दृष्टिगत शहर में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम का निरीक्षण करते एसपी गौरव सिंह।

और आपातकालीन वाहनों पर लागू नहीं होगा। सपरुन चौक पर पुल के समीप 20 से 22 जून तक प्रात: 10 से रात्रि 12 बजे तक मार्ग को अवरूद्ध किया जाएगा। इस स्थान पर सुरक्षा के दृष्टिगत वाहनों की जांच की जाएगी। आपातकालीन वाहनों, विशेष छूट प्राप्त वाहनों के अतिरिक्त किसी भी वाहन को सपरुन चौक से पुराने डीसी कार्यालय की तरफ नहीं आने दिया जाएगा। कांगड़ा मैत्री सभा के समीप होटल द क्लिफ के पास भी मार्ग को अवरूद्ध किया जाएगा। चंबाघाट की ओर से आने वाली बसों और निजी वाहनों से मेले में आने वाले यात्रियों को होटल द क्लिफ के पास उतारा जाएगा और वाहनों को पार्किंग के लिए बाईपास भेजा जाएगा।

शिमला से चंडीगढ़ तथा चंडीगढ़ से शिमला आने वाले वाहनों को बाईपास से होकर भेजा जाएगा। सिरमौर जिले के राजगढ़ की ओर से सोलन शहर आने वाले यात्री बसों तथा वाहनों से कोटलानाला चौक पर उतरेंगे। यह वाहन शामती की ओर बाइपास सुविधा के अनुसार खड़े किए जा सकेंगे। राजगढ़ मार्ग पर देवभूमि अपार्टमेंट के समीप भी मार्ग को अवरूद्ध किया जाएगा। यहां से राजगढ़ की ओर से चंडीगढ़ तथा शिमला जाने वाले हल्के तथा भारी वाहनों को शामती न्यू बाइपास मार्ग से भेजा जाएगा। क्षेत्रीय अस्पताल चौक से शामती तक सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े करने की अनुमति नहीं होगी। विशेष स्वीकृति के साथ नगर निगम सोलन की पार्किंग में वाहनों में चढ़ने तथा उतरने की अनुमति दी जाएगी। मुख्य मार्ग से ठोडो मैदान तक प्राधिकृत वाहनों का प्रवेश भीड़ के अनुसार किया जाएगा यदि अधिक भीड़ होगी, तो मैदान की ओर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। आवश्यक सेवाओं के लिए प्रयुक्त वाहन, रोगी वाहन, अग्निशमन वाहन, कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के प्रयुक्त वाहन, मेला अवधि में शहर की सफाई के लिए प्रयुक्त वाहन, मेला ड्यूटी सेवा वाहन तथा स्टीकर युक्त वाहनों पर यह आदेश लागू नहीं होंगे।

# कैबिनेट मंत्री से की वाकनाघाट में पुलिस चौकी खोलने की मांग



छह पंचायतों के लोगों का प्रतिनिधिमंडल डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल से मिलते हुए।

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल की वाकनाघाट क्षेत्र की छह पंचायतों के लोगों का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल से मिला और उन्होंने वाकनाघाट में पुलिस चौकी खोलने की मांग की।

ग्राम पंचायत वाकना, बीशा, छावशा, पौधना, कोट क्वारग के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वाकनाघाट तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है। यहां दो विश्वविद्यालय अनेक अन्य संस्थान कई कार्यालय और व्यवसायिक संस्थान हैं। इसके अतिरिक्त बहुत बड़ा ग्रामीण क्षेत्र यहां आता है। यहां बाहरी लोगों की अधिकता के कारण स्थानीय लोगों खासकर महिलाओं को दिनचर्या के कामों घास पत्ती लाने तक में भारी परेशानी आ रही है। विश्वविद्यालय के कारण यहां नशा और चिट्टे के तस्कर सक्रिय रहते हैं। इससे माहौल खराब है। इस तरह के अनेक कारणों से वाकनाघाट में स्थायी पुलिस चौकी खोलना अति आवश्यकता है, पिछले करीब आठ सालों से विभिन्न माध्यमों से यह मांग उठाई जा रही है, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। कर्नल शांडिल ने कहा कि यह मांग उचित और क्षेत्र की जरूरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस चौकी को खोलने का मामला कैबिनेट में रखा जाएगा। इसके क्षेत्र की यह मांग पूरी की जाएगी। इस प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों, महिला मंडल, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित 60 लोग शामिल रहे।




# कुरुक्षेत्र में महाभारत की थीम पर बनेंगे गेट और चौक : सैनी

## कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की 82वीं बैठक आयोजित

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की 82वीं बैठक बुधवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। बैठक में कुरुक्षेत्र शहर के विकास संबंधी कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को विश्व स्तर पर पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी कि यहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक महसूस कर सकें कि वे महाभारत के पवित्र इतिहास से जुड़ी भूमि पर आए हैं।

**इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी पास भी बनेंगे**

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कुरुक्षेत्र के चौकों और प्रवेश द्वारों को महाभारत की थीम पर आधारित बनाया जाएगा। इसके अंतर्गत ज्योतिसर मार्ग पर स्थित सुदर्शन चक्र को पुनर्निर्मित किया जाएगा, जिसमें लाइटिंग के साथ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

बैठक में ब्रह्मसरोवर के प्रवेश द्वार के नामकरण पर चर्चा हुई। साथ ही ज्योतिसर तीर्थ परिसर के आस-पास हरियाली बढ़ाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। पूरे शहर में पेंटिंग्स और रेलवे ब्रिज के पास श्लोक लिखवाने के भी प्रस्ताव सामने आए। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने निर्णय लिया कि शहर में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी, जो 48 कोस के क्षेत्र में स्थित प्रमुख तीर्थस्थलों को जोड़ेंगी। बसों में रूट मैप लगाए जाएंगे और डेली पास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे तीर्थ यात्रियों को यात्रा में सुविधा हो।

मुख्यमंत्री सैनी ने सभी ऐतिहासिक स्थलों के पास जानकारी बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए हैं, जिनमें उस स्थान का इतिहास विस्तृत रूप में दर्शाया जाएगा। उदाहरण स्वरूप, बाण गंगा की प्रतिमा के पास उसके इतिहास का उल्लेख होगा। इसी तरह भीष्म कुंड सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को चिन्हित कर उनका सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

# एमसीसी ने सेक्टर-27ए में हटाए अवैध अतिक्रमण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सार्वजनिक स्थानों को बनाए रखने और सभी नागरिकों के लिए सामान्य क्षेत्रों तक बिना रुकावट पहुंच सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयास में चंडीगढ़ नगर निगम ने बुधवार को सेक्टर-27ए में हाउस नंबर 193 के पास अवैध बाड़ और अतिक्रमण को हटाया।

नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस के निर्देशों पर, एमसीसी की इंजीनियरिंग टीम ने जेसीबी मशीनों का उपयोग कर सड़क के किनारे लगी अवैध बाड़ को तोड़ा। यह अतिक्रमण सार्वजनिक पहुंच को बाधित कर रहा था और विशेष रूप से आपातकालीन या मानसून संबंधित कार्यों के दौरान मरम्मत और आवाजाही में रुकावट उत्पन्न कर रहा था।

यह हटाना एमसीसी के व्यापक पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहर भर में सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित और संरक्षित रखना है। नगर निगम सड़कें, पार्क, फुटपाथ और अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों को अवैध कब्जे से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी निवासियों के लिए एक सुरक्षित और सुलभ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

एमसीसी ने यह फिर से स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को सहन नहीं किया जाएगा और सभी सेक्टरों में नियमित निगरानी जारी रहेगी। निवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे सहयोग करें और सार्वजनिक क्षेत्रों को अवरुद्ध करने वाले अवैध निर्माण या बाड़ से बचें।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब में फसल विविधीकरण पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब की बढ़ती कृषि और पर्यावरण चुनौतियों से निपटने के लिए एक ठोस प्रयास में नेचर कंजरवेंसी इंडिया सॉल्यूशंस (एनसीआईएस) ने चंडीगढ़ में एक उच्च स्तरीय वर्कशॉप 'फसल विविधीकरण पर स्टेकहोल्डर वर्कशॉप: रीजेनरेटिव कृषि के लिए रणनीति' का आयोजन किया। प्रमोटिंग रीजेनरेटिव एंड नो बर्न एग्रीकल्चर (प्राना) प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में नीति, उद्योग, विज्ञान और खेती के क्षेत्रों से 100 से अधिक विशेषज्ञ शामिल हुए। वर्कशॉप का उद्देश्य पंजाब के कृषि परिदृश्य को असंवहनीय प्रथाओं से रीजेनरेटिव, जलवायु-लचीले मॉडल की ओर बदलने के लिए एक सहयोगी रणनीति को सुगम बनाना था। इस अवसर पर मुख्यातिथि नाबार्ड पंजाब के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार आर्य थे, उनके साथ पंजाब विकास आयोग के सदस्य शोइकत रॉय और एनसीआईएस के लीड ज्ञान प्रकाश राय भी वर्कशॉप का उद्घाटन करने के लिए शामिल हुए। वर्कशॉप में 'पोपलर को लोकप्रिय बनाना, पंजाब में कृषि वानिकी की ओर बढ़ना', 'खाद्य सुरक्षा से लेकर फल सुरक्षा तक नाशपाती और किन्नू की खेती में अवसर' और 'कपास बेल्ट को पुनर्जीवित करना आदि शामिल थे। इस अवसर पर विनोद कुमार आर्य ने पंजाब की गेहूं-धान चक्र पर लंबे समय तक निर्भरता की पर्यावरणीय लागत को रेखांकित किया, जो वर्तमान में राज्य के सकल फसल क्षेत्र का 86 है। शोइकत रॉय ने मौजूदा कृषि मॉडल की पारिस्थितिक और आर्थिक अक्षमताओं की ओर इशारा करते हुए तत्काल, व्यवस्थित फसल विविधीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। ज्ञान प्रकाश राय ने प्राना के अगले पांच वर्षों के लिए रोडमैप साझा किया, जिसमें मुख्य रूप से परिदृश्य बहाली और रीजेनरेटिव कृषि ढांचे में फसल विविधीकरण के गहन एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने प्राना के तीन साल के फसल अवशेष प्रबंधन के परिणाम प्रस्तुत किए और कार्यान्वयन के अगले चरण के लिए रणनीतिक कदम बताए।



### महाराष्ट्र में कोई भी भारतीय भाषा तीसरा विकल्प



**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के स्कूलों में तीसरी भाषा को लेकर उपजे ऊहापोह के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूरी तस्वीर साफ की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य की महायुति सरकार ने छात्रों के लिए हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य बनाने की बाध्यता हटा दी है। अब प्रदेश के स्कूलों में कोई भी भारतीय भाषा तीसरी भाषा के रूप में चुनी जा सकती है। उन्होंने पुणे जिले के देहू में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, पहले हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य किया गया था, लेकिन अब वह नियम हटा लिया गया है। फडणवीस ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा फार्मूले को अपनाया गया है। इसमें मातृभाषा के साथ दो अन्य भाषाएं भी पढ़ाई जाती हैं। इनमें से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए। आमतौर पर छात्र अंग्रेजी भाषा चुनते हैं। अब तीसरी भाषा को लेकर भी लचीला रूख अपनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजी को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### संविधान तोड़ने वाले मना रहे संविधान हत्या दिवस



**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार 1975 के आपातकाल के विरोध में 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने जा रही है, लेकिन भाजपा तो हर दिन संविधान का उल्लंघन करती है। बनर्जी ने कहा कि जो लोग संविधान का सम्मान नहीं करते हैं, वही इसकी नैतिकता को बनाए रखने की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता ने पूछा कि क्या महाराष्ट्र और बिहार में चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकारों को गिराना संविधान पर हमला नहीं था? (अनंत ज्ञान)

### इमरान खान ने दो सप्ताह के लिए टाला प्रदर्शन



**एजेंसी, इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने ईरान-इसराइल संघर्ष के बाद चल रहे वैश्विक घटनाक्रम के कारण अपनी पार्टी के नियोजित राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन को दो सप्ताह के लिए टाल दिया है। पिछले महीने की शुरुआत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक ने कहा था कि वह केंद्र में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के खिलाफ अपनी पार्टी के आगामी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जेल से करेंगे। हालांकि, विरोध प्रदर्शन की सही तारीख की घोषणा नहीं की गई। (अनंत ज्ञान)

# डडू माजरा कॉलोनी के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद तिवारी को बताई समस्याएं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



बुधवार को डडू माजरा कॉलोनी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सुरेंद्र पाल, अमन स्लैच, रवि, राम बाबू, जीत राम आदि वार्ड नंबर 26 के प्रेसिडेंट हरजिंद्र सिंह प्रिंस के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान सांसद से कॉलोनी से संबंधित कई समस्याओं पर चर्चा की। कॉलोनी की समस्याओं में सबसे अहम डंपिंग ग्राउंड का मुद्दा, सड़कों की खराब स्थिति, टी-प्वॉइंट पर ट्रैफिक लाइट्स की आवश्यकता, पार्कों का रख-रखाव, कॉलोनी की साफ-सफाई, रात के समय नियमित पुलिस पेट्रोलिंग तथा ग्रीन बेल्ट पार्क की स्थापना जैसी समस्याएं शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से इन सभी मुद्दों के शीघ्र समाधान हेतु हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया और कहा कि कॉलोनीवासियों को जल्द से जल्द इन समस्याओं से निजात दिलाई जाए। प्रतिनिधिमंडल ने बाद में चंडीगढ़ के एसएसपी ट्रैफिक पुलिस से भी मुलाकात की और टी-प्वॉइंट पर ट्रैफिक लाइट्स की अत्यंत आवश्यकता के बारे में बताया। साथ ही कॉलोनी में भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए एंट्री प्वॉइंट्स पर बैरिकेड्स लगाने का अनुरोध किया।

# हिसार में पकड़ी नकली देसी घी की फैक्टरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सीएम फ्लाइंग और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हांसी में बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर परिषद कार्यालय के पीछे चल रही नकली देसी घी बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया गया। सीएम फ्लाइंग और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम की संयुक्त छापेमारी में सैकड़ों लीटर नकली घी और नामी कंपनियों के नाम के टीन और डिब्बे बरामद किए गए। कार्रवाई का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार की इंचार्ज उप निरीक्षक सुनैना रानी ने व खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन चहल ने किया। बुधवार को इस कार्रवाई के दौरान टीम के साथ पुलिस बल मौजूद रहा। मौके से नकली घी तैयार करने के लिए उपयोग में लाई जा रही सामग्री, रासायनिक पदार्थ, खाली डिब्बे और तैयार पैकिंग तथा फैक्टरी में तैयार घी व अन्य सामान को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गई जांच में पता चला है कि यह नकली घी बाजार में ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बेचा जा रहा था, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। फूड सेफ्टी अधिकारी डॉ. पवन चहल ने बताया की मौके पर मिले घी के सैंपल लेकर जांच हेतु पंचकूला लैब भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही आरोपियों के खिलाफ खाद्य अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम मान ने आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर यूनियन के साथ बैठक की रद्द

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर यूनियन के साथ होने वाली बैठक को अंतिम समय में रद्द कर दिया है, इससे यूनियन नेताओं में नाराजगी बढ़ रही है।

इस अवसर पर यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष बरिंद्रजीत कौर छीना ने बताया कि एक बार फिर सरकार का चेहरा बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि 13 जून को लुधियाना पश्चिम में सर्व आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर यूनियन द्वारा विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया था। इस बीच लुधियाना के विधायक मनजिंद्र सिंह ग्यासपुरा ने यूनियन नेताओं को 18 जून को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के साथ बैठक करने का समय दिया था, लेकिन बुधवार को जब बरिंद्रजीत कौर अपने साथियों के साथ बैठक के लिए पंजाब भवन पहुंची तो उन्हें बताया गया कि रुझान के कारण बैठक रद्द कर दी गई है। इस तरह से राज्य सरकार पिछले तीन सालों से हमारी आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों को परेशान कर रही है। मुख्यमंत्री बार-बार मिलने से इनकार कर रहे हैं। कौर ने कहा कि राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी वर्करों को मोबाइल फोन देने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक मोबाइल फोन नहीं दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने फिर मीटिंग रद्द कर दी है। अगर जल्द ही मीटिंग दोबारा नहीं की गई तो यूनियन उग्र संघर्ष करेगी।

## देश-विदेश

# राजस्थान-यूपी में पहुंचा मानसून

## 13 राज्यों में बारिश का अलर्ट, केदारनाथ मार्ग पर 2 की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राजस्थान और उत्तर प्रदेश में बुधवार को मानसून की एंट्री हो गई। राजस्थान के बाड़मेर, जोधपुर, जयपुर समेत 13 जिलों में मानसून ने प्रवेश किया है। इस बार मानसून तय समय से 7 दिन पहले आया है। वहीं, यूपी के ललितपुर और सोनभद्र के रेणुकूट और चोपन में मानसून एक्टिव हो गया है। अगले 2 से 3 दिनों में पूरे यूपी को मानसून कवर कर लेगा। चार साल बाद मानसून ने अपने तय समय 18 जून को एंट्री ली है।

वहीं, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बुधवार सुबह तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन लोग घायल हैं।

घायलों को कंडी के माध्यम से गौरीकुंड भेजा गया है। उधर, गुजरात में भी मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार से हो रही भारी बारिश के कारण बोटाद जिले में बाढ़ जैसे हालात है। यहां 40 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। वहीं भावनगर में एक कार नदी में बहने से पांच लोग लापता हो गए हैं। 13 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। (अनंत ज्ञान)

### सड़क हादसे में कांग्रेस के 2 युवा नेताओं की मौत

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के नेशनल हाईवे-66 पर जेप्पिनमोगरू के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक स्थानीय नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) नेता ओमश्री और कदरी, मंगलुरु निवासी अमन राव शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार तेज रफ्तार में थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन डिवाइडर से टकरा गया। हादसे के शिकार हुए युवक दोनों मृतक युवक कांग्रेस पार्टी से जुड़े थे। हादसे में वम्शी और अशिक नामक दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और फिलहाल शहर के एक अस्पताल की आईसीयू में भर्ती हैं। वहीं, जरी नामक एक अन्य यात्री, जो कि कथित रूप से इतालवी मूल का है। उसको भी मामूली चोटें आई हैं। इस मामले में मंगलुरु साउथ ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

# सोनम ने एक ही मोबाइल नंबर पर 25 दिन में 119 बार की थी बात

## शिलॉन्ग पुलिस ने की सोनम की मां और भाई से पूछताछ

**एजेंसी, इंदौर**



ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस में नई जानकारी सामने आई है। पता चला है कि सोनम दो मोबाइल नंबरों का उपयोग करती थी। कॉल डिटेल के मुताबिक, एक नंबर पर उसकी मार्च माह के 25 दिन में 119 बार बातचीत हुई थी। कई बार लंबी बातचीत भी की गई थी। हालांकि, शिलॉन्ग पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

उधर, पुलिस की एक टीम बुधवार दोपहर करीब 1.34 बजे इंदौर में सोनम के घर पहुंची। तीन पुलिस अधिकारियों ने उसकी मां और भाई गोविंद से पूछताछ की। टीम सोनम के घर से निकल चुकी है। यही पुलिस अधिकारी कल राजा रघुवंशी के घर भी गए थे। सोनम के भाई गोविंद से ये पूछने पर कि पुलिस ने क्या बात की, उसने कहा- सोनम के व्यवहार के बारे में पूछताछ की। सूटकेस में रखा उसका सामान भी खोलकर देखा गया। इस बहुचर्चित केस में नया नाम (संजय वर्मा) सामने आने के सवाल पर गोविंद ने कहा कि इसका मुझे आइडिया नहीं है। वहीं, इस हत्याकांड में 5 आरोपियों की वीरवार को कोर्ट में पेशी होगी। 8 दिन की पुलिस रिमांड के बाद यह पेशी होगी। शिलांग की कोर्ट में सभी आरोपियों को पेश किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# देश में 24 घंटे में कोरोना से 4 की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**जनवरी माह से अब तक 113 लोगों की गई जान**

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, बीते 24 घंटों में देश में कोरोना वायरस से चार मरीजों की मौत हो गई है। वहीं, जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 113 संक्रमित लोगों की मौत हुई है। मरने वालों की संख्या सबसे ज्यादा केरल में 36 और महाराष्ट्र में 31 है। दिल्ली में भी 13 मौतें हुई हैं। देश के 32 राज्य-केंद्रशासित प्रदेशों में कोरोना के 6483 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में 1384 मामले हैं। गुजरात में 1105 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव केस हैं। मंगलवार को 163 नए केस सामने आए हैं। (अनंत ज्ञान)

# केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों को मिलेगी मान्यता : सेबी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बाजार नियामक सेबी ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) के लिए बड़ा प्रस्ताव पेश किया है। इसके तहत केवाईसी एजेंसियों को अब मान्यता एजेंसी के रूप में काम करने की अनुमति दी जा सकती है। वर्तमान में यह सुविधा केवल स्टॉक एक्सचेंज और डिपॉजिटरी की सहायक कंपनियों तक ही सीमित है। सेबी ने इस प्रस्ताव पर 8 जुलाई तक आम जनता से सुझाव मांगे हैं। परामर्श पत्र में सेबी ने कहा कि मान्यता एजेंसियों के लिए पात्रता मानदंड को विस्तारित किया जा सकता है, ताकि सभी केआरए मान्यता एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए पात्र हो। (अनंत ज्ञान)

**अब तक दो एजेंसियों को ही मिली है मान्यता**

**वर्तमान** में बाजार में सिर्फ दो मान्यता एजेंसियां काम कर रहीं हैं। सीडीएसएल वेंचर्स लिमिटेड, जो सीडीएसएल की सहायक कंपनी है। इसके अलावा एनएसडीएल डेटा मैनेजमेंट लिमिटेड, जो एनएसडीएल की एक शाखा है।

# पाकिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास विस्फोट से जाफर एक्सप्रेस की 6 बोगियां पटरी से उतरीं

## विस्फोट के बाद पुलिस ने इलाके को घेरा, कोई जानी नुकसान नहीं

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के जैकोबाबाद में रेलवे ट्रैक के पास एक विस्फोट हुआ, जिससे क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस की 6 बोगियां पटरी से उतर गईं। विस्फोट के बाद, पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारी फिलहाल विस्फोट के कारण की जांच कर रहे हैं।



पाकिस्तान में क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस की बोगियां पटरी से उतरी हुईं।


गौर रहे कि बलूच लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने मार्च, 2025 में इस ट्रेन को हाइजेक कर लिया था। साथ ही ट्रेन में सवार 450 लोगो को बंधक बना लिया गया था। पाकिस्तानी आर्मी के मुताबिक, इस पूरी ट्रेन हाईजैकिंग और रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कुल 31 लोगों की मौत हुई थी। इनमें से 23 पाकिस्तानी सेना के जवान, 3 पाकिस्तानी रेलवे के कर्मचारी और 5 मुसाफिर शामिल थे। ट्रेन को हाइजैक की घटना हुए आज 101 दिन हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## टेक्नोलॉजी

### मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट 'बाधाओं को पार कर रहा एआई' में खुलासा

# भारत बन रहा डाटा सेंटर-चिप निर्माण का प्रमुख केंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के विकसित और विकासशील देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) निवेश के प्रमुख गंतव्य (डेस्टिनेशन) बन गए हैं। इनमें भारत, सिंगापुर और मलयेशिया तेजी से डाटा केंद्र और चिप निर्माण परियोजनाओं के लिए प्रमुख गंतव्य बन रहे हैं। मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट जारी की गई है, जिसका शीर्षक 'बाधाओं को पार कर रहा एआई' है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब वैश्विक निवेश और व्यापार की रफ्तार धीमी हो रही है, तब भी एआई पर खर्च लगातार बढ़ रहा है।

इस रिपोर्ट में कहा गया, हालांकि व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हैं, फिर भी एआई की मांग इतनी ज्यादा है कि आपूर्ति कम पड़ जा रही है। इस अंतर को पाटने के लिए वैश्विक निवेशक डाटा केंद्र और सेमीकंडक्टर (चिप निर्माण) परियोजनाओं में पूंजी लगा रहे हैं।

**भारत कंपनियों के लिए आकर्षक स्थान**

**रिपोर्ट** में आगे कहा गया कि पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया के विकसित और विकासशील देश अब प्रमुख निवेश स्थल बन गए हैं। खास तौर पर भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से डाटा केंद्र और चिप निर्माण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन रहे हैं। ये बाजार कम लागत, बढ़ती मांग और तकनीकी निवेश के लिए अनुकूल नीतियां प्रदान करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और डिजिटल प्रतिभा (टैलेंट पूल) इसे डाटा केंद्र प्रदाताओं और चिप निर्माण कंपनियों के लिए आकर्षक स्थान बनाती है।

**अमेरिका की तकनीकी कंपनियां दुनियाभर में कर रहीं अपना विस्तार**

मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अमेरिका से बाहर एआई निवेश की हिस्सेदारी वहां आने वाले निवेश की तुलना में ज्यादा है, जो दिखाता है कि अमेरिकी तकनीकी (टेक) कंपनियां दुनियाभर में अपना विस्तार कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### राडुकानू का पीछा करने वाले को विंबलडन के टिकट खरीदने से रोका

**एजेंसी, लंदन।** टेनिस खिलाड़ी ऐमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी। (अनंत ज्ञान)



### शीर्ष वरीय लेवान ने कोला को हराया

**एजेंसी, मुंबई।** जॉर्जिया के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर लेवान पेंटसुलिया ने बुधवार को यहां ऑरियनप्रो मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में भावन कोला को हराया। पेंटसुलिया ने सिर्फ 33 चाल में कोला को शिकस्त देकर दबदबा बनाया। ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोस्यान ने भी प्रकाश राम के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे ने रचित गुरनानी को हराया। हेमल वर्षण और मानस गायकवाड़ की बाजी ड्रॉ रही। (अनंत ज्ञान)

### भारत पूरी तैयारी के साथ आया : रूट

**एजेंसी, लीड्स।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद आए खालीपन के बावजूद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि दौरे पर आई भारतीय टीम ने आगामी टेस्ट सीरीज के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रूट की यह राय हालांकि उनके कुछ हमवतन खिलाड़ियों के विचारों से अलग है। दोनों टीम शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेंगी। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रोहित और कोहली की अनुपस्थिति में शुभमन गिल भारतीय टीम की कमान संभालेंगे जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। रूट ने बुधवार को कहा, ''आप केवल उत्साहित हो सकते हैं। ये वे सीरीज हैं जिनके लिए आप खेलते हैं। हमारे सामने जो अवसर हैं वे शानदार हैं।'' उन्होंने कहा, ''आप जानते हैं कि एशेज आ रही है और आपसे इसके बारे में पूछा जाएगा। लोग भारत सीरीज में होने वाली घटनाओं को इससे जोड़कर देखेंगे, लेकिन आपको एक शानदार टीम के खिलाफ काम करना होगा।'' रूट ने कहा, ''आप सभी प्रारूपों में एक टीम के रूप में भारत की प्रगति को देखें और उन्होंने सभी विभागों में काम किया है- शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण, प्रतिभाशाली बल्लेबाज और एक बहुत ही मजबूत स्पिन आक्रमण।'' उन्होंने कहा, ''वे दुनिया में कहीं भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं, लेकिन घरेलू मैदान पर हमारा रिकॉर्ड शानदार है जो इस सीरीज को प्रतिस्पर्धी बनाता है। हम इस सीरीज में आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे लेकिन साथ ही उनके लिए बहुत सम्मान के साथ भी उतरेंगे।'' (अनंत ज्ञान)



### नेसलीहान का खूबसूरत अंदाज

**तुर्की।** तुर्की की वॉलीबॉल खिलाड़ी नेसलीहान डेमिर डार्नेल अपनी बेहतरीन जम्प सर्व, शक्तिशाली हमलों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। वह एक वैश्विक वॉलीबॉल स्टार बन गई।




# बुमराह ने खुद ठुकराया टेस्ट कप्तानी का ऑफर

## बोले- कप्तान नहीं बनना मेरा था फैसला, इंग्लैंड में सभी 5 टेस्ट नहीं खेल सकता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि उन्होंने खुद कप्तानी लेने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं, बुमराह ने खुद को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध बताया।

कप्तानी के सवाल पर बुमराह ने कहा कि मैंने कप्तानी के लिए बीसीसीआई और सिलेक्टर्स को मना किया था। इसमें कोई फैंसी कहानियां नहीं हैं, कोई विवाद नहीं है या कोई हेडलाइन वाला बयान नहीं है कि मुझे बर्खास्त कर दिया गया था या मेरी तरफ नहीं देखा गया। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद कई पूर्व क्रिकेटर्स ने बुमराह को कप्तान बनाने का समर्थन किया था। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर हैं। टीम को वहां 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी हैं। पहला मुकाबला 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)



**वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते लीडरशिप रोल नहीं चुना**

### मैंने बोर्ड से कहा, मुझे न बनाएं कप्तान : बुमराह

**बुमराह** ने बताया, रोहित-कोहली के रिटायर होने से पहले मैंने बोर्ड से बात की थी। मैंने अपने वर्कलोड की जानकारी दी। पीठ दर्द के ट्रीटमेंट के बाद मैंने सर्जन से भी बात की। काम का बोझ था इसलिए हम इस नतीजे पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा और स्मार्ट बनना होगा। जिसके बाद मैंने बोर्ड से कहा कि मैं नहीं चाहता कि मुझे नेतृत्व के तौर पर देखा जाए।

### इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट खेलेंगे बुमराह

बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए खुद को उपलब्ध बताया। उन्होंने अपनी फिटनेस पर बात करते हुए कहा कि मैं कम से कम तीन मैच खेलना चाहता हूं। फिलहाल, यही प्लान है। अभी कोई नंबर तय नहीं किया है। लेकिन, पहले मैच के लिए तैयार हूं। हमें आगे देखना होगा कि चीजें कैसे गुजरती हैं।

### टीम इंडिया के साथ रुकेंगे हर्षित राणा

**भारतीय** तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड में टीम इंडिया के साथ टेस्ट सीरीज के लिए रुकने के लिए कहा गया है। वह पहले इंडिया-ए का हिस्सा थे और इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 2 मैचों में खेले थे। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय टेस्ट टीम के खिलाफ एक इन्ट्रा-स्क्वॉड मैच भी खेला था।



# रवि शास्त्री ने चुनी इंग्लैंड टेस्ट के लिए भारतीय प्लेइंग-11

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए अपनी पसंदीदा भारतीय प्लेइंग-11 बताई है। उन्होंने मंगलवार को आईसीसी रिव्यू में कहा है कि साई सुदर्शन को डेब्यू करवाना चाहिए और उन्होंने पहले मैच में साई को तीसरे नंबर पर उतारने का भी सुझाव दिया है। वहीं, उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाने वाले करुण नायर को पांचवें नंबर पर खिलाने की वकालत की है।

पांच मैच की सीरीज का पहला मैच शुक्रवार से शुरू होगा जो भारतीय कप्तान के रूप में शुभमन गिल की पहली सीरीज होगी। शास्त्री ने सलामी जोड़ी के लिए यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को चुना। उन्होंने कहा कि राहुल का अनुभव और इंग्लैंड में उनका पहले का शानदार प्रदर्शन उन्हें सलामी बल्लेबाज के लिए सही विकल्प बनाता है। नंबर तीन पर उन्होंने युवा साई सुदर्शन को मौका देने की बात कही, जो हाल में शानदार फॉर्म में हैं।

नंबर चार पर कप्तान शुभमन गिल बल्लेबाजी करें। नंबर पांच पर करुण नायर को चुना गया है, जिन्होंने हाल के दिनों में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाए हैं। शास्त्री ने नायर की मेहनत की तारीफ की और कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत से टीम में जगह बनाई है। नंबर छह पर विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत होंगे। (अनंत ज्ञान)

**साई सुदर्शन को डेब्यू का मौका जायसवाल-राहुल की ओपनिंग जोड़ी**



### मुख्य स्पिनर के तौर पर जडेजा को तवज्जो

**शास्त्री** ने नंबर सात पर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को चुना, जो मुख्य स्पिनर होंगे। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पक्के हैं। उनके अनुसार तीसरे तेज गेंदबाज के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह में से किसी एक को मौका मिल सकता है, जो मौसम और पिच की स्थिति पर निर्भर करेगा। अगर मौसम बादल वाला हुआ, तो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप को प्राथमिकता मिल सकती है।ऑलराउंडर के लिए शार्दूल ठाकुर और नीतीश रेड्डी के बीच कड़ा मुकाबला है। शास्त्री ने कहा कि अगर नीतीश 12-14 ओवर डाल सकते हैं, तो उनकी बल्लेबाजी के कारण उन्हें मौका मिल सकता है। यह टीम युवा और अनुभव का मिश्रण है, जो इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में भारत के लिए मजबूत प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी।



### रेडिट ने सचिन तेंदुलकर को बनाया ब्रांड दूत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेल प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है, ''आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे।'' रेडिट के साथ अपने जुड़ाव पर तेंदुलकर ने कहा, ''मेरे लिए क्रिकेट हमेशा मैदान पर और बाहर लोगों के साथ संबंध के बारे में रहा है। रेडिट को जानने के बाद जो बात सबसे अलग है, वह है इसका जुनून जो इसकी कम्यूनिटी को एक साथ लाता है।'' (अनंत ज्ञान)



# इंग्लैंड को भारत के खिलाफ चाहिए अच्छी पिच : रॉबिन्सन

**एजेंसी, लीड्स**

लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

लीड्स आमतौर पर किसी सीरीज के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है। रॉबिन्सन ने कहा, ''वह (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वह यही चाहते हैं।'' रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच न केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की शैली) के अनुकूल होगी, बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी।



रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में लोकेश राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे, जिन्हें एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा। बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था।

भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची, जबकि इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया, जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने पिछले दो दशक में यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है।

कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उपकप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे।

टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी जबकि बाकी दो टीम तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में खेलेंगी। जर्मनी रवाना होने से पहले कप्तान हुंडल ने इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप से पहले इस टूर्नामेंट के महत्व पर जोर दिया। विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा।

हॉकी इंडिया की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में हुंडल ने कहा, ''एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 से पहले यह टूर्नामेंट हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अब जब कुछ ही महीने बचे हैं तो यह हमारे लिए अपनी ताकत का आकलन करने, नए संयोजन आजमाने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने का एक बेहतरीन अवसर है।'' उन्होंने कहा, ''हम कुछ बेहतरीन हॉकी टीमों का सामना करेंगे जिससे हमें अपनी ताकत परखने और अलग-अलग रणनीतियां आजमाने का मौका मिलेगा।'' आमिर अली ने कहा, ''इससे हमें नवंबर में होने वाले विश्व कप से पहले किसी भी कमी को पहचानने और उसे दूर करने में मदद मिलेगी।'' (अनंत ज्ञान)

### विंबलडन चैंपियन क्वितोवा को मिला वाइल्ड कार्ड

**एजेंसी, लंदन।** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं और उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेली थीं। पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### कोहली के खिलाफ नहीं खेलना निराशाजनक : स्टोक्स

**एजेंसी, लीड्स**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टेस्ट सीरीज में विराट कोहली जैसे प्रतिद्वंद्वी का सामना नहीं करना निराशाजनक है और उन्हें लगता है कि इस दिग्गज स्टार की अनुपस्थिति से भारतीय टीम में उनके जुझारूपन और जीतने की इच्छा की कमी दिखेगी।

कोहली ने पिछले महीने खेल के पारंपरिक प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। इससे बीसीसीआई ने शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम को ब्रिटेन भेजा है। इंग्लैंड क्रिकेट द्वारा जारी एक वीडियो में स्टोक्स ने बताया कि कोहली के संन्यास से भारत को किस चीज की कमी खलेगी। स्टोक्स ने कहा, ''भारत को मुकाबलों के दौरान उनके जुझारूपन, उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की उनकी इच्छा की कमी खलेगी।''

उन्होंने कहा, ''उन्होंने 18 नंबर की जर्सी को अपना नंबर बना लिया है। किसी भारतीय टी शर्ट के पीछे 18 नंबर नहीं देखना थोड़ा अजीब होगा। वह लंबे समय से उनके लिए शानदार रहे हैं।'' कोहली अपने शानदार करियर के दौरान टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े राजदूत में से एक रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



# कंगना बनीं विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड दूत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अभिनेत्री सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्तूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। 'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं।

कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है- यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है।'' पीसीआई के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेंद्र झझारिया ने कहा, ''भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है।'' झझारिया दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी भी हैं। यह प्रमुख प्रतियोगिता 26 सितंबर से पांच अक्तूबर तक आयोजित की जाएगी और इसमें 100 से अधिक देशों के एथलीट भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)



### इंग्लैंड में रोहित से अधिक कोहली की कमी खलेगी : बॉयकॉट

**एजेंसी, लीड्स।** पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में भारत को रोहित शर्मा से अधिक विराट कोहली की कमी खलेगी और दोनों के हाल ही में इस प्रारूप से संन्यास लेने से शुक्रवार से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में मेहमान टीम की संभावनाओं को 'नुकसान' पहुंचेगा। भारत और इंग्लैंड अगले छह हफ्तों मे पांच टेस्ट खेलेंगे और नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। बॉयकॉट ने कहा, ''विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास लेने से भारत की इंग्लैंड को हराने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा। कोहली सबसे बड़ा नुकसान हैं, क्योंकि वह तीनों प्रारूप में उनके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं।'' उन्होंने कहा ''भारत द्वारा बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेले जाने और बहुत कम आराम किए जाने के कारण, इसका बहुत असर पड़ता है और दिमाग थक जाता है।'' (अनंत ज्ञान)

# इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मोंटेरे ने बराबरी पर रोका



**एजेंसी, पासाडेना ( अमेरिका )**

इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मंगलवार रात मोंटेरे ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। चैंपियंस लीग फाइनल में हार के बाद इटली की टीम इंटर मिलान का यह पहला मैच था। स्पेन के अनुभवी स्टार सर्जियो रामोस ने पहले हाफ में हेडर से शानदार गोल दागकर मोंटेरे को बढ़त दिलाई।

लॉटेरो मार्टिनेज ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 1-1 किया लेकिन इटली की टीम लगभग 62 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखने के बावजूद दूसरा गोल नहीं कर सकी। (अनंत ज्ञान)

**प्रदर्शन** पिछले दो दशक में एंडरसन निरंतर भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का रहे हैं हिस्सा

# एंडरसन ने घातक गेंदबाजी से 16 साल तक भारतीय बल्लेबाज किए परेशान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शुभमन गिल की अगुवाई वाले अपेक्षाकृत अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी, क्योंकि पिछले दो दशक में यह तेज गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है। भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली सीरीज से लेकर 2024 में आखिरी सीरीज तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया।

वर्ष 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं। कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं, जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरुआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं।



अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं, तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है, लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है। दोनों टीम के बीच टेस्ट सीरीज की ट्रॉफी को उनका और सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है। एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है। एंडरसन न केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे, बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा। एंडरसन 2014 की सीरीज में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे, जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर 'दबदबा' बनाया।

शुक्रवार को लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल की संभावित भारतीय सलामी जोड़ी के सामने एक चुनौती कम होगी कि उन्हें नई ड्यूक्स गेंद के साथ एंडरसन गेंदबाजी नहीं कर रहे होंगे। भारत के खिलाफ 39 टेस्ट मैच में एंडरसन ने 25.47 की शानदार औसत से 149 विकेट चटकाए। भारत में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन एंडरसन ने अपने कौशल की बदौलत विपरीत परिस्थितियों में 17 टेस्ट मैच में 44 विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

### एंडरसन को मैदान से बाहर देखकर भारत के बल्लेबाज खुश : निक

**इंग्लैंड** के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने कहा कि कोहली और रोहित शर्मा की गैर-मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी क्रम एंडरसन को मैदान से बाहर देखकर खुश होगा, लेकिन इंग्लैंड ने भविष्य को देखते हुए सही फैसला किया। नाइट ने कहा, ''इंग्लैंड अब आगे बढ़ेगा और उनके पास बहुत सारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, बहुत सारी क्षमताएं हैं, लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि भारत अब उनके संन्यास से खुश होगा।''

